सेंसेक्स 77,378.91 ● निफ्टी 23,440.00 ● डॉलर 86.20 ₹ ● सोना 78,700 ₹ ● चांदी 101,000 ₹

पेज 06 दिशा बदलिए, दशा स्वयं बदल जाएगी! पेज 08 बीपीएससी छात्रों के समर्थन में...

पारा आपडेट
मैक्सिमम 25.00 | मिनीमम 10.00
सूर्यास्त (आज) ▸ 17.22
सूर्योदय (कल) ▸ 06.32

बोकारो से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# झारखंड दर्शन

हर खबर पर नजर

पौष शुक्ल पक्ष पूर्णिमा संवत 2082

पेज 12



RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, सोमवार 13 जनवरी 2025 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 3/- रुपया ● वर्ष : 07 अंक : 191 | Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### लॉस एंजिल्स में लगी जंगल की आग से मरने वालों की संख्या बढ़कर 16 हुई

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के सबसे अधिक आबादी वाले लॉस एंजिल्स काउंटी में जंगल की आग को फैलने से रोकने के लिए हजारों अग्निशामक जुटे है इस बीच आग से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। काउंटी ऑफ लॉस एंजिल्स मेडिकल एग्जामिनर द्वारा प्रकाशित मौतों की सूची के अनुसार, शनिवार शाम तक जंगल की आग से मरने वालों की संख्या बढ़कर 16 हो गई। मृतकों में से ग्यारह ईटन की आग से संबंधित थे और पांच पालिसैड्स क्षेत्र में आग से झुलसे थे। मंगलवार शाम को लगी इस घातक ईटन आग से अल्टाडेना और पासाडेना के पास 14,117 एकड़ क्षेत्र बरबाद हो गया।

### मलेशिया में प्रवासी श्रमिक की मौत, शव मंगवाने की मांग

**गिरिडीह।** जिले के डुमरी थाना क्षेत्र के एक प्रवासी मजदूर उमेश सिंह (35) की मलेशिया में मौत हो गई। रविवार को सुबह में उसकी मौत होने की सूचना परिजनों को मिली। बताया गया कि शनिवार रात 10 बजे ही युवक ने वीडियो कॉल से अपने परिजनों से बात की थी। परिजनों को क्या पता था कि सात घंटे बाद उन्हें उसकी मौत की खबर मिलेगी। मृतक डुमरी थाना क्षेत्र के चीनो निवासी चेतलाल सिंह के पुत्र हैं। वह मलेशिया में एफजीभी कंपनी में काम करता था।उसकी मौत कैसे हुई इसकी जानकारी परिजनों को नहीं मिली है। मृतक परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। उमेश सिंह अपने पीछे पत्नी और बेटी किरन कुमारी (17), पूजा कुमारी(13)और बेटा पप्पू कुमार (15) को छोड़ गया है। घटना की खबर मिलते ही परिवार में मातम पसर गया है और गांव में भी शोक की लहर है। इस बीच प्रवासी श्रमिकों के हितों को लेकर अनवरत काम करने वाले सिकन्दर अली ने सरकार से शव मंगवाने की मांग की है।

### ठाणे में बहुमंजिला इमारत में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे में एक बहुमंजिला इमारत में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। ठाणे नगर निगम के मुख्य अग्निशमन अधिकारी यासीन तडवी के अनुसार, आग इमारत में रखे धोने वाले कपड़ों में लगी जिसके बाद कम से कम 250 निवासियों को इमारत से निकाला गया और आग में कोई हताहत नहीं हुआ। आग श्रीनगर के वागले एस्टेट इलाके में स्थित इमारत के भूतल पर एक कपड़े धोने की दुकान में सुबह करीब पांच बजे आग लग गई। आग लगने के कारण का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

### बस खाई में गिरी, चार की मौत

**देहरादून/पौड़ी।** जनपद पौड़ी के श्रीनगर क्षेत्रांतर्गत दहल चौरी के पास मिनी बस अनियंत्रित होकर खाई में गिरने से चार लोगों की मृत्यु हो गई और कई लोग घायल हुए हैं। मुख्यमंत्री ने घटना पर दुःख जताते हुए कहा कि स्थानीय प्रशासन से राहत एवं बचाव कार्य जारी है। जानकारी के अनुसार, हादसा दोपहर करीब तीन बजे हुआ। मिनी बस संख्या-(यूके/12 पीबी -0177) पौड़ी बस अड्डे से केंद्रीय विद्यालय होते हुए श्रीनगर के लिए निकली थी। तहसील पौड़ी के कोठार बैंड के पास बस खाई में जा गिरी। बताया जा रहा है कि बस में लगभग 22 लोग सवार थे, जिसमें से चार यात्रियों की मौत हो गई। जबकि अन्य यात्री घायल हुए हैं।


स्पाडेक्स परीक्षण अभियान मील का पत्थर साबित होने के बेहद करीब पहुंचा

# रोमांचक 'हैंडशेक' लिए हम सिर्फ 50 फीट की दूरी पर हैं : इसरो

एजेंसी

**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट (स्पाडेक्स) मिशन एक सफल परीक्षण डॉकिंग प्रयास के साथ ही एक महत्वपूर्ण मील के पत्थर साबित होने के करीब पहुंच गया है। ऑपरेशन केवल 3 मीटर तक आगे बढ़ने से पहले 15 मीटर की दूरी तक आगे बढ़ा।

अभियान की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस महत्वपूर्ण चरण के दौरान सभी निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए अंतरिक्ष यान को बाद में एक सुरक्षित दूरी पर वापस ले जाया गया।




इसरो वैज्ञानिक अब मिशन के अगले चरणों का चार्ट बनाने के लिए परीक्षण के दौरान एकत्र किए गए डेटा का विश्लेषण कर रहे हैं। वास्तविक डॉकिंग प्रक्रिया निष्कर्षों के व्यापक मूल्यांकन के बाद शुरू होगी।

इसरो ने रविवार को एक 'एक्स' पोस्ट में कहा, '15 मीटर तक और उससे आगे 3 मीटर तक पहुंचने का परीक्षण प्रयास किया गया है। अंतरिक्ष यान को सुरक्षित दूरी पर वापस ले जाया जा रहा है। डेटा का और विश्लेषण करने के बाद डॉकिंग प्रक्रिया की जाएगी। अपडेट के लिए बने रहें।'

इससे पहले इसरो ने मिशन की प्रगति पर एक रोमांचक अपडेट प्रदान किया था, जिसमें एक ऐतिहासिक डॉकिंग घटना के प्रति इसके दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला गया था। अंतरिक्ष एजेंसी ने एक बयान में कहा, '15 मीटर की दूरी पर हम एक-दूसरे को और अधिक स्पष्ट रूप से देखते हैं, रोमांचक 'हैंडशेक' लिए हम सिर्फ 50 फीट की दूरी पर हैं।'

स्पाडेक्स मिशन भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का प्रतिनिधित्व करता है, जिसका लक्ष्य कक्षा में स्वायत्त डॉकिंग क्षमताओं को प्रदर्शित करना है। यह तकनीक मानव अंतरिक्ष उड़ान और गहरे अंतरिक्ष अन्वेषण सहित भविष्य के अंतरिक्ष प्रयासों के लिए महत्वपूर्ण है।

### मिशन की बारीकी से की जा रही निगरानी

इसरो के मिशन नियंत्रण द्वारा मिशन की बारीकी से निगरानी की जा रही है, वैज्ञानिकों ने सफल डॉकिंग प्राप्त करने के बारे में आशावाद व्यक्त किया है। इसरो के एक अधिकारी ने टिप्पणी की, 'यह उपलब्धि भारत की इंजीनियरिंग विशेषज्ञता और नवाचार को प्रदर्शित करती है, जो अत्याधुनिक अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में नेतृत्व करने की हमारी क्षमता को रेखांकित करती है।' जैसे-जैसे मिशन डॉकिंग अनुक्रम के अंतिम चरण में आगे बढ़ेगा, आगे के अपडेट की उम्मीद है।

'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2025' : भारत मंडपम में प्रधानमंत्री की हुंकार

# दुनिया की कोई ताकत हमें विकसित देश बनने से नहीं रोक पाएगी : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को भारत मंडपम में आयोजित 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2025' कार्यक्रम में पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि उनका देश के युवाओं के साथ गहरा मित्रवत संबंध है। पीएम मोदी ने भरोसा जताया कि भारत की युवा शक्ति का सामर्थ्य ही देश को शीघ्र ही एक विकसित राष्ट्र बना देगा।

भारत युवा नेता संवाद कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'आज जब मैं आपसे बात कर रहा हूं, तो मैं विकसित भारत की एक स्पष्ट तस्वीर देख रहा हूं। हम क्या चाहते हैं इस विकसित भारत में? हम चाहते हैं एक ऐसा देश, जहां अच्छे रोजगार और उच्च शिक्षा के असीमित अवसर हों। क्या हम सिर्फ बातें करके ही विकसित हो सकते हैं? नहीं! जब हमारे सभी निर्णयों का मूल उद्देश्य 'विकसित भारत' होगा और हमारी दिशा उसी ओर होगी, तो कोई भी ताकत हमें इस लक्ष्य को प्राप्त करने से रोक नहीं पाएगी।'



भारत मंडपम में अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा, 'आज कई क्षेत्रों में भारत अपने निर्धारित लक्ष्यों को तय समय से पहले पूरा कर रहा है। याद कीजिए, जब कोरोना महामारी के दौरान पूरी दुनिया वैक्सीन के लिए चिंतित थी, और कहा जा रहा था कि वैक्सीन बनने में सालों का समय लगेगा, तब भारत के वैज्ञानिकों ने समय से पहले ही वैक्सीन तैयार करके दिखा दी।'

### अमेरिका के संकट से उबरने की प्रेरणा


पीएम मोदी ने युवाओं से कहा, '1930 के दशक में अमेरिका भीषण आर्थिक संकट में था, लेकिन वहां की जनता ने तय किया कि उन्हें इस संकट से बाहर निकलना है और तेज गति से आगे बढ़ना है। उन्होंने उसी दिशा में कदम उठाया, और न सिर्फ उस संकट से बाहर निकले, बल्कि विकास की गति को भी कई गुना तेज कर दिया।'

### 'भारत बनेगा दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था'

पीएम मोदी ने कहा, 'मैंने लाल किले से एक लाख नए युवाओं को राजनीति में शामिल करने की बात की थी। राजनीति एक अद्भुत मंच हो सकता है अपने विचारों को लागू करने के लिए, और मुझे यकीन है कि आप में से बहुत से युवा इस दिशा में कदम बढ़ाएंगे।' उन्होंने आगे कहा, 'विकसित भारत की यात्रा में हर दिन हमें नए लक्ष्य तय करने हैं और उन्हें हासिल करना है। वो दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। पिछले दस वर्षों में भारत ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। जिस गति से हम आगे बढ़ रहे हैं, वह दिन भी दूर नहीं जब देश पूरी तरह से गरीबी से मुक्त होगा।'

# बीजापुर मुठभेड़ में दो महिला सहित पांच नक्सली मारे गये

● नक्सलियों के पास से हथियार और विस्फोटक बरामद



एजेंसी

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों के खिलाफ चल रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान रविवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो महिला सहित पांच नक्सलियों को ढेर कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को बीजापुर के नेशनल पार्क क्षेत्र के जंगलों में नक्सलियों के होने के बारे में पता चला था। सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबल टीम को सर्च ऑपरेशन के लिए भेजा गया।

सर्च ऑपरेशन के दौरान आज सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों की बीच मुठभेड़ हो गई जिसमें दो महिला समेत पांच वर्दीधारी नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं। सुरक्षाबल का कहना है कि नक्सलियों की पहचान की जा रही है। मारे गये नक्सलियों के शव के साथ मुठभेड़ स्थल से एक एसएलआर, एक 12 बोर की बंदूक, दो सिगल शॉट रायफल, एक बीजीएल लांचर, एक देशी गन भरमार व विस्फोटक पदार्थ, नक्सली साहित्य व नक्सल सामाग्री बरामद हुई है।

### जवानों के अदम्य साहस को नमन : साय

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक्स पर ट्वीट में कहा कि बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ आज हुई मुठभेड़ में दो महिला समेत अब तक पांच नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। जवानों के अदम्य साहस को नमन करता हूं। नक्सलवाद के पूर्णतः खात्मे के लिए हमारे अभियान को मिल रही यह सफलता, मार्च 2026 तक देश-प्रदेश से नक्सलवाद को समाप्त करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी के संकल्प को मजबूती प्रदान करती है। बस्तर संभाग में शांति एवं खुशहाली की स्थापना हेतु डबल इंजन की सरकार दृढ़ संकल्पित है।

## 25 लाख के इनामी नक्सली की पत्नी राजे कांगे गिरफ्तार

एजेंसी

**कांकेर।** जिले के कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत कौड़ोसाल्हेभाट गांव से 25 लाख का इनामी नक्सली प्रभाकर की पत्नी राजे कांगे को पुलिस ने आज रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। रावघाट एरिया कमेटी की प्रभारी आठ लाख रुपये की इनामी राजे कांगे डीवीसीएम रैंक की नक्सली है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नक्सली राजे कांगे एक ग्रामीण के घर में छुपी थी। शरण देने वाले नक्सल समर्थक श्यामनाथ उसेंडी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नक्सलियों का शीर्ष नेता प्रभाकर पिछले महीने ही गिरफ्तार किया गया था, अब पुलिस ने उसकी पत्नी को भी गिरफ्तार कर लिया है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने इसकी पुष्टि की है।

उल्लेखनीय है कि कांकेर जिले के अंतागढ़ से पुलिस ने नक्सल संगठन में विगत 40 वर्षों से सक्रिय रहकर कार्य कर रहे शीर्ष नक्सली प्रभाकर उर्फ बालमूरी नारायण राव को 23 दिसंबर 2024 को गिरफ्तार कर चुकी है। वह उत्तर सब जोनल ब्यूरो में रसद आपूर्ति एवं मोबाइल पालेटिकल स्कूल का प्रभारी रहा।

## स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया नमन, दी श्रद्धांजलि

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विवेकानंद की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन किया है। राज्यपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर रविवार को लिखा है कि सभी देशवासियों को राष्ट्रीय युवा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। साथ ही कहा है कि स्वामी विवेकानंद के आदर्श हमें सिखाते हैं कि हर युवा के भीतर बदलाव लाने की शक्ति है। आइए, इस दिन पर हम अपनी जिम्मेदारियों को समझें और एक समृद्ध, शक्तिशाली और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लें।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर रविवार को लिखा है कि देश की समृद्ध संस्कृति को विश्व पटल पर ले जाने वाले, युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शत-शत नमन। आज राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सभी को बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।

दिल्ली विस चुनाव : कांग्रेस ने युवा उड़ान योजना की घोषणा की

# दिल्ली के युवाओं को एक साल की अप्रेंटिसशिप और हर माह 8500 रु.

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सत्ता में आने पर दिल्ली के बेरोजगार युवाओं को एक साल अप्रेंटिसशिप और साथ में साढ़े 8 हजार रुपये देने का वादा किया है।

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने रविवार को पार्टी की ओर से युवा उड़ान योजना की घोषणा की। उन्होंने कहा कि कोशिश यह रहेगी कि युवा वहीं रोजगार भी पा



जाएं। पायलट ने कहा कि रोजगार का निर्माण करना किसी भी सरकार की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए, लेकिन केंद्र और राज्य की दोनों सरकारों ने बेरोजगारों को नजरअंदाज किया। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली में राजनीति सिर्फ आरोप-प्रत्यारोप की रह गई है, लेकिन अब लोग बेहतर विकल्प चाहते हैं। हमें उम्मीद है कि आने वाले चुनावों में जनता कांग्रेस को चुनेगी और सरकार बनाएगी।

**युवा दिवस** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने युवा दिवस पर किया स्वामी विवेकानंद की 3-डी रंगोली का अनावरण

# भोपाल में बनी दुनिया की सबसे बड़ी थ्री-डी रंगोली

एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में दुनिया की सबसे बड़ी थ्री-डी रंगोली बनाई गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को युवा दिवस के उपलक्ष्य में स्वामी विवेकानंद पर बनी इस थ्री-डी रंगोली का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान स्वयं रंगोली में रंग भरे। यह थ्री-डी रंगोली भोपाल के शौर्य स्मारक में 18 हजार स्क्वेयर फीट में बनाई गई है। इसमें स्वामी विवेकानंद, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की तस्वीरें उकेरी गई हैं। इस रंगोली में संवाद, सामर्थ्य और समृद्धि का संदेश दिया गया। विश्व

● गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज



की सबसे बड़ी यह थ्री-डी रंगोली गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गई है।

रंगोली के अनावरण अवसर पर मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की जयंती पर मध्य प्रदेश ने इतिहास रचा है। प्रदेश की बेटी शिखा शर्मा द्वारा बनाई गई अद्भुत कौशल और अतुलनीय कला से समृद्ध यह रंगोली भारतीय संस्कृति एवं सृजनात्मकता का जीवंत प्रतीक है, जो प्रदेश के प्रत्येक युवा को मध्य प्रदेश का नाम गर्व से ऊंचा करने की निरंतर प्रेरणा देता रहेगी। इससे पहले मुख्यमंत्री यादव शौर्य स्मारक में माँ भारती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर बेटी शिखा शर्मा द्वारा स्वामी विवेकानंद पर आधारित 18,000 स्क्वायर फीट में बनी विश्व की सबसे बड़ी थ्री-डी रंगोली का अवलोकन किया। साथ ही रंगोली का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होने पर बेटी शिखा एवं उनकी टीम के अन्य कलाकारों को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकमनाएं दीं। इस अवसर पर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, विधायक भगवान दास सबनानी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### बनाने में 48 घंटे से अधिक का समय लगा



स्वामी विवेकानंद की इस थ्री-डी रंगोली को बनाने में 48 घंटे से अधिक का समय लगा है। रंगोली को इंदौर की जानी-मानी कलाकार शिखा शर्मा जोशी और उनकी टीम ने तैयार की है। शिखा शर्मा देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर की ब्रांड एंबेसेडर भी हैं। उन्होंने इस रंगोली में स्वामी विवेकानंद, प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री यादव की तस्वीरें भी उकेरी हैं। इसमें संवाद, सामर्थ्य और समृद्धि का संदेश दिया गया है। इस रंगोली का आकार 225 फुट 80 फुट है। इस रंगोली को बनाने के लिए चार हजार किलो रंगों का इस्तेमाल हुआ है। शिखा ने अपनी रंगोली कला से न सिर्फ मध्य प्रदेश, बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। शिखा दसवीं क्लास से बच्चों को कला सिखा रही हैं। वे विश्व के करीब 70 हजार बच्चों को कला सिखा चुकी हैं। उन्हें रंगोली क्वीन के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कई अवॉर्ड भी जीते हैं।

## केजरीवाल सिर्फ वादा करते हैं, बाद में भूल जाते हैं : हरदीप पुरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर दिल्ली की जनता से झूठे वादे करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वे केवल वादे करते हैं और बाद में इन्हें भूल जाते हैं।



भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय में रविवार को पत्रकार वार्ता में हरदीप पुरी ने कहा कि 2020 में चुनाव से पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दिल्ली की जनता से 10 वादे किए थे। लेकिन वह इन वादों को पूरा करने में पूरी तरह से नाकाम रहे। उन्होंने कहा कि 2020 के दिल्ली चुनाव के दौरान अरविंद केजरीवाल ने 24 घंटे मुफ्त बिजली आपूर्ति, दिल्ली को हाईटेंशन बिजली के तारों से मुक्ति, सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा, सरकारी स्कूल, 500 किलोमीटर से अधिक मेट्रो नेटवर्क, महिलाओं और छात्रों के लिए मुफ्त बसें, वायु प्रदूषण में कमी और यमुना नदी की सफाई सहित 10 गारंटी दी थी। वे केवल इस तरह के बयान देते हैं और उनसे इस बारे में सवाल पूछे जाने पर ध्यान भटकाने की कोशिश करते हैं।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, सोमवार 13 जनवरी 2025



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद के चित्र व प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रविवार को राज भवन में युगपुरुष स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के आदर्श और विचार सभी के लिए सदैव प्रेरणादायी हैं। इसके अलावा राजभवन स्थित मुर्ति गार्डेन स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया।

### आज ओटीसी मैदान में नमो पतंग उत्सव

**रांची।** श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति, रांची के सानिध्य में आज सोमवार को प्रातः आठ बजे से रातू रोड ओटीसी मैदान में नमो पतंग उत्सव का आयोजन होगा। कार्यक्रम की शुरुआत रक्षा राज्य मंत्री व रांची के सांसद संजय सेठ के द्वारा नमो पतंग उत्सव की शुरूआत की जाएगी। हिंदू भारतीय संस्कृति में आने वाली पीढ़ियों को जागृत करने के लिए ,हिंदू धर्म के संग हमारी भारतीय संस्कृति का पूर्ण निर्वाह करते हुए आज भी पतंग उत्सव ,मकर संक्रांति, लोहड़ी ,टुसू सहित अन्य त्योहारो को बड़े ही धूमधाम से समिति मनाते आ रही हैं। समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया नमो पतंग उत्सव प्रातः 8:30 बजे निश्चित समय पर भक्ति मय रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के संग पतंग उत्सव प्रारंभ होगा। जिसके अंतर्गत समिति द्वारा लोगो के बीच नमो पतंग का भी वितरण करेगी साथ ही जरूरतमंद ब्यक्तियो के बीच कंबल वितरण किया जाएगा। आयोजन में शामिल सभी लोगों के लिए खिचड़ी के महाभोग सहित दही, चुड़ा, गुड़ का भी वितरण किया जाएगा।

### श्री श्याम मित्र मंडल की साधारण सभा संपन्न

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल की साधारण सभा स्थानिय हरमु रोड़ स्थित श्री श्याम मंदिर के मंडल सभागार में संपन्न हुई। संस्था के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। इसके बाद संस्था के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने गत साधारण सभा 30 अगस्त 2023 की कार्यवाही पढ़कर सुनाया, जिसे सर्वसम्मति से पारीत किया गया। महामंत्री श्री नारसरिया ने संस्था द्वारा किये जा रहे विभिन्न गतिविधियों व सेवा कार्यो आदि की जानकारी दी गई। वित्त वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24 के आय व्यय लिखित व्यौरा संस्था के कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया ने प्रस्तुत किया जिसे सर्वसम्मति से व्यय व्यौरा को अनुमोदित किया गया। वहीं सर्वसम्मति से पुनः संजय अग्रवाल को मंनोनित किया गया। सभा मे उपस्थित कई गनमान्य सदस्यों ने सुझाव व प्रस्ताव दिया, जिसमें मुख्य रूप से चुनाव पदाधिकारी की नियुक्ति एवं तदोउपरांत दिशा निर्देशन में चुनाव संपन्न हो। काफी वाद विवाद के पश्चात संस्था अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने ज्यदातर सदस्यों की सुझाव व विचार को सुनते हुए अध्यक्ष के आदेश देते हुए कहा कि मंडल का चुनाव संस्था के संवैधानिक अधिकार के तहत ही होगा,आज की साधारण सभा समाप्त की घोषणा कर सभा समाप्त किया।अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, पूर्व राज्यसभा सदस्य अजय मारू, राजकुमार केडिया, उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, मंत्री श्याम सुंदर शर्मा, कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया, राजेश कटारुका, राजीव रंजन मित्तल, स्नेह पोद्दार, गोपाल मुरारका अशोक लाडिया, संजय सराफ मनोज बजाज कविता मित्तल रमा सरावगी अन्नपूर्णा सरावगी मनोज चौधरी ओम प्रकाश छावनीका एवं अनेक सदस्य शामिल थे।

### केंद्र सरकार से स्वामी विवेकानंद जी की जीवनी को पाठ्यक्रम में जोड़ने की मांग

**रांची।** स्वामी विवेकानंद की जयंती की मौके पर झारखंड छात्र परिषद के द्वारा ज्योति पब्लिक स्कूल में मनाया गया। इस मौके पर परिषद के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा एवं वरिष्ठ समाजसेवी शंकर दुबे व अन्य अतिथियों द्वारा दिप प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हे याद किया गया। इस मौके पर श्री मिश्रा ने परिषद के सदस्यों से स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को जन जन तक पहुंचाने एवं उनके बताए मार्ग पर चलने की अपील की और केंद्र सरकार से स्वामी विवेकानंद जी की जीवनी को पाठ्यक्रम में जोड़ने की मांग की। इस मौके पर लंकेश सिंह, राजीव सिंह ,मनीष सिन्हा, राकेश सिंह, सत्येंद्र वर्मा ,ज्योति शंकर साहू , पीयूष आनंद ने परिचर्चा में अपने विचार व्यक्त किए।

### ई टिकट कालाबाजारी के आरोप में एक गिरफ्तार

**रांची।** आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर टिकट की अवैध कालाबाजारी के खिलाफ चलाए का रहे अभियान में रविवार को मिली सूचना पर सीआईबी रांची और आरपीएफ लोहरदगा इंस्पेक्टर अरविंद कुमार की संयुक्त टीम द्वारा एएसआई संदीप कुमार गुप्ता के नेतृत्व में चान्हो को सूचित कर मदरसा चौक स्थित मदनी नेट वर्ल्ड नामक दुकान पर छापेमारी की गई। दुकान में मौजूद मालिक गाजी सलाहुद्दीन से पूछताछ के बाद 30,500 कीमत की रेलवे ई टिकट के साथ एएसआई संदीप कुमार गुप्ता ने उपरोक्त ई-टिकट सहित अन्य सामग्री जब्त कर धारा 179(2) के तहत गिरफ्तार किया। बाद मे कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर आरोपी और जब्त संपत्ति को आरपीएफ पोस्ट लोहरदगा ले जाया गया।

### रांची स्टेशन में शराब के साथ एक गिरफ्तार

**रांची।** आरपीएफ फ्लाइंग टीम रांची और आरपीएफ रांची द्वारा ट्रेन नंबर 18640 एक्सप्रेस की रांची स्टेशन पर जांच की गई। जांच के दौरान एक व्यक्ति कोच नंबर र/2 में बर्थ नंबर 74 पर बैठा देखा गया, उसके पास एक नीले रंग का ट्रॉली बैग था। संदेह के आधार उसके बैग की जांच की गई। जांच के दौरान उसके ट्रॉली बैग से 8 शराब की बोतलें बरामद हुईं। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम अक्षय कुमार, उम्र 28 वर्ष, पिता का नाम अजय कुमार सिंह, निवासी गडुरा, थाना- गोरारी, जिला- रोहतास बिहार बताया। वह शराब के संबंध में बताया कि उसने यह शराब रांची से खरीदी है और गाड़ी संख्या 18640 एक्सप्रेस से बिहार ले जा रहा था।

# राष्ट्र के प्रति समर्पण, अनुशासन और सेवा भावना के प्रतीक हैं पूर्व सैनिक : राज्यपाल

संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रविवार को कहा कि पूर्व सैनिक राष्ट्र के प्रति समर्पण, अनुशासन और सेवा भावना के प्रतीक हैं। उनका योगदान समाज एवं राष्ट्र के लिए अनुकरणीय है।



राज्यपाल रांची के गुरुनानक स्कूल सभागार में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की ओर से आयोजित 'पूर्व सैनिक महासम्मेलन के समापन पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे देश के पूर्व सैनिक सीमाओं की रक्षा के प्रहरी रहे हैं और आज भी वे समाज के प्रेरणास्त्रोत और गौरव हैं। उनका अनुशासन, साहस और समर्पण हमारे लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद को बधाई देते हुए कहा कि इसने इन वीर योद्धाओं को समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए संगठित किया है।

राज्यपाल ने कहा कि सैनिकों का योगदान केवल युद्धक्षेत्र तक सीमित नहीं है। वर्ष 1965, 1971 और कारगिल युद्ध जैसी ऐतिहासिक घटनाओं के साथ-साथ प्राकृतिक आपदाओं में सहायता और दूरदराज क्षेत्रों में सामाजिक उत्थान में उनकी भूमिका अद्वितीय है। उनकी सेवाएं हर क्षेत्र में प्रेरणा और शक्ति का प्रतीक हैं। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जरिये ₹वन रैंक, वन पेंशन₹ जैसी ऐतिहासिक योजनाओं के कार्यान्वयन न केवल पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को वित्तीय स्थिरता प्रदान करती है, बल्कि सरकार की प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता को भी दशार्ती है। राज्यपाल ने कहा कि पूर्व सैनिकों के अनुशासन और नेतृत्व कौशल शिक्षा, ग्रामीण विकास, आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में कार्य समाज को समृद्ध कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों के बच्चों की शिक्षा, परिवार की सुरक्षा और रोजगार के सम्मानजनक अवसर सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। राज्यपाल ने कहा कि पूर्व सैनिक केवल अतीत के रक्षक नहीं हैं, वे हमारे वर्तमान और भविष्य के निमार्ता भी हैं। उनके सम्मान और गरिमा की रक्षा करना हमारा नैतिक कर्तव्य है, जो राष्ट्र के प्रति सच्ची सेवा का प्रमाण है।

राज्यपाल ने झारखंड में संगठन की प्रगति की प्रशंसा करते हुए कहा कि जमशेदपुर से शुरू हुई यह यात्रा राज्य के 11 जिलों में विस्तारित हो चुकी है। यह संगठन न केवल पूर्व सैनिकों के अधिकारों की रक्षा कर रहा है, बल्कि समाज के वंचित वर्गों, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता के क्षेत्र में भी सक्रिय योगदान दे रहा है। सैनिकों की वीरता के पीछे उनके परिवारों के अद्वितीय समर्थन की सराहना करते हुए राज्यपाल ने कहा कि उनके त्याग और धैर्य से पूरा समाज प्रेरणा लेता है। सैनिक परिवार कल्याण न्यास, जिसने शहीदों के परिवारों और आश्रितों की देखभाल का दायित्व उठाया है, सराहनीय है। राज्यपाल ने पूर्व सैनिकों और उनके परिवार के सदस्यों से कहा कि उनका संघर्ष और समर्पण व्यर्थ नहीं जाएगा। पूरा देश उनके साथ खड़ा है और उनके उत्थान के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे।

## स्वामी विवेकानंद का जीवन भारत माता के गौरव और सम्मान का प्रतीक : राज्यपाल

संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उनके जीवन और विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका जीवन भारत माता के गौरव और सम्मान का प्रतीक है। उनका व्यक्तित्व और उनके विचार आज भी हमारे समाज को प्रेरित करते हैं और हम सभी के लिए मार्गदर्शक हैं।



राज्यपाल रविवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर रांची के बरियातू स्थित स्वयंसेवी संस्था विकास भारती बिशुनपुर के जरिये आयोजित 'कला एवं सांस्कृतिक महोत्सव में बोल रहे थे। राज्यपाल ने सन् 1893 में शिकागो में हुए विश्व धार्मिक महासभा में स्वामी विवेकानंद के जरिये दिए गए ऐतिहासिक भाषण का उल्लेख किया, जिसने पूरी दुनिया को भारत की महान संस्कृति और मानवता के संदेश से अवगत कराया। राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद के उद्धरण 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए' काउल्लेख करते हुए कहा कि यह संदेश युवा शक्ति को प्रोत्साहित करता है।

राज्यपाल ने विकास भारती बिशुनपुर के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था पद्मश्री अशोक भगत के नेतृत्व में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर प्रयासरत है और अपने कार्यों से समाज में विशिष्ट पहचान स्थापित की है। उन्होंने विकास भारती के सदस्यों को निःस्वार्थ सेवा के मार्ग पर चलते हुए लोक-कल्याण की दिशा में और भी सक्रियता से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'स्टार्टअप इंडिया,' 'स्किल इंडिया' और 'मेक इन इंडिया' जैसी पहलों ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि 'आत्मनिर्भर भारत' का सपना तभी पूरा होगा जब हमारे युवा अपनी पूरी ऊर्जा और रचनात्मकता से देश के विकास में योगदान देंगे।

राज्यपाल ने सभी से आह्वान किया कि स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करें और विकसित भारत में अपना योगदान दें।

इस अवसर पर राज्यपाल ने संस्था द्वारा लगाए गए विभिन्न उत्पादों और प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

## स्वामी विवेकानंद के विचार का आज भी उतना ही महत्व है : सीपी सिंह

वरीय संवाददाता

**रांची।** राजधानी के स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर डोरंडा स्थित स्वामी विवकानंद चौक पर विवेकानंद महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर विधायक सी पी सिंह, धर्मेंद्र तिवारी, अन्य कई प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धर्मेंद्र तिवारी ने अपने संबोधन में स्वामी विवेकानंद के जीवन और उनके योगदान को याद करते हुए कहा, स्वामी विवेकानंद ने भारतीय समाज को अपनी ताकत पहचानने की प्रेरणा दी। उनके विचार आज भी हमारे समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। विशेषकर युवाओं के लिए उनके आदर्श बहुत महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि उन्होंने हमेशा आत्मविश्वास, मेहनत और निष्ठा की बात की। सकें। विधायक सी पी सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार केवल उस समय के लिए नहीं थे, बल्कि आज भी उनका महत्व उतना ही है। हमें उनका अनुसरण करके समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की जरूरत है। इस मौके पर स्थानीय स्कूलों के छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दीं, जिसमें स्वामी विवेकानंद की जीवनगाथा और उनके आदर्शों से संबंधित नृत्य और नाटक प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर चेंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, कुणाल अजमानी, मुनचुन राय अभय मिश्रा, कुमुद झा सहित कई अन्य लोग शामिल थे।

### आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा में मना राष्ट्रीय युवा दिवस

रांची। आरटीसी पुब्लिक स्कूल अनगड़ा मे हर्षोल्लास के साथ रविवार को स्वामी विवेकानंद जयंती मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य नरेन्द्र नाथ महतो ने इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने 39 वर्ष की अल्प आयु में ही विश्व स्तर पर भारतीय संस्कृति का प्रचार किया तथा अपनी ओजस्वी वाणी से समस्त संसार को नया मार्ग बताया। धर्म संसद में उन्होंने कहा कि भारत सारे विश्व का मार्गदर्शक रहा है लेकिन भारतीयों को अपना स्थान कायम रखने के लिए आध्यात्मिकता को अपनाना होगा। मौके पर विद्यालय के क्लर्क चंद्र शेखर कुम्हार, प्रकाश महतो ,खेलन वेदिया, मेघनाथ महतो विद्यालय के छात्र आलोक कुमार महतो , आदित्य महतो, अमन बेली, अभिषेक कुमार, आदित्य राज, क्रिश पटेल ,साजन कुमार, रोहित कुमार महतो, दीपेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## श्री राधा कृष्ण मंदिर कमेटी के अध्यक्ष बने नंद किशोर अरोड़ा, प्रवक्ता अरुण जासूजा



संवाददाता

**रांची।** श्री राधा कृष्ण मंदिर,कृष्ण नगर कॉलोनी मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों का चुनाव रविवार को सर्वसम्मति से हुआ। मुख्य चुनाव पदाधिकारी अंचल किंगर और सह चुनाव प्रभारी अनिल मुंजाल की देखरेख में हुए मंदिर कमेटी के चुनाव में सभी 21 उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए। सभी नव निर्वाचित सदस्यों को मंदिर परिसर में मुखी राधेश्याम किंगर द्वारा सामूहिक शपथ दिलाई गई एवं समाज के गणमान्य लोगों द्वारा सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को माता की चुन्नी और माला पहनाकर बधाई दी। मंदिर कमेटी के संयोजक चंद्रभान तलेजा और आयोजक रामचंद्र तलेजा ने पुरानी कमेटी को अपने अच्छे कार्यकाल के लिए धन्यवाद और नई कमेटी को बधाई भी दी।

**नई कमेटी में ये है**

नंदकिशोर अरोड़ा अध्यक्ष, चंदन सिडाना, सुनील कटारिया को सचिव, किशोरी पपनेजा उपाध्यक्ष, हरीश मनुजा कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी अरुण जसूजा, सह मीडिया प्रभारी जिम्मी अरोड़ा, विकास घई, सह कोषाध्यक्ष विनीत अरोड़ा, विजय जसूजा, सह सचिव कमल घई, के अलावा मनरेनीत सदस्य में अंचल किंगर और अनिल मुंजाल कमिटि में रखा गया है। कार्यकारिणी सदस्य में ललित किंगर, देवराज मनुजा, मनीष मुंजाल, पवन पपनेजा, पंकज गखड़, निखिल घई, गगन अरोरा,मुकेश सिडाना,रोहित तलेजा एवं नरेश खत्री को रखा गया है।

## बुड़मू से टीएसपीसी का एरिया कमांडर सुनील मुंडा और सुखदेव नगर से उग्रवादी रुपेश हुआ गिरफ्तार

- आगजनी, रंगदारी व फायरिंग सहित कई मामलों में पुलिस को थी तलाश
- 3 पिस्तौल 6 गोली मोबाइल व राउट बरामद



संवाददाता

**रांची।** जिले के पुलिस कप्तान को मिली सूचना के बाद ग्रामीण एसपी के निर्देश पर खलारी डीएसपी के नेतृत्व में की गयी कारवाई में पुलिस टीम ने वर्षो से वाटेंड टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के एरिया कमांडर सुनील मुंडा को गिरफ्ता कर कई कांडों का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इसकी गिरफ्तारी के बाद मिली जानकारी पर दस्ता के उग्रवादी रुपेश कुमार को भी उसके सुखदेव नगर थाना के मधुकम से धर दबोचा है।

दोनों गिरफततार उग्रवादियों ने पुलिस के सामने कई महत्वपूर्ण खुलासे करते हुए कई कांडों को अंजाम देने शामिल रहने की बात कही है।

इस संबंध में ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि 11 जनवरी को पुलिस को सूचना मिली थी की टीएसपीसी का एरिया कमांडर सुनील मुंडा उर्फ भरत अपने दस्ता के साथ बुड़मु थाना के चैनगढ़ा खुटेर मैदान में जमा हो कर किसी घटना की तैयारी कर रहा है। उसके बाद खलारी डीएसपी आरएन चौधरी की टीम घेराबंदी कर उक्त स्थल पर पहुंची जहां से भागते हुए एक व्यक्ति को पकड़ा गया, बाद में उसने अपना नाम सूनील मुंडा और संगठन का एरिया कमांडर बताया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने हथिार गोलियां व मोबाइ सहित रोटर बरामद किया।

ग्रामीण एसपी श्री अग्रवाल ने बताया कि पुलिस गिरफ्त में आया सुनील मुंडा ने अपने किये अपराधों की भी जानकारी देते हुए बताया कि वह अपने सबजोनल कमांडर अरविंद जी के कहने पर व्यवासायियों भट्ठा मालिकों ठेकेदारों सहित अन्य विकास कार्य करा रहे लोगों से रंगदारी वसूलने का काम करता है, रंगदारी नहीं मिलने पर तोड़फोड़ आगजनी व मारपीट करता था। उसने पुलिस को यह भी बताया कि सितंबर 24 में ठाकुमरगांव के कुर्मी टोला में बाउन्ड्रीवाल निर्माण करा रहे ठेकेदार से रंगदारी नहीं मिलने पर तोड़फोड़ किया था। मार्च में पिठोरिया में बन रहे राड़हा वाटर पार्क में भी रंगदारी नहीं मिलने पर फायरिंग किया था। वर्ष 2023 में उसने अपने सबजोनल कमांडर की इजाजत से भुरकुंडा ओपी के बड़का सियाल में सीसीएल खदान में आगजनी व गोली बारी की थी। वहीं 23 में ही पतरातु के डाड़ीडीह गोदाम में घुसकर कई वाहनों में तोड़फोड़ और वहां मौजूद मजदूरों के साथ मारपीट भी किया था। एसपी ने यह भी बताया कि एरिया कमांडर की गिरफ्तारी के बाद उसकी निशानदेही पर संगठन के सक्रिय मेंबर रुपेश कुमार को भी मधुकम से गिरफ्तार किया गया इसने भी कबूला कि वह सबजोनल कमांडर अरविंद जी के कहने पर कई उग्रवादी घटनाओं को अंजाम देने में शामिल रहा है।

## वैश्य मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल मिला रघुवर दास से, दी बधाई

रांची। रघुवर दास के धुर्वा स्थित आवास में वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल रघुवर दास से मिला और पुनः सक्रिय राजनीति में आने पर उन्हें बधाई दी और नववर्ष की शुभकामनाएं भी दी। साथ ही मोर्चा के वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार साहु दिलीप कुमार ने शॉल ओढ़ाकर श्री दास को सम्मानित किया। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष कपिल प्रसाद साहु एवं संजय साहु, संजीव कुमार साहु, दीपारानी कुंज शामिल थीं।



## रातू के कमड़े में मिनी शराब फैक्ट्री का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता

**रांची।** रातू थाने कि पुलिस गुप्त सूचना पर कारवाई करते हुए कमड़े में अवैध रुप से चलाये जा रहे मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। मामले की जानकारी देते हुए ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि पुलिस को खूफिया तंत्रों से जानकारी मिली थी की कमड़े के सूर्या नगर के एक मकान में बाहर से अवैध शराब मंगा कर उसमें मिलावट कर रि पैकिंग की जाती है और उसे दूसरे राज्यों के साथ लोकल शहरी व देहातों की दुकानों में भी सप्लाई की जाती है। उन्होंने बताया कि 11,12 की रात भी सूचना मिली की भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब की पैकिंग कर बाहर भेजने की तैयारी हो रही है। उसके बाद डीएसपी अरविंद कुमार सिन्हा के नेतृत्व में थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रामनारायण सिंह की बनी टीम पुरी तैयारी के साथ सटिक समय पर छापेमारी की और संचालक हेमराज साव को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने ने बताया कि पुलिस गिरफ्त में आया माफिया हेमराज साव मूल रुप से हजारीबाग के कटमकसांडी का रहने वाला है जो वर्तमान में रातू के कमड़े में रह कर बाहर से शराब मंगा कर उसमें मिलावट कर यहां रि पैकिंग का धंधा चला रहा था। एसपी ने बताया कि छापामारी के दौरान मौके से शराब सप्लाई में लगी चार वाहनों के साथ अलग अलग कंपनियों के कुल 150 पेटी शराब जब्त किया है।

## एबीवीपी ने विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया

संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एवीबीपी) ने स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाते हुए महानगर के विभिन्न शैक्षणिक परिसरों में रविवार को कई प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया। राम लखन सिंह महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एबीवीपी ने वर्तमान परिदृश्य में विवेकानंद के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर संगोष्ठी एवं विकसित भारत में युवाओं की भूमिका विषय पर इंस्टीट्यूट आफ लीगल स्टडीज में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य रूप से महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विष्णुचरण महतो, प्राध्यापक भारत कुमार, प्राध्यापक विजय कुमार, प्रदेश सह मंत्री ऋतुराज सहदेव उपस्थित रहे।



संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विष्णुचरण महतो ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवावस्था में ही विश्व पटल पर भारत का परचम लहराया था। उन्होंने युवावस्था का संपूर्ण कल मातृभूमि के लिए समर्पित किया था। उनका मानना था कि किसी भी राष्ट्र के वर्तमान से भविष्य निर्माण में सबसे ज्यादा योगदान उस राष्ट्र के युवाओं का होता है। स्वामी विवेकानंद की शिक्षाएं आज भी पूरी तरह से प्रासंगिक हैं। उनकी शिक्षाओं को अगर हम जीवन में उतार लें तो राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव से काम करने की ऊर्जा सभी युवाओं को मिलेगी।

एबीवीपी रांची महानगर इकाई की ओर से युवा दिवस के पूर्व संध्या पर दीपोत्सव एवं युवा दिवस के अवसर पर बड़ा तालाब स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं रांची महानगर कार्यालय में संगोष्ठी कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### मृणालिका ने कम्बल व खाद्य सामग्री बांटा



**बोकारो।** टीम मृणालिका ने सिजुआ धाम स्थित मां प्रभावती मन्दिर प्रांगण में कम्बल वितरण का वृहत कार्यक्रम किया। संस्थापक सदस्या किशु सिंह ने बताया कि इस अवसर पर काफी तादाद में ग्रामीण बच्चे, महिला-पुरुष और बुजुर्ग उपस्थित थे। सबसे पहले सभी वरीय सदस्यों ने माता जी को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। तकरीबन तीन सौ जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। सचिव सुधा पाण्डेय ने बताया कि मकर संक्रान्ति के अवसर पर उपस्थित सभी ग्रामीणों के बीच चिवड़ा, तिलकुट, लाई एवं गुड़ का वितरण किया गया। संरक्षक डॉ० ए एस गंगवार ने बोकारो वासियों को मकर संक्रान्ति की अग्रिम शुभकामनायें दी। धाम की संचालिका माता जी ने टीम मृणालिका के कार्यक्रम की काफी प्रशंसा की और सभी उपस्थित सदस्यों को अपना आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर वरीय सदस्या किरण मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष ऊषा प्रसाद, नीलम सिंह, रजनी बाला, मिलीमणि, वीणा सिंह, रीता सिंह, रीतूकला सिंह, रंजीत सिन्हा, गौरव, उपेन्द्र सिंह, अजय,अमन, कुणाल सहित काफी संख्या ग्रामीण उपस्थित थे।

### भोजपुरी परिवार का वनभोज सह वार्षिक मिलन समारोह 18 को

**बोकारो।** भोजपुरी परिवार बोकारो की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को सेक्टर दो स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण सभागार में संपन्न हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बीबी एल श्रीवास्तव ने की। बैठक में 18 जनवरी को होनेवाले वनभोज सह वार्षिक मिलन समारोह कार्यक्रम के सफलता पूर्वक संपन्न कराने के लिए विस्तृत चर्चा की गई। सफल संचालन के लिए विभिन्न उप समितियों का भी गठन किया गया। उन्होंने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद के पूर्व सांसद पीएन सिंह उपस्थित रहेंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि डायरेक्टर इंचार्ज बीएसएल बीके तिवारी, धनबाद विधायक राज सिन्हा, बेरमो विधायक कुमार जय मंगल सिंह, बोकारो विधायक श्वेता सिंह, बोकारो के पूर्व विधायक विरंची नारायण, झरिया के पूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, धनबाद लोकसभा कांग्रेस पूर्व प्रत्याशी अनुपमा सिंह भी उपस्थित रहेंगे। बैठक में संत कुमार सिंह, अवध बिहारी सिंह रामजी सिंह, विनोद सिन्हा,डीडी सिंह, अभिषेक सिंह, राजेश्वर सिंह, संतोष विधायक, लाखन सिंह बेरमो, सत्येंद तिवारी बेरमो, द्वारिका मुन्ना, रामा शंकर सिंह, सुबोध कुमार सिंह, धर्मेंद्र सिंह दुगदा, राजकुमार सिंह, मंजीत सिंह, पूर्णेन्दु सिंह, सूबेदार सिंह, पांडे कष्णा कुमार, बबलू सिंह, देवराज सिंह, सिद्धनाथ सिंह, बी एन सिंह, कुणाल सिंह, राजू सिंह आदि उपस्थित थे।

### अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का महासम्मेलन 9 फरवरी को, तैयारी को लेकर हुई बैठक

**बोकारो।** कैम्प दो स्थित महासंघ भवन रविवार को अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ, जिला बोकारो इकाई की बैठक महासंघ के वरीय पदाधिकारी बाल कृष्ण मुरारी एवं जिला मंत्री सुकुमार मरांडी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अनुसचिवीय कर्मचारी संघ,जिला बोकारो का 09 फरवरी को होने वाले महासम्मेलन सह संगठनात्मक चुनाव पर विचार विमर्श किया गया, इसके लिए स्वागत समिति का गठन किया गया। जिसमें रवि मुर्मू को स्वागत समिति का अध्यक्ष व दिग्विजय नारायण उपाध्यक्ष बनाया गया। 16 फरवरी को अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी संघ के महामंत्री द्वारा आहूत महासंघ की प्रमंडलीय महासम्मेलन को सफल बनाने को लेकर सभी प्रखंड स्तर तक बैठक करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावे 26 जनवरी को महासंघ भवन में गणतंत्र दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में दिग्विजय नारायण,प्रभाकर सिंह चौधरी, लक्ष्मी नारायण , हेमेंद्र महतो, अंगद सिंह, हिमांशु,अनिल कुमार,रमेश मिश्रा,अरुण कुमार,दशरथ कपदर, विभांशु, राजस्व उपनिरीक्षक संघ के जिला मंत्री,जनसेवक संघ के जिला मंत्री, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सहायक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में जरीडीह पश्चिमी पंचायत सचिवालय में कार्यक्रम का आयोजन

**बेरमो।** बेरमो प्रखंड के जरीडीह पश्चिमी पंचायत भवन में स्वामी विवेकानंद की जयंती समारोह के उपलक्ष्य पर रविवार को अवध बिहारी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें ग्रामीण बच्चों के बीच कक्षा नर्सरी से कक्षा अष्टम तक रंग भरो व प्रश्नोत्तरी एवं निबंध प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। जिसमें लगभग 100 बच्चों ने भाग लिया। बच्चों को उत्साहवर्धन हेतु पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत के मुखिया देवेंद्र देवी, अनिल अग्रवाल, डॉ० प्रहलाद बरनवाल व पंसस शंभू सोनी ने कहा कि तुम्हें कोई पढ़ा नहीं सकता, कोई आध्यात्मिक नहीं बना सकता, तुम्हें सब कुछ अंदर से सीखना है आत्मा से। अच्छा कोई शिक्षक नहीं, कोई शिक्षार्थी नहीं होता।

### बीएमएस की मांग के तहत रांची में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का हुआ शिलान्यास : के.लक्ष्मा रेड्डी

**बेरमो/ बोकारो।** बीएमएस से संबद्ध सीसीएल सीकेएस कोल प्रभारी सह जेबीसीसीआइ सदस्य के. लक्ष्मा रेड्डी का रविवार को झारखंड की धरती पर दो दिवसीय प्रवास रहा। इसी बीच सीसीएल सीकेएस की कार्यसमिति की दरभंगा हाउस रांची कार्यालय में बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता सीसीएल सीकेएस के अध्यक्ष निर्गुण महतो व संचालन महामंत्री शशि भूषण सिंह ने किया।

# सहकार भारती के 46 वें स्थापना दिवस पर सहकार सभा का आयोजन, 15 प्रतिशत लाभांश की घोषणा

संवाददाता




**पलामू।** रविवार को सहकार भारती के 46 वें स्थापना दिवस के अवसर पर पलामू बचत एवं साख स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड द्वारा एक भव्य सहकार सभा का आयोजन सोसायटी कार्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 11 बजे हुई, जिसमें सहकारिता आंदोलन के कई प्रमुख व्यक्तित्व, समिति के सदस्य और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित हुए। सभा का उद्घाटन सहकार भारती के प्रदेश संगठन समिति सदस्य श्याम बिहारी सिंह ने किया। उन्होंने सहकार भारती के परिचय, उद्देश्यों और कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सहकारिता भारत की संस्कृति और जीवन पद्धति का एक अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने बताया कि सहकारिता गरीब, दलित, वंचित, असंगठित मजदूर और किसानों के जीवन में बदलाव लाने के साथ-साथ महिलाओं के सशक्तिकरण का सबसे सशक्त माध्यम बन सकती है। श्री सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि भारत में सहकारिता आंदोलन का विस्तार हो रहा है और यह आंदोलन विचार से क्रांति, और क्रांति से सशक्तिकरण तक के सफर का प्रतिनिधित्व करता है।उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने सहकार भारती के प्रयासों से सहकारिता मंत्रालय का गठन किया है, जिससे इस आंदोलन को नई गति मिली है। साथ ही, संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित कर सहकारिता के महत्व को वैश्विक स्तर पर रेखांकित किया है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि सभी को सहकारिता आधारित कार्यों को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। सभा को संबोधित करते हुए पलामू बचत के पूर्व अध्यक्ष के एन सिंह ने सहकारिता की उपयोगिता और महत्व को स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि पहले जब सहकारी समितियां नहीं थीं, तो जरूरत के समय लोग सूदखोरों के जाल में फंस जाते थे। लेकिन सहकारी समितियों की स्थापना से लोगों को जरूरत के समय सस्ती दरों पर ऋण उपलब्ध हुआ, जिससे आर्थिक मजबूती आई है। श्री सिंह ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि सहकारी समितियों ने न केवल परिवारों को सशक्त किया है, बल्कि देश की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत किया है। पलामू बचत के वर्तमान अध्यक्ष आर बी सिंह ने वर्ष 2023-24 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने समिति के सदस्यों के लिए 15% लाभांश देने की घोषणा की, जिसे सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि से स्वीकार किया। उन्होंने समिति की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की। सभा को समिति के पूर्व अध्यक्ष पी सी अग्रवाल और भाजपा के वरिष्ठ नेता रोहित लाल सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुशील तिवारी ने संगठन मंत्र और सहकार गीत से किया। सभा का संचालन प्रमोद दूबे ने किया और समापन मंत्र निर्मल सोरेन ने किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन अजीत कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में उमेश कुमार सिंह, गणेश लाल महतो, के के सिंह, आर के यादव, शैला देवी, सतीश कुमार सिंह, नीतू देवी, विनीता दूबे, कैलाश सिंह, राजेंद्र प्रसाद, सुरेंद्र यादव, और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। यह सभा सहकारिता के महत्व और इसकी क्षमता को उजागर करने के साथ-साथ समाज में इसकी उपयोगिता को और मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

## श्री अयप्पा पब्लिक स्कूल, बोकारो में 'संगमम – स्नेहपूर्ण संबंध' एलुमनाई मिलन समारोह का भव्य आयोजन

संवाददाता



**बोकारो।** श्री अयप्पा पब्लिक स्कूल, बोकारो ने शनिवार, 11 जनवरी 2025 को अपने इतिहास में पहली बार 'संगमम - स्नेहपूर्ण संबंध' नामक एलुमनाई मिलन समारोह का आयोजन किया। यह आयोजन पूर्व छात्रों और उनके अल्मा मेटर के बीच पुराने रिश्तों को फिर से जीवंत करने और नई यादें संजोने का अनोखा अवसर बना। कार्यक्रम की शुरूआत बड़े ही गर्मजोशी और आत्मीयता के साथ हुई। तिलक समारोह के दौरान पूर्व छात्रों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया और गुलाब की कलियां भेंट की गईं। यह एक ऐसा पल था, जिसने छात्रों और शिक्षकों के बीच सम्मान और स्नेह को और प्रगाढ़ कर दिया। प्रार्थना और गुरु वंदना के माध्यम से माहौल को और भी प्रेरणादायक बनाया गया। स्वागत गीत की मधुर धुनों ने सभी उपस्थित लोगों के दिलों को छू लिया। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक नजीर अहमद ने स्वागत भाषण में पूर्व छात्रों की भागीदारी के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने इस मिलन समारोह को न केवल यादों का संगम बल्कि समाज और देश के प्रति योगदान देने के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया। प्रधानाचार्य श्रीमती पी. शैलजा जयकुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह आयोजन स्कूल के मूल्यों और शिक्षा की स्थायित्व का प्रमाण है। उन्होंने पूर्व छात्रों को स्कूल से जुड़े रहने और शिक्षा, सामुदायिक विकास और पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में सक्रिय भागीदारी की अपील की। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने इस आयोजन को और अधिक जीवंत बना दिया। शास्त्रीय नृत्य की अद्भुत प्रस्तुति ने समारोह में उत्साह का संचार किया। इसके बाद पुराने गीतों और बॉलीवुड धुनों पर आधारित ऑर्केस्ट्रा ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। कई पूर्व छात्रों ने मंच पर अपने अनुभव और भावनाएं साझा कीं।

उज्ज्वल पाठक, प्रिंस कुमार, समीर अंसारी, आदित्य जैन, आदर्श रस्तोगी जैसे पूर्व छात्रों ने स्कूल में बिताए अपने दिनों को याद करते हुए भावुक कर देने वाले क्षण प्रस्तुत किए। वर्चुअल माध्यम से भी कई पूर्व छात्र कार्यक्रम में शामिल हुए। अनिल आईएएस, डॉ० श्रुति कृष्णन, विष्णु एम. नायर, काजोल, डॉ० स्तुति, राजेश पाल और नेहा जैसे प्रतिभाशाली पूर्व छात्रों ने शुभकामनाएं भेजीं और स्कूल के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। इस आयोजन में विद्यालय के समर्पित शिक्षकों और कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। रसायन विज्ञान के वरिष्ठ शिक्षक संजय कुमार, आईपी शिक्षक योगेश और अन्य अनुभवी शिक्षकों ने अपने अनुभव और मार्गदर्शन से इस आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। उप-प्रधानाचार्य सुरेश नायर और अन्य स्टाफ सदस्यों ने भी इस कार्यक्रम को सुचारु रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में पूर्व छात्रों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। यह स्मृति चिन्ह अतीत और वर्तमान पीढ़ियों के बीच संबंधों को मजबूत करने का प्रतीक था। धन्यवाद प्रस्ताव के साथ इस आयोजन का समापन हुआ, लेकिन 'संगमम - स्नेहपूर्ण संबंध' के रूप में यह दिन हर किसी की यादों में हमेशा के लिए दर्ज हो गया। यह एलुमनाई मिलन न केवल यादों और स्नेह का संगम बना, बल्कि इसने भविष्य के लिए प्रेरणा और उत्साह का नया अध्याय भी लिखा।

## सर्व सेवा संघ की कार्यकारी समिति की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए

संवाददात

**बोकारो।** सर्व सेवा संघ की कार्यकारी समिति की बैठक गोपुरी वर्धा में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता आदित्य पटनायक ने की। बैठक की शुरूआत दिवंगत सर्वोदय कार्यकताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इसके बाद महामंत्री आनंद किशोर ने पठानकोट बैठक के निर्णय और कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। पूर्व समिति के न्यासी प्रो० रामजी सिंह, मधुसूदन जी और सोमनाथ रोड़े के सेवानिवृत्ति के बाद तीन नए न्यासियों का चयन किया गया। जिनमें नारायण भाई, गीतांजलि पटनायक और रमाकांत नाथ शामिल हैं। साथ ही सर्व सेवा संघ के विभिन्न पदाधिकारियों और समिति के संयोजकों का चयन भी सर्वसम्मति से किया गया। इनमें प्रो० प्रसाद गोलना पल्ली को अंतरराष्ट्रीय संवाद और संपर्क समिति, सुखपाल सिंह को किसान सेल, कैलाश चंद्र शाह को लीगल सेल, धर्मेंद्र राजपूत को भूदान ग्रामदान समिति, गीतांजलि पटनायक को वित्त संग्रह, विजय भाई को शांति सेना समिति, शिव विजय सिंह को प्रकाशन, इंदुमती साहू को महिला संगठन, बसंत राव केदार को खादी समिति, टिकेंद्र जीत सिंह को नाथ ईस्ट सर्वोदय संगठन और विनोद स्वरूप को युवा समिति का संयोजक नियुक्त किया गया। बैठक में भूदान समिति की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए, धर्मेंद्र जी, विश्वनाथ आजाद, कैलाश चंद्र साहू और राम अवतार गुप्ता को विस्तृत प्रतिवेदन तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावा झारखंड और बिहार में भूदान यज्ञ समितियों के गठन के लिए सरकार से निवेदन करने का निर्णय लिया गया। किसानों के मुद्दों पर भी चर्चा हुई और सर्व सेवा संघ का एक प्रतिनिधिमंडल डिन्नबाल जी के आमरण अनशन स्थल पर जाएगा, साथ ही सरकार से किसानों के सम्मानजनक समझौते की अपील करेगा।

## अधिवक्ताओं के मिलन समारोह में सुरक्षा को लेकर बनाई रणनीति



संवाददाता

**बोकारो।** रविवार को बालीडीह स्थित डैम पर अधिवक्ताओं का मिलन समारोह सह वनभोज का आयोजन किया गया। वनभोज सह मिलन समारोह में वरीय अधिवक्ता हरि प्रकाश सिंह ने कहा कि हम सब एक परिवार की तरह हैं और सभी के सुख दुख में साथ है। वहीं, इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य हम सभी लोग अधिवक्ता हित के लड़ाई में एक साथ है। उन्होंने राज्य सरकार से झारखंड में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट जल्द लागू करने की मांग की। इसके लिए झारखंड के सभी अधिवक्ता आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। वरीय अधिवक्ता लालटू चरण महतो ने सभी आए हुए अधिवक्ताओं का गर्म जोशी से स्वागत किया और कहा कि सभी काले कोर्ट वाले एक है, यदि कोई हमे बांटने का प्रयास करेगा तो उसे जवाब दिया जाएगा। अधिवक्ता दिनेश प्रसाद शर्मा ने सभी अधिवक्ताओं से आग्रह किया कि हमलोग मिलजुल कर एक साथ रहें और अधिवक्ताओं के खिलाफ हो रहे हमला पर रोक लगे।

## कस्तूरबा विद्यालय ढोरी की ओर से संकुल का मिलन समारोह सह वनभोज

संवाददाता



**बेरमो/ बोकारो।** कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन ढोरी की ओर से रविवार को संकुल के कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन, अनपति देवी सरस्वती विद्या मंदिर, ढोरी शिशु मंदिर, तुपकाडीह विद्या मंदिर, पिछरी शिशु मंदिर, मकोली विद्या मंदिर के शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के लिए पिछरी स्थित हथिया पत्थर के समीप दामोदर नदी तट पर मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संकुल संयोजक सह अनपति विद्यालय के सचिव अमित कुमार सिंह एवं संकुल प्रमुख सह कस्तूरबा के प्रधानाचार्य रण सुमन सिंह ने किया। इस वनभोज के व्यवस्थापक कस्तूरबा विद्यालय के सचिव धीरज कुमार पांडेय ने चर्चा के दौरान आचार्य एवं कर्मचारियों को बताया कि विकास करना है तो गांव की ओर चले। देश की कुल भूभाग का एक बड़ा क्षेत्र गांव मे ही बसता है और देश की बड़ी आबादी अभी भी गांव में ही निवास करती है। उन्होने कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कार्यस्थल पर लगातार मन लगा कर काम करते रहना आसान नहीं है। इसलिए कर्मचारियों का मनोबल बढ़ा रहे उन्हें कार्य संतुष्टि मिले इसके लिए कई तरह के कार्यक्रम समय समय पर आयोजित किए जाते हैं। संकुल संयोजक और संकुल प्रमुख ने बताया कि शिक्षकों के कार्य कुशलता को बढ़ाने के लिए भी सेमिनार, सम्मेलन, कार्यशाला व परिचर्चा समय समय पर कस्तूरबा संकुल द्वारा आयोजित कराए जायेंगे। मौके पर अनपति विद्यालय के कोषाध्यक्ष दीपक कुमार अग्रवाल, प्रधानाचार्य पंकज कुमार मिश्र, तुपकाडीह विद्यालय के कोषाध्यक्ष धनंजय महतो, पिछरी विद्यालय के सचिव डेग लाल महतो एवं प्रधानाचार्य झरना चटर्जी एवं संकुल के शिक्षक, शिक्षिका और कर्मचारी मौजूद थे।

## ढोरी क्षेत्र में है कोयले का अकुत भंडार : सीएमडी



बेरमो/ बोकारो। सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक निलेंदू कुमार सिंह से विस्थापित नेता कैलाश ठाकुर ने चपरी गेस्ट हाउस में मुलाकात करते हुए नववर्ष पर गुलदस्ता देकर सम्मानित कर बधाई दी। श्री ठाकुर ने उनसे ढोरी क्षेत्र में विभिन्न मुद्दों सहित सीएसआर मद से होने वाले कार्यों पर चर्चा की। सभी विषयों पर श्री सिंह ने कहा कि कोल इंडिया का पॉलिसी व सीएसआर मद को ग्रामीणों व विस्थापितों के लिए बनाया गया है। सीसीएल कम्पनी सीएसआर मद से अपने क्षेत्रों में अनेकों कार्य कर रहा है। ढोरी क्षेत्र में सीएसआर मद का सदउपयोग सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि ढोरी क्षेत्र में कोयले का अकुत भंडार है। मैंने भी अपने शुरूआती जीवन में काम किये उसका अनुभव बहुत अच्छा रहा। यहां के मजदूर विस्थापित यूनियन प्रतिनिधि जनप्रतिनिधि बहुत ही सकारात्मक सहयोग करते हैं।

## भारती साहित्य परिषद बोकारो ने किया पुस्तक विमोचन और काव्य गोष्ठी का आयोजन

संवाददाता



**बोकारो।** साहित्यिक संस्था भारती साहित्य परिषद, बोकारो ने शनिवार की शाम सेक्टर-5 स्थित सद्गुरु सदाफलदेव आश्रम में पुस्तक विमोचन सह काव्य गोष्ठी का भव्य आयोजन किया। इस साहित्यिक कार्यक्रम में शहर के प्रख्यात कवियों, साहित्यकारों और साहित्य प्रेमियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की वंदना और पुष्पार्चन से हुई। इसके बाद मंचासीन साहित्यकारों ने दिवंगत साहित्यकार डॉ० नर नारायण तिवारी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सत्र में उपस्थित वक्ताओं ने डॉ० तिवारी के बहुआयामी व्यक्तित्व और उनके अद्वितीय साहित्यिक योगदान को स्मरण किया। भारती साहित्य परिषद के संरक्षक व वरिष्ठ साहित्यकार सुखनंदन सिंह 'सदय' ने कहा कि स्व० डॉ० तिवारी ने अपनी लेखनी से साहित्य जगत को नई दिशा दी। वे 14 वर्षों तक परिषद के महामंत्री रहे और उनकी अनुपस्थिति सदैव खलेगी। डॉ० परमेश्वर भारती और बुद्धिनाथ झा ने भी अपने संबोधन में स्व० तिवारी से जुड़े संस्मरण साझा किए और उनके प्रेरणादायक जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ० नर नारायण तिवारी की काव्य पुस्तक क्रांतिरथ के दूसरे संस्करण का विमोचन किया गया। विमोचन के दौरान डॉ० तिवारी की पुत्रियां वंदना पांडेय और मनीषा पांडेय ने अपने पिता की स्मृतियों को साझा करते हुए उनकी रचनाओं और साहित्य के प्रति उनके समर्पण को भावुक होकर याद किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कवि विनीत पांडेय ने बोकारो के साहित्यिक परिदृश्य की सराहना करते हुए कहा कि यहां के कवियों और साहित्यकारों में लेखन का गहन भाव है, जो राष्ट्रीय स्तर पर साहित्य को समृद्ध करता है। उन्होंने यह भी कहा कि साहित्य लेखन आजीविका का एक सशक्त माध्यम बन सकता है, बशर्ते लेखनी में दम और मौलिकता हो। कार्यक्रम का दूसरा सत्र काव्य गोष्ठी के रूप में आयोजित किया गया, जहां कवियों और कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं का मन मोह लिया। काव्य गोष्ठी की शुरूआत गीता कुमारी ने सरस्वती वंदना से की। इसके बाद ब्रह्मानंद गोस्वामी, दिनेश सिंह, कनक लता राय, शैलजा झा, डॉ० रंजना श्रीवास्तव, अरुण पाठक और अन्य कवियों ने एक से बढ़कर एक रचनाएं प्रस्तुत कीं। प्रमुख कविताओं में ओ देश मेरे तुझे लाखों सलाम, अहिंसा परमो धर्मः, हिंदी है हम सबकी भाषा और रामलला फिर से अयोध्या को आ रहे शामिल रहीं। विनीत पांडेय की अंतिम प्रस्तुति ने पूरे सभा को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर अध्यक्षता बुद्धिनाथ झा ने की, जबकि संचालन डॉ० परमेश्वर भारती और डॉ० राम नारायण सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन भारती साहित्य परिषद के महामंत्री डॉ० मनोज कुमार सिंह ने दिया। कार्यक्रम में कला, साहित्य और संस्कृति से जुड़े कई गणमान्य व्यक्तियों के साथ बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

## नेताजी सुभाष सेवा संघ के अध्यक्ष बने जीतेंद्र व लखन हांसदा सचिव

### सेवा, समर्पण और प्रेम की भावना से काम करें : आशुतोष सिंह

संवाददाता



**बेरमो/ बोकारो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के करगली बाजार स्थित नेताजी सुभाष सेवा संघ के प्रधान कार्यालय में रविवार को नेताजी सुभाष सेवा संघ के संस्थापक आशुतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 23 जनवरी को स्थापना दिवस भव्य रूप से मनाया जाएगा। संस्था के संस्थापक आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि सभी कार्यकर्ता सेवा, प्रेम और प्रेम की भावना से काम करें। क्योंकि वहीं उद्देश्य संघ के सभी सदस्यों का है। इसकी तैयारी के लिए कमिटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष जीतेंद्र कुमार महतो, सचिव लखन हांसदा, संगठन मंत्री कुमार बलराम सिंह, कोषाध्यक्ष महेश कुमार कानाबार, उप कोषाध्यक्ष सुनील कुमार सहित कार्यकारणी सदस्यों में मुकेश कुमार शर्मा, सुनील कुमार, अशोक पांडेय विपिन कुमार, राघे कुमार साह, नंदा सिंह आदि शामिल हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने लावालौंग में मकर संक्रांति उत्सव और युवा दिवस धूमधाम से मनाया



**लावालौंग।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लावालौंग खंड ने अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय के मैदान में मकर संक्रांति उत्सव और युवा दिवस के अवसर पर एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में संघ के प्रांत मुख्य मार्ग प्रमुख नित्यानंद जी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और अपने बौद्धिक संबोधन में मकर संक्रांति के प्राचीन इतिहास पर चर्चा की। उन्होंने स्वामी विवेकानंद की जीवनी को विस्तार से प्रस्तुत करते हुए यह बताया कि स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को मकर संक्रांति के दिन हुआ था और उन्होंने अपने जीवन को समाज की सेवा और युवाओं को जागृत करने में समर्पित किया। नित्यानंद जी ने सभी उपस्थित स्वयंसेवकों से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की अपील की। इसके बाद स्वामी विवेकानंद की चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी जयंती मनाई गई और सभी ने चूड़ा, गुड़ और तिलकुट का आनंद लिया। इस कार्यक्रम में जिला सह कार्यवाह सुनील कुमार, जिला बाल काल प्रमुख कमलेश गंझू, खंड कार्यवाह पंकज केशरी, और अन्य प्रमुख स्वयंसेवक शामिल हुए। कार्यक्रम ने उपस्थित लोगों को स्वामी विवेकानंद के जीवन के प्रेरणादायक पहलुओं से अवगत कराया और उनके विचारों को समाज में फैलाने का संकल्प लिया।

### शराब के नशे में धुत मोटरसाइकिल सवार ने पेड़ में मारी टक्कर, तीन लोग घायल

**चतरा।** प्रतापपुर थाना क्षेत्र के गेरुआ सड़क मार्ग पर रविवार शाम को एक गंभीर सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें तीन व्यक्ति शराब के नशे में धुत मोटरसाइकिल चालक की लापरवाही के कारण घायल हो गए। मोटरसाइकिल चालक ने पेड़ में टक्कर मारी, जिससे मोटरसाइकिल पर सवार तीनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनके दोनों पांव और चेहरे में चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही प्रतापपुर पुलिस और चिकित्सा विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल अस्पताल भेजा गया। घायलों की पहचान 20 वर्षीय छोटू कुमार, 19 वर्षीय प्रकाश कुमार और 20 वर्षीय रवि कुमार के रूप में हुई है। ये सभी बिहार राज्य के गया जिले के परैया गांव के निवासी हैं। एक घायल ने बताया कि वे प्रतापपुर अपने रिश्तेदार से मिलने आए थे और शराब पीने के बाद गांव वापस जा रहे थे, लेकिन चालक की लापरवाही के कारण दुर्घटना घट गई। इस घटना से यह साफ हो गया है कि शराब के सेवन का परिणाम कभी-कभी खतरनाक हो सकता है, खासकर जब चालक की हालत ठीक न हो।

### चुंदरु धाम में स्वामी विवेकानंद की जयंती धूमधाम से मनाई गई



**टंडवा/ चतरा।** रविवार को चुंदरु धाम परिसर में स्थित सभागार में स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती को लेकर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम चेतना जागृति सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सिमरिया विधायक उज्जवल दास उपस्थित हुए। उन्होंने विधिवत तरीके से दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरूआत की। अपने संबोधन में विधायक उज्जवल दास ने स्वामी विवेकानंद के जीवन और उनके द्वारा दिए गए महान विचारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के युवा समाज में तेजी से हो रहे बदलाव और आधुनिकता के प्रभाव से भटकते जा रहे हैं, ऐसे में स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। स्वामी विवेकानंद के शिकागो में दिए गए ऐतिहासिक भाषण ने पूरी दुनिया में भारतीय संस्कृति और धार्मिक विचारों को प्रतिष्ठित किया। विधायक ने आगे कहा कि भारत सरकार ने स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की है, जो देश के युवाओं को प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर ईश्वर दयाल पांडेय, प्रमोद सिंह, सुनिल चौरसिया, महेश वर्मा, जानकी महतो, शंभू राणा, रविन्द्र गुप्ता सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# मकर संक्रांति 14 जनवरी को, 19 साल बाद बन रहे कई शुभ योग




संवाददाता

**चतरा।** स्नान-दान का महापर्व मकर संक्रांति इस बार 14 जनवरी को ही मनाया जायेगा। भगवान सूर्य नारायण 14 जनवरी को दिन में 03:27 बजे धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करेंगे। मकर संक्रांति का पुण्यकाल इस बार दिनभर होगा।

आचार्य चेतन पाण्डेय ने कहा कि इस बार मकर संक्रांति मंगलवार दिन को पड़ रहा है। शास्त्र के अनुसार मंगलवार को सूर्य की संक्रांति होने से पित्त, कफ और वात के प्रकोप से प्राणियों को पीड़ा होती है। राजाओं में कलह और अवृष्टि दुर्भिक्ष होने की अधिक संभावना बनती है। इस बार मकर संक्रांति के प्रभाव से राजनीतिक, सामाजिक उथल-पुथल मच सकती है। लगभग 19 वर्ष बाद इस बार मकर संक्रांति पर अद्भुत संयोग बन रहा है। मकर संक्रांति के दिन पुष्य नक्षत्र भोग करेगा। पुष्य नक्षत्र के स्वामी स्वयं शनिदेव हैं और मकर राशि के भी स्वामी शनि देव ही हैं। यह संयोग स्नान और दान के लिए बहुत ही फायदेमंद माना गया है।

आचार्य ने कहा कि 14 जनवरी को सुबह 10:29 तक पुनर्वसु नक्षत्र है। इसके बाद पुष्य नक्षत्र प्रवेश करेगा। उन्होंने कहा कि इस बार मकर संक्रांति 12 में तीन राशियों के लिए अत्यंत शुभ और लाभकारी समय लेकर आ रहा है। कर्क, तुला और मीन राशि के जातकों के लिए इस बार मकर संक्रांति विशेष लाभदायक होगा। सूर्यनारायण के मकर राशि में प्रवेश के साथ ही पिछले छह माह से चला आ रहा दक्षिणायन का समापन होगा और उत्तरायण प्रारंभ होगा। उत्तरायण को देवताओं का प्रभात बेला कहा गया है। उत्तरायण होते ही हिंदू धर्मावलंबियों के सभी प्रकार के मांगलिक और शुभ कार्य प्रारंभ हो जाते हैं। आचार्य ने कहा कि मकर संक्रांति के दिन भगवान भास्कर की पूजा विशेष लाभकारी मानी जाती है। इस दिन तिल का दान को विशेष महत्व दिया गया है। मकर संक्रांति के दिन भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद ॐ सूर्याय नमः, ॐ भास्कराय नमः, ॐ मित्राय नमः, ॐ भानवे नमः, ॐ खगाय नमः, ॐ पूषने नमः, ॐ मरिचये नमः, ॐ आदित्याय नमः, ॐ सवित्री नमः, ॐ अर्काय नमः, ॐ हिरण्यगर्भाय नमः भगवान सूर्य के अन्य नामाक्षर मंत्रों का जाप कर सकते हैं।

**मकर संक्रांति का शुभ मुहूर्त**

इस बार मकर संक्रांति माघ महीने के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि को मनाया जाएगा। कई वर्ष के बाद इस बार यह संयोग आया है जब मकर संक्रांति का त्योहार माघ महीने में मनाया जाएगा। ऐसे में इस वर्ष मकर संक्रांति पर स्नान-दान का बहुत लाभप्रद माना गया है। आचार्य पंडित चेतन पाण्डेय ने कहा कि बृहद् ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, यदि संक्रांति दिन में हो तो इसका पुण्य कल दिनभर माना गया है। ऐसे में इस बार मकर संक्रांति का पुण्य काल सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक रहेगा।

### थाना परिसर में शिविर का आयोजन, कई विवादों का समाधान किया गया



**हंटरगंज/ चतरा।** रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चतरा के निर्देश पर वशिष्ठ नगर थाना परिसर में एक शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें पीएलवी संदीप कुमार और थाना प्रभारी सुनील कुमार ने विभिन्न विवादों का समाधान किया। इस शिविर में भूमि विवाद, घरेलू विवाद और पैसे के लेन-देन से संबंधित मामलों का निपटारा किया गया। शिविर में पहाड़पुरा, रक्सी और तेसर जोरी गांव से आए ग्रामीणों के बयान लिए गए और सभी पक्षों की सहमति से मामलों को सुलझाया गया। इस दौरान सब इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार, रामपति कुमार और अन्य दर्जनों ग्रामीण भी उपस्थित थे। थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि इस शिविर के माध्यम से थाने में लंबित विवादों का निपटारा किया गया, जिससे लोगों को न्याय मिलने में सहायता मिली।

### विधायक से ग्रामीणों ने भारी प्रदूषण से राहत दिलाने की मांग की



संवाददाता

**टंडवा।** प्रखंड के दौरे पर आए विधायक उज्जवल दास का ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया और उनसे अपने समस्याओं को साझा किया। खासतौर पर, ग्रामीणों ने टंडवा-सिमरिया मुख्य सड़क पर कोल वाहनों से होने वाले भारी प्रदूषण के खिलाफ अपनी आवाज उठाई।

ग्रामीणों ने कहा कि कोयले के वाहनों से उड़ने वाली धूल उनके स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो रही है और यह सड़क किनारे रहने वाले लोगों के लिए एक बड़ी समस्या बन गई है। इस प्रदूषण से उन्हें आवागमन में भी कठिनाइयाँ हो रही हैं। विधायक से यह अपील की गई कि वे इस मुद्दे को संबंधित अधिकारियों तक पहुँचाएं ताकि प्रदूषण की समस्या का समाधान जल्द से जल्द किया जा सके। इस पर विधायक ने महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह से संपर्क किया और उन्हें इस समस्या के बारे में बताया। जीएम ने समुचित कदम उठाने का भरोसा दिया। विधायक ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि इस मुद्दे पर वह पूरी तरह से सहयोग करेंगे और शीघ्र ही समाधान निकलने की उम्मीद जताई। अगर यह समस्या जल्द हल नहीं होती, तो ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी दी। इस मौके पर ईश्वर दयाल पांडेय, प्रमोद सिंह, विजय दांगी, साधु चरण पाठक, धनंजय पांडेय, तरुण पाठक, बिजय साहु, सुरेश साहु, अरविंद पाठक, महेंद्र महतो, महेश वर्मा, संतोष प्रजापति, जितेन्द्र महतो और अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## ममता कुमारी ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल



संवाददाता

**हंटरगंज/ चतरा।** रविवार को हंटरगंज प्रखंड के सलैया पंचायत के पोस्तिया गांव स्थित शिव मंदिर के पास एक सादे लेकिन प्रभावशाली समारोह का आयोजन किया गया, जहां हंटरगंज की प्रमुख ममता कुमारी ने असहाय और गरीब परिवारों के बीच कंबल वितरित किए। इस समारोह में पोस्तिया गांव के सैंकड़ों गरीब लोगों ने कंबल प्राप्त किया, जिससे उनके चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। विशेष रूप से वृद्ध महिलाओं ने इस अवसर पर काफी संतुष्टि और खुशी का इजहार किया। प्रमुख ममता कुमारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है और उन्होंने बताया कि यह कंबल वितरण पिछले तीन वर्षों से लगातार ठंड के मौसम में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कई गरीबों के पास इस कड़ाके की ठंड में तन ढकने के लिए पर्याप्त कपड़े नहीं होते और इस समस्या का समाधान करने के लिए वे हमेशा कंबल वितरण के कार्यक्रम का आयोजन करती हैं। इस अवसर पर वार्ड सदस्य महेश यादव, निर्मल यादव, इंग्लिश यादव, महेंद्र यादव, कपिल यादव और सैकड़ों ग्रामीण महिलाएं भी उपस्थित थीं।

### अवैध खनन में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी : उपायुक्त

**चतरा।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पिछले एक सप्ताह में 185,000 सीएफटी से अधिक अवैध बालू का भंडारण जब्त किया गया है। इस कार्रवाई में कुल 10 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। जिला प्रशासन ने अवैध खनन, परिवहन और भंडारण में संलिप्त लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का संकल्प लिया है। उपायुक्त रमेश घोलप ने कहा कि पत्थर खनन पट्टों का सर्वे चल रहा है और स्वीकृत क्षेत्र से अधिक खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि इस मामले में कर्मियों की उदासीनता की जांच की जाएगी और अवैध खनन में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। इस छापेमारी अभियान के दौरान चतरा और सिमरिया अनुमंडल क्षेत्रों में अवैध बालू भंडारण के कई मामले सामने आए हैं। सिमरिया प्रखंड में 13,500 सीएफटी बालू जब्त की गई, जबकि अन्य क्षेत्रों में भी 22,000 से अधिक सीएफटी अवैध बालू जब्त की गई।

## प्रशासन की कार्रवाई के खिलाफ ट्रैक्टर संचालकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी



संवाददाता

**लावालौंग।** प्रखंड क्षेत्र में ट्रैक्टर संचालकों और मालिकों ने प्रशासन की कार्रवाई के विरोध में अपनी एकता का परिचय देते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल की शुरूआत की है। इन ट्रैक्टर मालिकों ने प्रशासन की असंवेदनशीलता और उनके खिलाफ की जा रही कार्रवाई के विरोध में यह हड़ताल जारी रखा है। रविवार को कस्तूरबा गांधी स्कूल के पास एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें हड़ताल को जारी रखने का निर्णय लिया गया। इस हड़ताल का प्रखंड क्षेत्र पर व्यापक असर देखने को मिल रहा है, और इससे सरकार की कई महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास, और अन्य सरकारी योजनाओं का कार्य पूरी तरह से बाधित हो गया है। ट्रैक्टर मालिकों ने बताया कि वे कम कीमत पर सामग्री उपलब्ध करवा रहे थे, लेकिन लावालौंग अंचल अधिकारी सुमित झा द्वारा लगातार उनकी ट्रैक्टरों को रोककर बालू सीज कर चालान काटे जा रहे हैं। इस समस्या के समाधान तक वे प्रशासन से बातचीत नहीं होने तक किसी भी कार्य में भाग नहीं लेंगे। साथ ही, उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर कोई ट्रैक्टर मालिक बिना ट्रैक्टर संघ के अनुमति के काम करता हुआ पाया जाता है, तो उस पर 11 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया जाएगा। ट्रैक्टर संचालक प्रशासन से बालू का टेंडर देने और ईट भट्ठे का लाइसेंस देने की मांग कर रहे हैं, अन्यथा वे पूर्ववत स्थिति में काम करने की अनुमति देने की अपील कर रहे हैं। हड़ताल जारी रखने की चेतावनी दी गई है यदि इन मुद्दों का समाधान नहीं होता है।

# अभाविप ने स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई



संवाददाता

**चतरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती के मौके पर गौवरक्षनी में अपने कार्यालय में एक संगोष्ठी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम की शुरूआत स्वामी विवेकानंद और मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के साथ हुई। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व प्रदेश सह मंत्री अनिल कुमार यादव ने स्वामी विवेकानंद के जीवन के प्रेरक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन आज भी विद्यार्थियों और समाज के लिए एक आदर्श है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के राष्ट्र और समाज सेवा के प्रति दृष्टिकोण को साझा किया और उनके विचारों को अपने जीवन में अपनाने की अपील की। इस अवसर पर पूर्व कार्यकर्ता और शिक्षक सचिन दुबे ने स्वामी विवेकानंद के विचारों पर चर्चा करते हुए यह बताया कि उन्होंने यह सिद्ध किया कि युवा शक्ति ही राष्ट्र की रीढ़ है और युवाओं को आत्मनिर्भर बनकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। जिला संयोजक मुन्ना यदुवंशी ने स्वामी विवेकानंद के शिकागो में दिए गए ऐतिहासिक भाषण का उल्लेख किया और उनकी देशभक्ति और आध्यात्मिक दृष्टिकोण को प्रमुखता से बताया। प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी शुभम कुमार ने विवेकानंद के आदर्शों पर चलते हुए छात्रों से समाज सेवा और भारत के उत्थान में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। कार्यक्रम में नगर मंत्री विशाल प्रजापति ने युवाओं से स्वामी विवेकानंद के विचार बल ही जीवन है, कमजोरी ही मृत्यु है को आत्मसात करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन नगर सह मंत्री अर्णव श्रीवास्तव ने किया और धन्यवाद ज्ञापन नेहा वर्मा ने किया। इस आयोजन में प्रमुख कार्यकर्ता और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## गुरु गोबिंद सिंह जी की जयंती पर भव्य प्रकाशोत्सव का आयोजन



### संगत ने भक्ति में डूबकर की गुरुवाणी का गायन, कार्यक्रम में नेताओं और समाजसेवियों ने गुरु के चरणों में अर्पित की श्रद्धांजलि

संवाददाता

**हंटरगंज/ चतरा।** रविवार को हंटरगंज प्रखंड स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा केदलीकला में सिख धर्म के दसवें गुरु और खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोबिंद सिंह जी की जयंती के अवसर पर भव्य प्रकाशोत्सव का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 4 जनवरी से शुरू हुआ था, जो रविवार को अटूट लंगर के साथ संपन्न हुआ। गुरुद्वारा के 'नामधारी हाल' में अस्थाई रूप से फूलों से सुसज्जित पंडाल में तख्त हरिमंदिर जी पटना साहिब के हजूरी रागी जत्था भाई हरभजन सिंह और उनके साथियों ने संगत को गुरुवाणी के कीर्तनों से निहाल किया। भाई हरभजन सिंह द्वारा प्रस्तुत किए गए शबद ₹तही प्रकाश हमारा भयो, पटना शहर विखे भव लयो₹ और ₹मैं हो परम पुरख को दासा, देखन आयो जगत तमाशा₹ जैसे कीर्तनों ने वातावरण को भक्ति से ओत-प्रोत कर दिया।

कार्यक्रम में चतरा सांसद कालीचरण सिंह के पुत्र नितिश कुमार, विधायक जनार्दन पासवान, जिला परिषद अध्यक्षा श्रीमती ममता कुमारी, उपाध्यक्ष वृजकिशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी, नमामि गंगे संस्थान से जुड़ी समाजसेवी संजय सिंह सज्जन, केदली कला पंचायत के मुखिया अशोक कुमार यादव, पंचायत समिति सदस्य श्री वकील खान और जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े कई हस्तियां उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंत में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने सभी अतिथियों का सिरोपा देकर सम्मानित किया। इसके बाद अटूट लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# विद्यालय स्थापना दिवस व राष्ट्रीय युवा दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया




संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग स्थित केडी चिल्ड्रेन अकादमी उच्च विद्यालय, डॉ. भाभा मार्ग, मुनका बगीचा में विद्यालय का स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय युवा दिवस धूमधाम से मनाया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय की प्राचार्या मीनू गुप्ता एवं उप प्राचार्या हेमलता मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। समारोह की शुरूआत प्राचार्या द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण से हुई, जिसके बाद उन्होंने बच्चों को स्वामी विवेकानंद के जीवन के मूल्यों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, उन्होंने विद्यालय की स्थापना के बारे में जानकारी दी। विद्यालय आज अपना 40वां स्थापना दिवस मना रहा है, जिसे स्वर्गीय डोमन लाल गुप्ता और उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीय नूपुर बाला गुप्ता ने 12 जनवरी 1985 को गरीब बच्चों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के उद्देश्य से स्थापित किया था। विद्यालय का ध्येय वाक्य - ₹शिक्षा, सेवा, संस्कार₹ है, और यह उद्देश्य आज भी साकार हो रहा है।।समारोह का संचालन विद्यालय की सहायक शिक्षिका रिया कुमारी ने किया। नवम और दशम कक्षा के विद्यार्थियों और बाल संसद के सदस्यों ने स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं पर प्रकाश डाला। नवम कक्षा की छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर लिखी कविताएं प्रस्तुत कीं और मनमोहक नृत्य भी प्रस्तुत किया, जिसे सभी ने सराहा। विद्यालय की पूर्व शिक्षिका नीलम सिंह ने अपने विचार और अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का समापन विद्यालय की उप प्राचार्या ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया। इस अवसर पर विद्यालय के सहायक शिक्षक उपेंद्र पांडेय, जयनाथ महतो, धनंजय मिश्रा, विजय सिन्हा, मुकेश कुमार, सुखदेव यादव, राहुल सिन्हा, अमिता प्रसाद, संगम पांडेय, पूनम सिन्हा, कुमारी लीलावती, सुजाता रावत, आरोही कुमारी, नैंसी कुमारी, माही गुप्ता, कल्याणी दुबे, प्रियंका कुमारी, श्वेता मिश्रा, मीनाक्षी सिन्हा, राफिया खातून, जूली सिन्हा, पूनम तिवारी, मंजू गुप्ता, पूनम गुप्ता, आकांक्षा वर्मा, अमन कुमार सिन्हा, पीयूष कुमार सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, सोमवार 13 जनवरी 2025



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### धनबाद जिले के डिगवाडीह स्थित कार्मेल स्कूल में छात्राओं से शर्ट उतरवाने का मामला

**धनबाद।** धनबाद जिले के डिगवाडीह स्थित प्रसिद्ध कार्मेल स्कूल में पेन डे मनाते हुए छात्राओं से शर्ट उतरवाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस घटना ने स्थानीय समाज में आक्रोश और हलचल पैदा कर दी है। इस पर झरिया विधायक रागिनी सिंह ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से दूरभाष पर संपर्क किया और घटना के बारे में उन्हें अवगत कराया। माननीय प्रदेश अध्यक्ष ने इस गंभीर मामले को लेकर संतोषजनक जवाब दिया और यह आश्वासन दिया कि वह इस विषय में उच्च अधिकारियों से चर्चा करेंगे और उचित कार्रवाई करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यह मामला पूरी गंभीरता से लिया जाएगा। साथ ही, विधायक ने झरिया कतरास मोड स्थित भाजपा कार्यालय के पास हुई गोलीबारी की घटना का भी उल्लेख किया, जिसके बारे में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वह इसे सदन में उठाएंगे, ताकि जिले में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।

### स्वामी विवेकानन्द की 162 वीं जयंती का आयोजन

**धनबाद।** धनबाद के सिटी सेंटर में स्थित स्वामी विवेकानन्द चौक पर बंगाली वेलफेयर सोसाइटी द्वारा स्वामी विवेकानन्द की 162 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर सिटी सेंटर स्थित चौक को फूलों और सजावट से बेहद खूबसूरती से सजाया गया था। सोसाइटी के सैकड़ों सदस्य स्वामी विवेकानन्द के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए उपस्थित थे। उन्होंने इस अवसर पर स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों और सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में धनबाद के विधायक राज सिन्हा, पूर्व मेयर चन्द्र शेखर अग्रवाल, अशोक पाल, बैभब सिन्हा और अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद थे। वहीं, अभया सुंदरी गर्ल्स हाई स्कूल, हीरापुर में भी स्वामी विवेकानन्द की जयंती के उपलक्ष्य में सिट एंड ड्रा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में धनबाद जिले के विभिन्न विद्यालयों से 245 विद्यार्थियों ने भाग लिया और उनकी उत्साही भागीदारी ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को नेताजी जयंती के मौके पर 23 जनवरी को सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों ने इस सफलता को सुनिश्चित करने के लिए स्कूल की प्रबंधन समिति, शिक्षकों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। बंगाली वेलफेयर सोसाइटी ने सभी से स्वामी विवेकानन्द के सिद्धांतों का पालन करने और एक बेहतर समाज के निर्माण में योगदान देने की अपील की।

### बीआईटी सिंदरी में ग्रीन मैराथन का सफल आयोजन

**सिंदरी।** बीआईटी सिंदरी के इको क्लब द्वारा स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड और कल्याणेश्वरी तसरा माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर ग्रीन मैराथन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 2.5 किलोमीटर लंबी दौड़ में 300 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इनमें छात्र, प्रोफेसर और संस्थान के अन्य निवासी शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान बीआईटी सिंदरी के निदेशक प्रो० डॉ० पंकज राय ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और प्रतिभागियों को प्रेरित करने के लिए एक प्रेरणादायक भाषण दिया। उन्होंने युवाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं बल्कि युवाओं को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हैं, जिससे एक स्थायी भविष्य का निर्माण संभव हो सके। इसी बीच प्रो० बी.डी. यादव ने कहा कि यह मैराथन केवल दौड़ने के लिए नहीं, बल्कि एक हरित और स्वस्थ ग्रह की दिशा में कदम उठाने के लिए है।

## धनबाद में हिंसक झड़प और अवैध कोयला व्यापार पर बड़ी कार्यवाही

# सांसद व झामुमो नेता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

संवाददाता

**धनबाद।** मधुबन थाना क्षेत्र के खरखरी जंगल में निजी कंपनी हिलटॉप की चहारदीवारी निर्माण को लेकर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और झामुमो नेता कारू यादव के समर्थकों के बीच हुई हिंसक झड़प और बाघमारा एसडीपीओ पर हमले के मामले में पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू कर दी है। इस मामले में पुलिस ने अब तक छह प्राथमिकी दर्ज की हैं, जिनमें सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, झामुमो नेता कारू यादव सहित उनके समर्थकों के नाम शामिल हैं। गुरुवार को हुई हिंसक झड़प और



एसडीपीओ पर हमले की घटना के बाद पुलिस ने शनिवार को कारू यादव के मार्केट में छापेमारी की, जहां उन्होंने करीब छह घंटे तक जांच की और सीसीटीवी का डीवीआर (डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर) जब्त किया। पुलिस ने विवेक ग्लैक्सी दुकान और ऋतु मार्ट के शटर का ताला तोड़कर सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच की। इस दौरान पुलिस विभाग की विशेषज्ञ टीम भी शामिल थी। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई साक्ष्य जुटाने के लिए की गई थी, ताकि आरोपियों के खिलाफ ठोस सबूत मिल सके। इस मामले में अब तक 32 नामजद आरोपी बनाए गए हैं, जिनमें सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, झामुमो नेता कारू यादव, उसके पुत्र, पत्नी सहित अन्य समर्थक शामिल हैं। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है, लेकिन सभी आरोपी फरार हैं। इसी दौरान, फुलारीटांड़ स्थित आशा कोठी खटाल के अवैध कोयला डिपो पर भी बड़ी कार्रवाई की गई। धनबाद ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार के नेतृत्व में शनिवार को छापेमारी कर 100 टन अवैध कोयला जब्त किया गया। बरोरा क्षेत्रीय प्रबंधन को सूचना मिलने के बाद सीआइएसएफ जवानों और नोडल अधिकारी सिक्युरिटी के साथ जेसीबी और दो हाइवा मंगवाए गए। लगभग चार घंटे की मेहनत के बाद कोयला को उठाकर केकेसी लिंक साइडिंग में जमा किया गया। इस मामले में भी अलग से प्राथमिकी दर्ज की गई है। इन घटनाओं से यह स्पष्ट होता है कि धनबाद में अवैध गतिविधियों और राजनीतिक संघर्ष में पुलिस द्वारा ठोस कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि अपराधियों को सजा दिलाई जा सके और इलाके में कानून व्यवस्था बनाए रखी जा सके।

## स्वामी विवेकानंद के योगदान को किया याद, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

संवाददाता

**धनबाद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, धनबाद महानगर इकाई द्वारा हीरापुर स्थित स्वामी विवेकानंद चौक पर राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में पुष्पांजलि अर्पित की गई और माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद की शिक्षा और उनके योगदान को याद करते हुए उनके विचारों को समाज में लागू करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई, जिसमें परिषद के सदस्य एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदेश सह मंत्री अंशु तिवारी ने स्वामी विवेकानंद को एक महान संत, देशभक्त, वक्ता, विचारक और मानव प्रेमी के रूप में याद करते हुए कहा कि उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने भारतीय समाज में व्याप्त कुरीतियों और असमानताओं के खिलाफ आवाज उठाई, साथ ही भारतीय संस्कृति और आत्मविश्वास को बढ़ावा दिया।



उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में भी एक प्रमुख भूमिका निभाई और युवाओं को देश की सेवा में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। रवींद्रनाथ टैगोर ने स्वामी विवेकानंद के बारे में कहा था कि यदि आप भारत को जानना चाहते हैं तो विवेकानंद को पढ़िए। प्रादेशिक विश्वविद्यालय सहसंयोजक नीरज निखिल ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को समाज सुधार के संदर्भ में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारतीय समाज में व्याप्त गरीबी और भुखमरी की आलोचना की और समाज सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए। स्वामी जी ने बाल विवाह, निरक्षरता की समाप्ति के लिए भी संघर्ष किया और महिलाओं तथा निम्न जातियों के लिए अपने जीवन को समर्पित किया। उनके विचारों ने भारतीय समाज में बदलाव की नींव रखी, जो आज भी प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अखिल सिन्हा, प्रियंका गोराई, रिक्की, अभय, विशाल, शुभम, ऋषि, जैश, सोमू, बिट्टू, अर्पणा, साक्षी, भावना, अनुभव, राजा, अर्शद और अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। सभी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन और उनके कार्यों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके विचारों को समाज में फैलाने का संकल्प लिया।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर संकल्प एजुकेशन में नवोदय मॉक टेस्ट का आयोजन

संवाददाता

**कतरास।** संकल्प एजुकेशन अंगार पथरा ने स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए एक मॉक टेस्ट का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में धनबाद जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।



कार्यक्रम के आयोजक और संस्था के निर्देशक सहदेव महतो ने मॉक टेस्ट के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आत्मनिर्भर और पूर्ण रूप से तैयार करना है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों को प्रेरणास्त्रोत बताते हुए कहा, ₹उठो, जागो और तब तक न रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाय।₹ उन्होंने प्रतिभागी छात्रों को परीक्षा की तैयारी के अंतिम दिनों में अधिक से अधिक अभ्यास और लगन के साथ पढ़ाई करने का संदेश दिया। मॉक टेस्ट में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, तेतुलमारी के छात्र राजवीर सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक विद्यालय पासी टांड के छात्र प्रतीक कुमार और हिंदी गुजराती मध्य विद्यालय के छात्र युग आर्य ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। तीसरे स्थान पर सत्यम कुमार रहे। वहीं, बड्र्स गार्डन राजगंज के छात्र प्रियांशु मुर्मू, सर्वमंगला पब्लिक स्कूल की छात्रा वैष्णवी कुमारी और अजय कुमार ने चौथा स्थान प्राप्त किया। संकल्प एजुकेशन फाउंडेशन की ओर से सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। संस्था ने कहा कि इन पुरस्कारों का उद्देश्य बच्चों को और अधिक प्रेरित करना है ताकि वे अपने लक्ष्यों की ओर और अधिक मेहनत करें। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक मनोरमा देवी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जयंती बच्चों के लिए प्रेरणा का दिन है और इस मॉक टेस्ट के माध्यम से हमने उनके विचारों को छात्रों तक पहुंचाने का प्रयास किया है। कार्यक्रम में शिक्षक कुणाल कुमार शर्मा, ऋषि कुमार, शैलेंद्र कुमार यादव, अभिभावक कमला कुमारी, संगीता चौहान, उमाशंकर राम, नागेश्वर मल्लाह, परमेश दास, रंजीत कुमार महतो, चुन्नू ठाकुर और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों को शुभकामनाएं और स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने की प्रेरणा के साथ किया गया।

## महिलाओं ने मंईयां सम्मान योजना के लिए हेमंत सरकार का अभिनंदन किया

संवाददाता

**कतरास।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मंइया सम्मान योजना पर खुशी जाहिर करते हुए छाताबाद वार्ड संख्या-2 की महिलाओं ने एक कार्यक्रम आयोजित कर हेमंत सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। छाताबाद अटल क्लिनिक स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने झारखंड सरकार के मुख्य सचेतक और टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, बाघमारा के पूर्व विधायक जलेश्वर महतो और कांग्रेस नेता एवं वार्ड संख्या 2 के पार्षद प्रतिनिधि मासूम खान का पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि हेमंत है, तो हिम्मत है। सरकार ने जो वादा किया था, वह पूरा किया। मंइया सम्मान योजना में पहले एक हजार फिर ढाई हजार रुपये दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इंडिया



गठबंधन पर जनता ने भरोसा किया और हेमंत सोरेन की सरकार ने उस भरोसे को पूरा किया। पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो ने कहा कि इंडिया गठबंधन की हेमंत सरकार महिलाओं को सशक्त बना रही है ताकि राज्य की महिलाएं आत्मनिर्भर हो सकें। पार्षद प्रतिनिधि मासूम खान ने कहा कि हेमंत सरकार ने मंइया योजना के माध्यम से महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है, जिससे उनका आत्मबल भी मजबूत हुआ है और वे खुद को सुरक्षित महसूस कर रही हैं। कार्यक्रम की सफलता दशार्ती है कि महिलाएं मंइया सम्मान योजना से खुश हैं। कार्यक्रम का संचालन मो० नईम अंसारी और धन्यवाद ज्ञापन रोबिन पाल ने किया। इस आयोजन में सोनिया खातुन, खुश्बू परवीन, रूबी खातुन, जुबैदा खातुन, पारो खातुन, नुरैशा खातुन, फरदह खातुन, नशीमा खातुन सहित कई महिलाएं शामिल थीं।

## अध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर का चिटाहीधाम में आगमन 6 फरवरी को



संवाददाता

**कतरास।** आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक और विश्व प्रसिद्ध अध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर महाराज का आगमन 6 फरवरी को रामराज मंदिर चिटाहीधाम में होगा। यह आगमन रामराज मंदिर चिटाहीधाम में 4 फरवरी से 12 फरवरी तक आयोजित महायज्ञ तथा मंदिर के स्थापना दिवस सह वार्षिकोत्सव के दौरान होगा। श्री श्री रविशंकर जी का पदार्पण इस धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजन को और भी विशेष बना देगा। वे 6 फरवरी को गुरुवार के दिन दोपहर 2 बजे से यहां पर अध्यात्मिक प्रवचन देंगे। इस आयोजन को लेकर 10 जनवरी को बैंगलुरू स्थित आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम में सांसद ढुलू महतो की पत्नी सावित्री देवी और बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो अपनी पत्नी डोली देवी और पुत्र श्रीकांत राज के साथ श्री श्री रविशंकर जी से मिलकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने चिटाहीधाम में आयोजित महायज्ञ में भाग लेने के लिए गुरुजी को निमंत्रण दिया। इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग के झारखंड प्रभारी नवीन चौरसिया, विनोद कुमार, डॉ० मुकेश कुमार राय, धर्मवीर सिंह, रवीन्द्र सिंह, प्रियंका रंजन और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। यह धार्मिक आयोजन क्षेत्रवासियों के लिए एक विशेष अवसर होगा, जब वे गुरु श्री श्री रविशंकर जी के साथ आध्यात्मिक उन्नति की दिशा में मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे और रामराज मंदिर के उद्घाटन व महायज्ञ का हिस्सा बनेंगे।

## रेलवे फ्रेट कॉरिडोर में आदिवासी टोला का अस्तित्व समाप्त होने का खतरा, विधायक ने दिया पुनर्वास का आश्वासन

संवाददाता

**कुमारधुबी।** रेलवे के विस्तारीकरण (फ्रेट कॉरिडोर) की परियोजना के चलते शिवलीबाड़ी मध्य और एग्यारकुण्ड दक्षिण पंचायत के आदिवासी टोले का अस्तित्व संकट में पड़ गया है। आसनसोल रेल मंडल द्वारा 13 जनवरी से अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू करने की योजना बनाई गई है, जिसके परिणामस्वरूप इस आदिवासी टोले के 60 घरों में रहने वाली लगभग 300 लोगों की आबादी को बेघर होना पड़ सकता है। यह टोला लगभग 100 वर्षों से इस स्थान पर बसा हुआ है, और अब इन लोगों के पास सड़क पर रहने के अलावा कोई विकल्प नहीं रह जाएगा। टोला के निवासियों ने इस कठिन परिस्थिति के बीच विधायक अरूप चटर्जी से पुनर्वास की गुहार लगाई है। रविवार को विधायक चटर्जी ने इस आदिवासी टोले का दौरा किया, जहां उन्होंने लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। टोला के लोगों ने विधायक को बताया कि प्रावि मुण्डापाड़ा के पास छह एकड़ गैर



आबाद जमीन है, जिस पर भू माफिया फर्जी कागजात तैयार कर अवैध रूप से कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। अंचल के कुछ कर्मियों की मिलीभगत से यह जमीन बेचने की कोशिश की जा चुकी है। झारखंड के पूर्व कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने इस जमीन पर आदिवासी परिवारों के लिए कालोनी बनाने की योजना शुरू की थी, लेकिन कुछ कारणों से वह योजना अधूरी रह गई थी। टोला के लोग आश्वस्त करते हुए विधायक चटर्जी से यह अनुरोध कर रहे हैं कि सीओ की मदद से यहां पुनर्वास की ठोस व्यवस्था बनाई जाय। विधायक चटर्जी ने इस जमीन का जायजा लिया और कहा कि इस भूमि का उपयोग आदिवासी परिवारों के पुनर्वास के लिए किया जा सकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पहले इस अभियान को स्थगित कराने की पहल की जाएगी और फिर सीओ के साथ मिलकर विस्थापित परिवारों के लिए पुनर्वास की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। मार्च 2023 में रेलवे ने आदिवासी टोला के लोगों को अतिक्रमण हटाने की नोटिस दी थी। इसके बाद, लोगों ने जिलाधिकारी से पुनर्वास की मांग की थी। डीसी के निर्देश पर, सीओ ने इस विषय पर कुछ पहल की थी, लेकिन इस मुद्दे को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। अब विधायक चटर्जी ने इसे फिर से सक्रिय करने का निर्णय लिया है, ताकि विस्थापित परिवारों को उचित पुनर्वास मिल सके और उनका जीवन स्तर सुधारा जा सके।

## नगर कांग्रेस द्वारा अंबेडकर व गांधी के सम्मान में विशाल मार्च आयोजित

संवाददाता

**सिंदरी।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के निदेर्शानुसार सिंदरी नगर में भारतीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा दिए गए विवादास्पद बयान के खिलाफ एक विशाल मार्च का आयोजन किया गया। इस मार्च का उद्देश्य डॉ० भीमराव अंबेडकर और महात्मा गांधी के योगदान और उनके सम्मान की रक्षा करना था। मार्च के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जय बापू, जय भीम, जय संविधान के नारे लगाए और डॉ० अंबेडकर के योगदान को मान्यता देने के लिए सड़कों पर उतरे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के धनबाद जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, कार्यक्रम के पर्यवेक्षक लक्ष्मण तिवारी और गुड्डू खान उपस्थित थे। इस दौरान संतोष कुमार सिंह ने अपने




संबोधन में भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये दोनों संगठन हमेशा से संविधान और उसके निमार्ताओं के खिलाफ रहे हैं। उन्होंने कहा कि संविधान की नींव महात्मा गांधी और डॉ अंबेडकर ने रखी थी, और उनके योगदान को नकारना, देश के लोकतांत्रिक मूल्यों की अवहेलना करना है। संतोष कुमार सिंह ने संविधान सभा की बैठक की तारीखों का उल्लेख करते हुए कहा कि 6 दिसंबर 1946 को संविधान सभा की बैठक शुरू हुई थी और 26 नवंबर 1949 को संविधान को अपनाया गया। उन्होंने यह भी बताया कि महात्मा गांधी ने 19 नवंबर 1939 को संविधान निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण बयान दिया था, जिसमें उन्होंने स्वदेशी संविधान की आवश्यकता पर जोर दिया था। जबकि 30 नवंबर 1949 को आर एस एस के एक साप्ताहिक पत्र में संविधान को विदेशी बताया गया था, जिसे महात्मा गांधी और अंबेडकर के दृष्टिकोण से पूरी तरह असहमत बताया गया। नगर अध्यक्ष अजय कुमार ने अपने अध्यक्षीय भाषण में भारतीय जनता पार्टी की आलोचना करते हुए कहा कि पहले इस पार्टी ने महात्मा गांधी पर हमला किया, फिर पंडित नेहरू पर हमला किया और अब डॉ० अंबेडकर पर हमला करने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इसका मुंह तोड़ जवाब देगी और देश की जनता को यह साबित कर देगी कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना कांग्रेस पार्टी का प्रमुख उद्देश्य है। अजय कुमार ने जोर देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी ने यह संकल्प लिया है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को तोड़ने वाले किसी भी व्यक्ति को हम संसद से लेकर सड़क तक नहीं छोड़ेंगे। पिछली बार जनता ने भाजपा को 400 सीटों की बजाय केवल 240 सीटों पर समेट दिया था, यह भाजपा के खिलाफ जनता के गुस्से का संकेत है। गुड्डू खान ने स्पष्ट रूप से कहा कि भाजपा इतिहास को बदलने की कोशिश कर रही है, जिसे कांग्रेस पार्टी कभी सफल नहीं होने देगी। कार्यक्रम में सिंदरी से धनबाद जिले के पदाधिकारी, सिंदरी नगर के कार्यकर्ता और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने एकजुट होकर जोरदार नारे लगाए, जिनमें गांधी और अंबेडकर का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान! संविधान की रक्षा कौन करेगा? हम करेंगे! और पहले लड़े हम गोरों से, अब लड़ रहे हैं चोरों से जैसे नारे प्रमुख थे। इस मार्च का समापन डॉ० अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुआ, जिसमें कांग्रेसी नेताओं ने अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अजय कुमार नगर अध्यक्ष, लक्ष्मण तिवारी, अख्तर खान, गुड्डू खान, विदेश सिंह, दिलीप मिश्रा, रघुनाथ सिंह, सियाकांत दुबे, अजय सिंह, आफताब फरीदी, अंग्रहित दुबे, सोमनाथ दुबे, ओम प्रकाश, पूर्णेन्दु सिंह, सत्येंद्र सिंह, पारस जी, सत्यदेव सिंह, मुन्ना पांडेय, शैलेश पंडित, मंजूर अंसारी, ललन ठाकुर, आनंद कुमार, बंटी कुमार वासफॉर, नकुल कुमार सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे।

## श्री श्री दुःख हरण बाबा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा एवं ऐतिहासिक कलश यात्रा

संवाददाता

**धनबाद।** जिले के कतरास भंडारीडीह स्थित श्री श्री दुःख हरण बाबा मंदिर में 16 जनवरी से 22 जनवरी 2025 तक प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन होने जा रहा है। इस ऐतिहासिक और धार्मिक कार्यक्रम की शुरूआत 16 जनवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ होगी। कलश यात्रा भंडारीडीह बाबा मंदिर के प्रांगण से प्रारंभ होकर सूर्य मंदिर और नदी के किनारे जाएगी। इस यात्रा में लगभग 500 महिलाओं का दल भाग लेगा, जिसमें 251 कलश होंगे, साथ ही आकर्षक झांकियां, ताशा पार्टी, डीजे और टोली सिंगर के साथ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। कलश यात्रा में कई धार्मिक और ऐतिहासिक झांकियां शामिल होंगी, जिनमें झांसी की रानी, महाराणा प्रताप, शिव पार्वती, गणपति जी, राम सीता, हनुमान, कृष्ण राधा, नारायण लक्ष्मी, नारद जी, दुर्गा माता और काली माता के झांकियां प्रमुख होंगी। इस यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इस दौरान राम जन्मभूमि से लाई गई अखंड ज्योत का भी स्वागत किया जाएगा। यह ज्योत विशेष रूप से अयोध्या से मंगवाने का कार्य किया गया है। इस अखंड ज्योत को कतरास संकट मोचन मंदिर के पास पहुंचने पर ग्रामवासी और आयोजक दल द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। इस मौके पर छोटू पासवान, ललित प्रसाद गुप्ता, लक्ष्मण रवानी, संजय भुइयां, विजय पासवान, किशोरी पासवान, प्रकाश सिंह, मुकेश सिंह और श्रीकांत साव जैसे प्रमुख लोग उपस्थित थे।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, सोमवार 13 जनवरी 2025



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## सुभाषितम्

**देश का उद्धार विलासियों द्वारा नहीं हो सकता। उसके लिए सच्चा त्यागी होना आवश्यक है। - प्रेमचंद**

## नेता हों या संत, दोनों का राग एक

आप नेता से निराश होकर संत के पास जाएं और वहां भी आपको निराशा हो तो आप कहां जायेंगे? सवाल टेढ़ा है लेकिन इसका जबाब सीधा है कि आपको इन दोनों जमातों से सावधान रहना चाहिए। हमसे गलती ये हो रही है कि जब हम कम पढ़े-लिखे थे तब हमने देश की कमान विद्वान नेताओं के हाथों में दी थी और आज जब हम खूब पढ़-लिख गए हैं तब हम मूढ़ और कूढ़ मगज नेताओं को अपना भविष्य सौंप रहे हैं। आज के संत में भी इन्हीं नेताओं की भाषा बोलने लगे हैं। संतों के दिल भी समंदर जैसे नहीं रहे। वे भी हिन्दू-मुसलमान पर आ चुके हैं। देश के शंकराचार्यों को मैं क्या, पूरा देश और दुनिया परम विद्वान मानती है, किन्तु उनके वक्तव्यों से मुझे अब उनकी विद्वत्ता पर संदेह होने लगा है। मेरे संदेह करने के अनेक कारण हैं। लेकिन इन कारणों पर बाद में बात करते हैं। पहले नेताओं और संतों के एक से सुरों को पहचानते हैं। आपने स्वामी अविमुक्तेश्वरानद सरस्वती का नाम सुना ही होगा। वे ज्योतिर्मठ द्वारिका पीठ के शंकराचार्य है। देश के चारों शंकराचार्यों में वे शायद सबसे कम उम्र के शंकराचार्य है। वे मुझसे भी उम्र में दस साल छोटे हैं। प्रतापगढ़ के पट्टी तहसील के ब्राह्मणपुर गांव में 15 अगस्त 1969 को जन्मे स्वामी अविमुक्तेश्वरानद ने प्रयागराज में एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में कहा कि भारत के मुसलमानों को या तो पाकिस्तान चले जाना चाहिए नहीं तो पाकिस्तान का फिर से भारत में विलय होना चाहिए। जो बात स्वामी जी ने कही है वो ही बात राष्ट्रिय स्वयं सेवक संघ और भाजपा की पूरी फौज आज से नहीं बीते 75 साल से कहती आ रही है। यानि स्वामी जी का चरित्र और आरएसएस का चरित्र एक जैसा है।

दोनों आज भी हिन्दू-मुसलमान में उलझे हुए हैं और पूरे देश को इसी में उलझाए हुए हैं। स्वामी जी का बाल सुलभ सवाल है कि जब धर्म के आधार हमारे देश के दो टुकड़े हो गए और मुसलमान वहां जाकर रहने लगे उसे इस्लामिक देश भी बना लिया. तो भी कुछ लोग यहां क्यों रह रहे हैं ? अब जब आपने अपना देश ले लिया तो बंटवारे के बाद मुस्लिमों को अपने देश में रहना चाहिए. बंटवारा भी हो गया और फिर भी हमारे घर में पैर पसार कर रह रहे हैं ? स्वामी जी से पूछिए की जिन लोगों ने विभाजन स्वीकार ही नहीं किया वे ही तो भारत में रह। कितने हिन्दू थे जो पाकिस्तान में रह गए, क्या उन्हें आजादी के बाद किसी भारत सरकार या शंकराचार्य ने भारत लाने के लिए कहा? कौन ,कहाँ रहना चाहता है ये तो मन का सौदा है। दुनिया के कितने मुस्लिम और ईसाई देशों में हिन्दुओं ने रोजी -रोटी कि लिए पांव पसरे हैं ,क्या उन्हें भी उन देशों को बाहर कर देना चाहिए? मुझे स्वामी अविमुक्तेश्वरानद की मेधा पर पहले भी संदेह था और आज भी है। उनके ऊपर सरस्वती नहीं संघ की विचारधारा विराजती है। वे धर्म गुरु हैं या नेता ये समझना कठिन है। स्वामी जी के पूर्व के स्वामी जी स्वतंत्रता सैनानी थे, कांग्रेसी विचारधारा के थे,अख्खड़ थे, लेकिन उन्होंने भी कभी नहीं कहा कि भारत के मुसलमानों भारत छोडो। स्वामी स्वरूपानद सरस्वती जी ने देश में साईं बाबा की पूजा के नाम पर विवाद खड़ा किया था। बाद में तमाम शहरों से हिन्दूओ निष्ठ संगठनों ने साईं बाबा की मूर्तियों को नजरबंद कर दिया था। लेकिन ये स्वामी तो अपने गुरु से भी दो कदम आगे निकल गए। जाहिर है कि इनके मन में भी जातिवाद का जहर भरा हुआ है। इनके भीतर भी संतों के मन में स्वाभाविक रूप से होने वाली उदारता नहीं है। ये न नवनीत कि समान हैं और न चंदन कि समान। हमारे शंकराचार्य परम और उद्भट विद्वान हैं लेकिन विश्व बंधुत्व और बसुधैव कुटुंब के सिद्धांत को शायद न जानते हैं और न मानते हैं। वे हिन्दू और मुसलमान मानते और जानते हैं।

वे धर्मध्वजाएं उठाकर विश्व का भ्रमण करने का साहस नहीं रखते। वे यहीं धूनी रमाकर बैठे हैं। यदि उन्होंने विश्व भ्रमण किया होता तो आज उन्हें हिन्दू धर्म खतरे में है, का राग नहीं अलापना पड़ता। दरअसल हिन्दू धर्म खतरे में न पहले था और न आज है और न कल होग। असली खतरा तो इन पीठों, मठों और अखाड़ों को है, जो एक अनुत्पादक प्रकल्प हैं। देश उनकी बातों पर ध्यान नहीं देता, यदि दे रहा होता तो ये बाबे पिछले आम चुनाव में भाजपा को 400 पार न करा देते। मुझे ये कहने में कोई संकोच या भय नहीं है कि हमारे देश में बाबाओं की फौज हमारी युवा पीढ़ी को वैज्ञानिक दृष्टि देने के बजाय उन्हें पोंगा पंडित बनाने कीउधेड़बुन में हैं। कुम्भ में ही 13 साल की राखी सिंह धाकरे को 'जो कि पढ़-लिखकर आईएएस बनना चाहती थी' जूना अखाड़े में शामिल करने की कोशिश की गयी। जैसे ये संत-महंत और महामंडलेश्वर हमारी युवा पीढ़ी का बड़ा गर्क कर रहे हैं वैसे ही हमारे राजनीतिक दल कर रहे है। भाजपा तो इस काम में अग्रणीय है। उसने तो दस साल में अंधभक्तों की एक ऐसी फौज तैयार कर ली है जिसके पास वैज्ञानिक दृष्टि का घोर अभाव है। बाबा यानि भगवा फौज और देश के भाग्यविधाता मिलकर देश को दुनिया से प्रतिस्पर्द्धा के लायक बनाने के बजाय देश को सौ साल पीछे धकेलने में लगे हैं। हमारी सरकारें पहले से धर्मभीरु है। जनता के टैक्स का पैसा धार्मिक कॉरिडोर बनाने पर खर्च किया जा रहा है।

# दिशा बदलिए, दशा स्वयं बदल जाएगी!

**राजीव थेपड़ा**

पंचतंत्र में एक कुत्ते की एक कथा आती है, जो बहुत दिनों से भूखा था और एक दिन वह अपने भोजन की तलाश में चलते-चलते एक नदी के निकट पहुंचा। नदी के तट पर एक वृक्ष था, जो बिल्कुल सूखा हुआ था, उस पर एक भी पत्ता नहीं था, केवल शाखाएं ही बची थी। उनमें से एक शाखा पर एक रोटी लटक रही थी और उस वृक्ष पर लटकी रोटी का प्रतिबिंब नीचे नदी के पानी में पड़ रहा था। कुत्ते ने पानी की ओर देखा, तो उसे पानी में रोटी दिखाई दी और रोटी के लिए उसने नदी में छलांग लगा दी। नदी का पानी हिला तो रोटी तैर कर आगे जाती हुई प्रतीत हुई और जब वह रोटी को पकड़ने के लिए आगे बढ़ा, तो रोटी और आगे बढ़ती प्रतीत हुई! इस प्रकार वह रोटी को पाने के प्रयास में आगे बढ़ता गया और अंत में वह तैरता तैरता थक गया और अंततः गहरी नदी में जाकर डूब गया! तो इस बोध कथा का सत्व यही है कि संभवतः हमारा जीवन भी ऐसा ही है!

हम एक ऐसी भूख से घिरे हुए हैं, जिसका कोई अंत नहीं है! हमारे अंदर इच्छाओं का एक अनंत सागर सदैव लहराता रहता है और उसमें हमारे द्वारा कल्पित की जाती भांति भांति की वस्तुएं और साधन उन्हीं रोटियां के रूप में हमारी इच्छाओं के सागर में तैरती रहती है और उनमें से जैसे ही हम किसी वस्तु को पा लेते हैं, वैसे ही उस वस्तु पर हमारा आकर्षण खत्म हो जाता है और फिर अगली रोटी के रूप में हमें कोई नई वस्तु दिखाई देने लगती है! इस प्रकार अनेकानेक वस्तुओं का अंबार लगाते हुए कभी भी इस विषय पर जरा भी विचार नहीं कर पाते कि जब वह वस्तुएं हमारे पास नहीं थी और उन वस्तुओं में हमारा घोर आकर्षण था किन्तु उन वस्तुओं के हमारे जीवन में प्रवेश पाते ही हमारा वह आकर्षण खत्म कैसे और क्यों हो गया? यहां तक कि हमने अपने ही शौक से लाई गई उन समस्त वस्तुओं को देखना भी छोड़ दिया! आखिर इसका कारण क्या है? लेकिन हमारे मन में ऐसे विचार आना तो बहुत दूर की बात है! बल्कि जैसे ही किसी वस्तु के हमारे निकट आते ही उसमें हमारा आकर्षण खत्म हो जाता है और हम फिर से एक नई वस्तु की कामना करने लगते हैं! इस प्रकार एक के बाद एक, एक के बाद एक, एक के बाद एक हमारी कामनाएं, हमारी इच्छाएं बढ़ती चली जाती हैं किन्तु कभी भी हमारी उन इच्छित वस्तुओं के हमारे जीवन में आने के पश्चात हमारी बुद्धि उसके बारे में तनिक भी नहीं विचार कर पाती, जो हमें बार-बार किसी अन्य चीज की इच्छा करवाती है और इस प्रकार हम वस्तुओं में आनंद ढूंढते ढूंढते वस्तुओं का अंबार पैदा लगाते चले जाते हैं, लेकिन हमें आनंद नहीं मिलता!! किंतु ऐसा क्यों है यह हम हम क्यों नहीं जान पाते? क्योंकि वस्तुओं में आनंद निहित ही नहीं है! वह तो केवल और केवल अपने स्वयं के भीतर है और मजा यह है कि उसके लिए भी हमें विशेष कुछ करना नहीं पड़ता! केवल थोड़ा सा अपने भीतर उतरना और विचारना भर पड़ता है या यूं कहूं कि अपने आप को ईमानदारी से देखना भर होता है और समस्त संसार का सच और अपने भीतर की गहराई खुद ब खुद मालूम चलने लगती है और उस बोधकथा का एक अन्य सार यह भी है कि यदि सचमुच ही उस कुत्ते में बुद्धि होती, तो वह पानी में छलांग लगाने के बजाय उस वृक्ष पर चढ़ने की चेष्टा करता, जिस पर वह रोटी टंगी हुई थी! लेकिन उसने नदी में दिखते रोटी के प्रतिबिंब को देखकर नदी में ही छलांग लगा दी और उस रोटी को पाने के प्रयास में वह अंततः मर गया!!

इस प्रकार हमारा आनंद भी यह रोटियां यह वस्तुएं नहीं है! हमारा आनंद न सम्मान में है, न शासन में है, ना मकान में है, ना संपत्ति में है, ना दुकान में है! हमारा आनंद केवल और केवल हमारे अंदर है! हमारे खुद के अंदर छलांग भर लगानी है और तत्क्षण ही हमें पता चल जाएगा कि हम किस प्रकार के भ्रांतियों में अपना जीवन व्यर्थ बिताए चले जा रहे हैं! तरह-तरह की प्रतिष्ठा, धन इत्यादि के लिए हमारी जो प्रतिष्ठा प्रतिस्पर्धा दुनिया में दुनिया से जारी है और उसमें हम अपना अमूल्य समय गंवाए दे रहे हैं। यह हमारी बहुत ही बड़ी मूर्खता है! हम इस मूर्खता से बाहर निकलें और इससे निकलने का साधन वही है, अपने भीतर उतरना। जिस किसी दिन मनुष्य अपने भीतर उतरना सीख जाएगा, आत्म अवलोकन करना सीख जाएगा, उस दिन मनुष्य को अपने आनंद के लिए इधर-उधर विचरने की, इधर-उधर भागने की और तरह-तरह के साधनों में अपना आनंद ढूंढने की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी! जब तक मनुष्य अपने भीतर के सद् चित आनंद को नहीं समझ पाता, तब तक उसे मनुष्यों के समस्त आडंबर, ये धन दौलत के अंबार, ये प्रतिष्ठा उसी प्रकार ये अपने आप को, अपने कुल को, अपने धर्म को और अपने से जुड़े तमाम समस्त उपमानों को एक विशेष प्रतिष्ठा देने की व्यर्थतता समझ नहीं आ पाती! किंतु जिस किसी दिन भी, जिस किसी पल भी उसे आनंद के इस स्रोत का पता चलता है, उसी क्षण वह बिल्कुल एक नए मनुष्य में परिवर्तित हो जाता है! और तब उसे अपने द्वारा किए जा रहे अनेकानेक कार्यों की व्यर्थतता का असल बोध होता है, वैसे ही वह इस सच को जान लेता है कि किस प्रकार वह अपने जीवन के अमूल्य समय को उल्टी-सीधी प्रतिष्ठा को पाने के लिए गंवा रहा है; जिस प्रकार जिस क्षण भी हमें यह पता चलता है कि हमारे हाथ में एक जलता हुआ कोयला रखा है, या फिर हमारी जीभ पर जहर की बूंद है! तो हम क्या करते हैं? तो तत्क्षण ही हम उसे हाथ झटक कर उसे गिरा देते हैं या उसे उगल देते हैं! जीवन की इन शक्तियों का बोध भी इसी प्रकार है। जिस क्षण भी हमें यह बोध होता है, उस क्षण ही हमारे अंदर से बहुत सारी प्रवृत्तियां स्वयंमेव ही विदा हो जाती हैं और हम बिल्कुल ही एक नया जीवन जीने लगते हैं!

इस प्रकार यह बात अपने आप साबित हो जाती है कि हम अपने जीवन को जब कभी भी, जो भी दिशा देना चाहते हैं, यदि हमारे भीतर सच्चाई और ईमानदारी है, तो हम सहज ही उस दिशा की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। हमें केवल सोचना भर होता है कि हमें पाना क्या है? और जाना कहां है? और जैसे ही हम उसे दिशा की ओर प्रवृत्त होते हैं, हमें मनुष्य और मनुष्य के बीच प्रेम होने की बातें करनी ही नहीं पड़ती, क्योंकि जब हम सद्प्रवृत्तियों की ओर उन्मुख होते हैं, तो प्रेम करना जैसी बात नहीं होती, बल्कि प्रेम स्वयं में हमारा स्वभाव बन जाता है! और यदि सचमुच ऐसा हो जाए तो संभव है कि मनुष्य आपस में प्रेम से रहने के सुखद रसों की राहों पर चल पड़े और जिस दिन संसार के आधे मनुष्यों में भी ऐसा भाव पैदा हो गया, उस दिन संसार अपने आप ही स्वर्ग बन जाएगा ! उसके लिए किसी कल्पित स्वर्ग या जन्नत या उसमें बसी 72 हूरों अथवा अप्सराओं की कल्पना ही नहीं करनी पड़ेगी! और ना ही इसके लिए हमें मानव हत्याएं करने को विवश होना पड़ेगा!

जिन हूरों को पाने के लिए हमें स्वयं अपने ही बंधु बांधवों का रक्तपात करना पड़ता हो! जिसके लिए हमें अपने ही धर्म के श्रेष्ठ होने का व्यर्थ का अहंकार पालना पड़ता हो और जिसके लिए हमें दूसरे धर्म के लोगों के लिए नफरत तय करनी पड़ती हो! तो इस प्रकार घृणा और नफरत के बीज बोते चले जाते हैं तो जिस प्रकार किसी पौधे की कोई शाख काट देने पर उसमें कई शाखाएं निकल आती हैं! इसी प्रकार नफरत के बीज जो हम होते हैं तो उसके परिणाम स्वरूप, उसके कारण होने वाले रक्तपात से उससे भी कई गुना घृणा व नफरत की फैसले पैदा हो जाती हैं! काश हम यह मामूली सी सच्चाई को समझ लेते! काश हम सचमुच धर्म की गहराई को समझते हुए धर्म को प्राणी मात्र के हित का कारक समझ लेते! और तदनुरूप अपना व्यवहार करने का प्रयास करते, तो वास्तविक अर्थो में इस धरती पर एक विराट धर्म साकार रूप ले लेता !

किन्तु इस अनंत समय में, इस ब्रह्मांड में व्याप्त इस छोटी सी धरती पर देर कभी नहीं होती ! यदि स्वयं को सभ्य और सुसंस्कृत मनुष्य समझने का भ्रम पाले हुए हम समस्त मनुष्य अब भी अपने भीतर की इन भ्रांतियां को दूर कर एक नई दिशा की ओर चलने को प्रवृत्त हो पाए, तो एक बार फिर से मनुष्यता इस धरती पर फूलों की तरह खिल-खिल उठे और यह धरती उस स्वर्ग की भांति बन जाए, जिसकी अभी तक हम कल्पना मात्र करते चले आ रहे हैं!!

## स्वामी विवेकानंद: 'ब्रह्म सत्यम, जगत मिथ्या' की व्याख्या और इसकी प्रासंगिकता

**विनय कुमार तिवारी**




स्वामी विवेकानंद भारतीय दर्शन के उस प्रकाश स्तंभ का नाम है, जिसने भारत के प्राचीन अद्वैत वेदांत को आधुनिक युग की सामाजिक और आध्यात्मिक आवश्यकताओं के साथ जोड़ा। उनके विचार 'ब्रह्म सत्यम, जगत मिथ्या' के सिद्धांत पर आधारित थे। लेकिन उन्होंने इसे केवल दार्शनिक दृष्टिकोण तक सीमित नहीं रखा। उन्होंने इसे व्यावहारिक जीवन में लागू करने का मार्ग दिखाया और इसे मानवता की सेवा और आत्मबोध का साधन बनाया। स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ था। उनके बचपन का नाम नरेंद्रनाथ दत्त था। वे बचपन से ही जीवन और धर्म के गूढ़ प्रश्नों के उत्तर खोजने के लिए उत्सुक रहते थे। उनकी यह खोज उन्हें श्री रामकृष्ण परमहंस के सान्निध्य में ले आई। रामकृष्ण परमहंस ने उन्हें सिखाया कि ईश्वर केवल मंदिरों में नहीं, बल्कि हर व्यक्ति और हर जीव में निवास करते हैं। उनके विचार ने नरेंद्रनाथ को इस सत्य को समझने के लिए प्रेरित किया कि ब्रह्म ही एकमात्र सत्य है और यह संसार एक अस्थायी और मायावी स्वरूप है। 'ब्रह्म सत्यम, जगत मिथ्या' का शाब्दिक अर्थ है कि ब्रह्म, अर्थात परम सत्य, ही वास्तविकता है और यह संसार एक माया है। स्वामी विवेकानंद ने इस सिद्धांत को गहराई से समझा और इसकी व्याख्या की। उनके अनुसार, यह संसार नकारा नहीं जा सकता, क्योंकि यह आत्मा के विकास और सत्य के अनुभव का एक माध्यम है। यह सत्य है कि संसार अस्थायी और परिवर्तनशील है, लेकिन यह हमें ब्रह्म तक पहुंचने का मार्ग प्रदान करता है। विवेकानंद ने 'जगत मिथ्या' की अवधारणा को निष्क्रियता का माध्यम नहीं बनने दिया। उन्होंने इसे आत्मा की जागृति और मानवता की सेवा का आधार बनाया। उनके लिए, 'जगत मिथ्या' का अर्थ संसार को त्यागना नहीं था, बल्कि इसे ब्रह्म की अभिव्यक्ति के रूप में देखना था। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह संसार ब्रह्म का प्रतिबिंब है और इसमें प्रत्येक व्यक्ति के भीतर दिव्यता विद्यमान है। उनका दृष्टिकोण इस विचार को समाज और जीवन से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि यदि हर व्यक्ति के भीतर ब्रह्म का वास है, तो प्रत्येक व्यक्ति का सम्मान करना और उसकी सेवा करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने गरीबों और वंचितों की सेवा को सच्ची पूजा बताया। यह विचार 'दरिद्र नारायण' की उनकी अवधारणा में प्रकट होता है, जिसमें वे गरीबों को भगवान का स्वरूप मानकर उनकी सेवा करने की प्रेरणा देते हैं। स्वामी विवेकानंद के लिए 'ब्रह्म सत्यम, केवल एक सैद्धांतिक सत्य नहीं था। यह जीवन का एक मार्गदर्शक सिद्धांत था, जो आत्मबोध और समाज सेवा का संदेश देता है। उनका मानना था कि सच्चा धर्म वही है, जो मानवता की सेवा में निहित है। उन्होंने सिखाया कि धर्म का उद्देश्य केवल व्यक्तिगत मुक्ति नहीं है, बल्कि यह समाज को जागृत करने और हर व्यक्ति को अपने भीतर की शक्ति को पहचानने का साधन भी है।

शिकागो की धर्म महासभा में दिए गए उनके ऐतिहासिक भाषण ने न केवल भारतीय दर्शन को पश्चिमी समाज में स्थापित किया, बल्कि यह भी दिखाया कि भारतीय वेदांत कितनी गहराई और व्यापकता से जीवन के हर पहलू को छूता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय दर्शन में 'जगत मिथ्या' का अर्थ संसार को अस्वीकार करना नहीं, बल्कि इसे ईश्वर को समझने और सेवा करने का माध्यम बनाना है। रामकृष्ण मिशन की स्थापना भी उनके इस सिद्धांत की व्याख्या का प्रतीक है। उन्होंने इस मिशन को मानवता की सेवा और समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य और समानता लाने का एक माध्यम बनाया। उनके लिए सेवा और आत्मबोध एक ही सिक्के के दो पहलू थे। स्वामी विवेकानंद का जीवन 'ब्रह्म सत्यम, जगत मिथ्या' के सिद्धांत का सजीव उदाहरण था। उन्होंने यह दिखाया कि यह संसार भले ही अस्थायी और परिवर्तनशील हो, लेकिन यह आत्मा की प्रगति और मानवता की सेवा का क्षेत्र भी है। उनके विचार आज भी हमें प्रेरणा देते हैं कि हम अपने भीतर छिपे ब्रह्म को पहचानें और इस संसार को सकारात्मक बदलाव का माध्यम बनाएं।

उनका जीवन और शिक्षाएं यह सिखाती हैं कि सच्चा ज्ञान वही है, जो सेवा, प्रेम और आत्मबोध के साथ चलता है। उनका दर्शन केवल भारतीय समाज के लिए नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए प्रासंगिक है। उन्होंने 'ब्रह्म सत्यम, जगत मिथ्या' के सिद्धांत को व्यावहारिक जीवन का आधार बनाया और यह सिखाया कि आत्मा की परिपूर्णता और मानवता की सेवा से ही जीवन सार्थक बनता है।

# लोहड़ी : खुशियों का संदेशवाहक पर्व


योगेश कुमार गोयल

**लोहड़ी (13 जनवरी) पर विशेष**

उत्तर भारत में मनाया जाने वाला प्रमुख पर्व है लोहड़ी। पंजाब, हरियाणा तथा हिमाचल प्रदेश में खासतौर से पंजाबी समुदाय में तो इस पर्व पर एक अलग ही उत्साह देखा जाता है। यह ऐसा त्यौहार है, जो आधुनिक युग के व्यस्तता भरे माहौल में सुकून भरे कुछ पल लेकर आता है और लोग सारी व्यस्तताएं भूलकर भरपूर जोश और उल्लास के साथ इस पर्व का भरपूर आनंद लेते हैं। पंजाब तथा जम्मू कश्मीर में तो लोहड़ी पर्व मकर संक्रांति के रूप में ही मनाया जाता है। सिंधी समाज में भी मकर संक्रांति से एक दिन पहले लोहड़ी के रूप में 'लाल लाही' नामक पर्व मनाया जाता है। लोहड़ी को लेकर कुछ लोककथाएं भी प्रचलित हैं। मान्यता है कि कंस ने इसी दिन लोहिता नामक एक राक्षसी को श्रीकृष्ण का वध करने के लिए भेजा था, जिसे श्रीकृष्ण ने खेल-खेल में ही मार डाला था और उसी घटना की स्मृति में यह पर्व मनाया जाने लगा। लोहड़ी पर अग्नि प्रज्जवलित करने के संबंध में एक लोककथा यह भी है कि दक्ष प्रजापति की पुत्री सती के योगाग्नि दहन की स्मृति में ही इस दिन अग्नि प्रज्जवलित की जाती है। लोहड़ी को लेकर सर्वाधिक प्रचलित कथा दुल्ला भट्टी नामक डाकू से संबंधित रही है, जिसे 'पंजाबी रॉबिनहुड' का दर्जा प्राप्त है। जिस प्रकार होली जलाई जाती है, ठीक उसी प्रकार लकड़ियां एकत्रित कर लोहड़ी के अवसर पर अलाव जलाये जाते हैं और अग्नि का तिलों से पूजन किया जाता है। जिस दिन यह पर्व मनाया जाता है, उस दिन कड़ाके की ठंड होती है और उत्तर भारत में अधिकांश जगहों पर घने कोहरे के बीच तापमान प्रायः शून्य से पांच डिग्री के बीच होता है लेकिन इतनी ठंड के बावजूद इस पर्व के प्रति लोगों का उत्साह देखते बनता है। लोहड़ी के पावन अवसर पर लोग घरों के बाहर अलाव जलाकर यह पर्व धूमधाम से मनाते हैं। इस पर्व का संबंध उस उत्सव से भी माना गया है, जिसमें सर्दी को अलविदा कहते हुए सूर्यदेव का आह्वान करते हुए कहा जाता है कि वह इस माह अपनी किरणों से पृथ्वी को इतना गर्म कर दे कि ठंड से किसी को कोई नुकसान न पहुंचे और लोग आसानी से सर्दी के मौसम का मुकाबला कर सकें। माना जाता है कि इसी दिन से सर्दी कम होने लगती है।

लोग अपने घरों के बाहर अलाव जलाकर ठंड से बचाव करने के साथ-साथ अग्नि की पूजा भी करते हैं ताकि उनके घर में अग्निदेव की कृपा से सुख-समृद्धि का साम्राज्य स्थापित हो सके। हरियाणा व पंजाब में जिस घर में नई शादी हुई हो अथवा संतान (लड़के) का जन्म हुआ हो या शादी की पहली वर्षगांठ का मौका हो, ऐसे परिवारों में लोहड़ी का विशेष महत्व होता है। इन परिवारों में लोहड़ी के अवसर पर उत्सव जैसा माहौल होता है। आसपास के लोगों के अलावा रिश्तेदार भी इस उत्सव में सम्मिलित होते हैं। घर में अथवा घर के बाहर खुले स्थान पर अग्नि जलाकर लोग उसके इर्द-गिर्द इकट्ठे होकर आग सेंकते हुए अग्नि में मूंगफली, गुड़, तिल, रेवड़ी, मक्का के भुने हुए दानों इत्यादि की आहूति देते हैं और रातभर भंगड़ा, गिद्धा करते हुए मनोरंजन करते हैं तथा बधाई देते हैं।

लोहड़ी का संबंध सुन्दरी नामक एक ब्राह्मण कन्या और दुल्ला भट्टी नामक कुख्यात डाकू से जोड़कर देखा जाता रहा है। दुल्ला भट्टी अमीरों का धन लूटकर निर्धनों में बांट दिया करता था। कहा जाता है कि गंजीबार क्षेत्र, जो इस समय पाकिस्तान में है, में एक ब्राह्मण रहता था, जिसकी सुन्दरी नामक एक बहुत खूबसूरत बेटी थी, जो इतनी खूबसूरत थी कि उसके सौन्दर्य की चर्चा गली-गली में होने लगी थी। जब उसके बारे में गंजीबार के राजा को पता चला तो उसने ठान लिया कि वह सुन्दरी को अपने हरम की शोभा बनाएगा। तब उसने सुन्दरी के पिता को संदेश भेजा कि वह अपनी बेटी को उसके हरम में भेज दे। इसके लिए ब्राह्मण को तरह-तरह के प्रलोभन भी दिए मगर ब्राह्मण अपनी बेटी को राजा की रखैल नहीं बनाना जाता था। उसे समझ नहीं आ रहा था कि वह क्या करे? जब उसे कुछ नहीं सूझा तो उसे जंगल में रहने वाले कुख्यात डाकू दुल्ला भट्टी का ख्याल आया, जो गरीबों व शोषितों की मदद करने के लिए हमेशा तत्पर रहता था। घबराया ब्राह्मण अपनी बेटी सुन्दरी को लेकर उसी रात उसके पास पहुंचा और विस्तार से सारी बात बताई। दुल्ला भट्टी ने ब्राह्मण की व्यथा सुन उसे सांत्वना दी और रात को ही एक योग्य ब्राह्मण लड़के की तलाश कर सुन्दरी को अपनी ही बेटी मानकर उसका कन्यादान अपने हाथों से करते हुए उस युवक के साथ सुन्दरी का विवाह कर दिया।

गंजीबार के राजा को इसकी जानकारी मिली तो वह बौखला उठा। उसके आदेश पर उसकी सेना ने दुल्ला भट्टी के ठिकाने पर धावा बोल दिया किन्तु दुल्ला भट्टी और उसके साथियों ने राजा को बुरी तरह धूल चटा दी। दुल्ला भट्टी के हाथों गंजीबार के शासक की हार होने की खुशी में गंजीबार में लोगों ने अलाव जलाए और दुल्ला भट्टी की प्रशंसा में गीत गाकर भंगड़ा डाला। कहा जाता है कि तभी से लोहड़ी के अवसर पर गाए जाने वाले गीतों में सुन्दरी व दुल्ला भट्टी को विशेष तौर पर याद किया जाने लगा। लोहड़ी से पहले ही बच्चे इकट्ठे होकर लोहड़ी के गीत गाते हुए घर-घर जाकर लोहड़ी मांगने लगते हैं।

इस दिन उत्सव के लिए लकड़ियां व उपले एकत्र करने के लिए भी बच्चे कई दिन पहले ही जुट जाते हैं। वैसे समय बीतने के साथ-साथ अब घर-घर से लकड़ियां मांगकर लाने की परम्परा समाप्त होती जा रही है। बहुत से स्थानों पर लोग अब लकड़ियां व उपले बच्चों के जरिये मांग-मांगकर एकत्र कराने के बजाय खरीदने लगे हैं।

लोहड़ी के दिन सुबह से ही रात के उत्सव की तैयारियां आरंभ हो जाती हैं और रात के समय लोग अपने-अपने घरों के बाहर अलाव जलाकर उसकी परिक्रमा करते हुए उसमें तिल, गुड़, रेवड़ी, चिड़वा, पॉपकॉर्न इत्यादि डालते हैं और माथा टेकते हैं। उसके बाद अलाव के चारों ओर बैठकर आग सेंकते हैं। तब शुरू होता है गिद्दा और भंगड़ा का मनोहारी कार्यक्रम, जो रात्रि में देर तक चलता है और कहीं-कहीं तो पूरी-पूरी रात भी चलता है। अगले दिन प्रातः अलाव ठंडा होने पर मौहल्ले के सभी लोग इसकी राख को 'ईश्वर का उपहार' मानते हुए अपने-अपने घर ले जाते हैं। यह पर्व सही मायने में समाज में प्रेम व भाईचारे की अनूठी मिसाल कायम करता है।

## आज का राशिफल

**मेष :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।

**वृष :** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी।

**मिथुन :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा। कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी।

**कर्क :** नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। पूरे मनोयोग से कार्य करें।

**सिंह :** कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे।

**कन्या :** भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।

**तुला :** योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक :** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे।

**धनु :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**मकर :** मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। शुद्ध गोचर का लाभ।

**कुंभ :** मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**मीन :** सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

# विवेकानंद जयंती पर ग्राहक पंचायत ने मनाया समर्पण दिवस, आयोजित किया मैत्री क्रिकेट मैच




संवाददाता

**हजारीबाग।** विवेकानंद जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की जिला इकाई ने समर्पण दिवस के रूप में आयोजन किया। इस विशेष अवसर पर स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करते हुए भारत को परम वैभव पर ले जाने का संकल्प लिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध होमियोपैथिक चिकित्सक और संस्कार भारती के पदाधिकारी डॉ॰ प्रहलाद ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पार्चन कर समर्पण दिवस समारोह का उद्घाटन किया। समारोह में डॉ॰ प्रहलाद ने स्वामी विवेकानंद और युवा भारत की परिकल्पना पर विचार करते हुए कहा कि देश के युवाओं को अब सबसे ज्यादा युवा बनने और दिखने की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे प्रत्येक दिन एक घंटा राष्ट्र कार्य और स्वयं के स्वास्थ्य पर खर्च करें और तन, मन, धन से मां भारती की सेवा में लग जाएं। वरिष्ठ सदस्य कुणाल कुमार सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत का गौरव और शक्ति केवल युवा शक्ति में छिपी है। आने वाले दिनों में युवा भारत, भारत मां को उसकी खोई हुई महिमा वापस दिलाएगा। सदस्य मो॰ फैजल ने ग्राहक पंचायत और युवा दिवस के महत्व पर बात करते हुए बताया कि हम सभी को जागरूक बनना होगा और संगठन के लिए सहयोग की आवश्यकता है। प्रांत सह सचिव अरविंद राणा ने बताया कि ग्राहक पंचायत पूरे देश में 1974-75 से कार्य कर रही है और ग्राहक जागरण के माध्यम से राष्ट्र जागरण का काम कर रही है। समारोह के दौरान निधि संग्रह पर भी चर्चा की गई और इसके माध्यम से संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। धन्यवाद ज्ञापन सचिन खंडेलवाल ने किया। इस समर्पण कार्यक्रम में अभिषेक पांडेय, मो॰ एजाज, मो॰ फैज, महेश रविदास, रवि कुमार, अनुज सिन्हा, आशीष कुमार साव, शीतेश तिवारी, फैज अनवर, प्रदीप कुमार सिन्हा, अनिल कुमार, पुरुषोत्तम कुमार, सूरज कुमार, सागर कुमार, संजय विश्वकर्मा, मो॰ फैजल, रुपांशू सहित अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के बाद विवेकानंद जयंती के अवसर पर एक मैत्री क्रिकेट मैच भी आयोजित किया गया। इस मैच में टीम विवेकानंद और टीम चंद्रशेखर आजाद के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। टीम विवेकानंद ने 101 रन का लक्ष्य दिया, जिसमें संतोष यादव ने 46 रन बनाए, जबकि कप्तान कुणाल कुमार सिंह ने 22 रन बनाए। दूसरी ओर, टीम चंद्रशेखर आजाद के पंकज कुमार सोनी ने शानदार बल्लेबाजी की और 56 रन बनाए, जिससे उनकी टीम जीत के करीब पहुंची। मैच अंततः टाई हो गया। इस रोमांचक मैच में मो॰ कमाल चंद्रशेखर आजाद ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए तीन विकेट चटकाए।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय युवा दिवस सह स्वामी विवेकानंद जयंती का आयोजन



**हजारीबाग।** हजारीबाग विवेकानंद युवा महामंडल और विवेकानंद आईटीआई के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय युवा दिवस सह स्वामी विवेकानंद जयंती का आयोजन 12 जनवरी को किया गया। यह कार्यक्रम विवेकानंद आईटीआई के परिसर में आयोजित हुआ, जहां युवा और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके और वेद मंत्रों के पाठ से हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ॰ सजल मुखर्जी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन और उनके संदेशों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद ने अपनी शिक्षा स्वामी रामकृष्ण परमहंस से प्राप्त की और किस प्रकार उन्होंने अपने जीवन में मानवता की सेवा की। वे हमेशा मानवता, समानता और तात्त्विक ज्ञान के पक्षधर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान गजानंद पाठक, अनूप सिन्हा, अंकित कुमार और अन्य वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को युवाओं के जीवन में उतारने की प्रेरणा दी। साथ ही उन्होंने स्वामी जी के विचारों को ध्यान में रखते हुए शारीरिक, मानसिक और आत्मिक विकास के लिए विशेष मार्गदर्शन दिया। इस आयोजन में आईटीआई के प्राचार्य विशाल श्रीवास्तव और मानिक चक्रवर्ती जैसे महत्वपूर्ण व्यक्तित्व मौजूद थे। कार्यक्रम में लगभग 80 युवा उपस्थित थे और सभा का समापन शांति मंत्र के साथ किया गया।

### अखिल भारतीय राष्ट्रीय शौण्डिक सम्मेलन में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने शिरकत किया

**हजारीबाग।** छत्तीसगढ़ राज्य की राजधानी रायपुर में आयोजित अखिल भारतीय राष्ट्रीय शौण्डिक सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी की प्रमुख नेत्री शेफाली गुप्ता ने बतौर अतिथि भाग लिया। सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रीय शौण्डिक समाज द्वारा किया गया था, जिसमें समाज के सम्माननीय सदस्यों और महिला साथियों ने उन्हें विशेष सम्मान दिया। शेफाली गुप्ता को शॉल ओढ़ाकर और अपार स्नेह के साथ उनका स्वागत किया गया, जिससे वे अभिभूत हो गईं। इस मौके पर उन्होंने मंच से सभा में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों को नमन किया और भारतीय राष्ट्रीय शौण्डिक समाज का दिल से आभार व्यक्त किया। शेफाली गुप्ता ने अपने संबोधन में समाज के उत्थान के लिए एकजुटता और सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। केवल एकता के बल पर ही हम समाज की समस्याओं का समाधान कर सकते हैं और समाज के राजनीतिक व सामाजिक उत्थान की दिशा में बड़ा कदम उठा सकते हैं। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, कृषि मंत्री राम विचार नितम, विधानसभा अध्यक्ष डॉ॰ रमन सिंह, हजारीबाग के सदर विधायक प्रदीप प्रसाद एवं प्रदेश अध्यक्ष शिवरत्न गुप्ता सहित कई अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन ने समाज को नई ऊर्जा दी और समाज के लिए एक मजबूत दिशा की ओर मार्गदर्शन प्रदान किया।

### विनोबा भावे विश्वविद्यालय बना पूर्वी क्षेत्र युवा महोत्सव का चैंपियन

**हजारीबाग।** कोलकाता स्थित सिस्टर निवेदिता विश्वविद्यालय द्वारा 8 से 12 जनवरी तक आयोजित 38 वें पूर्वी क्षेत्र युवा महोत्सव में विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग ने चैंपियनशिप का खिताब जीता। यह विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार है जब उसने इस प्रतियोगिता में पूरे पूर्वी क्षेत्र का चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो॰ पवन कुमार पोद्दार ने विश्वविद्यालय दल को फोन करके बधाई दी और यह भी बताया कि यह उपलब्धि स्वामी विवेकानंद के जन्म जयंती और युवा दिवस के अवसर पर मिली है। विश्वविद्यालय के कल्चर कोऑर्डिनेटर डॉ॰ जॉनी रुफिना तिर्की ने बताया कि इस बार की प्रतियोगिता बेहद कठिन थी, लेकिन प्रतिभागियों को पूरी तरह से तैयार किया गया था। उन्होंने कहा कि इस चैंपियनशिप में विभावि ने कई प्रमुख क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें मिमिक्री, इंस्टॉलेशन, कार्टूनिंग, ग्रुप सॉन्ग वेस्टर्न, स्किट, मेहंदी, और वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंटल जैसे क्षेत्रों में पुरस्कार प्राप्त किए। डॉ॰ जॉनी रुफिना तिर्की ने यह भी बताया कि इस जीत में झारखंड, बंगाल, उड़ीसा, असम और पूर्वोत्तर क्षेत्र के प्रमुख विश्वविद्यालयों को हराना एक बड़ी उपलब्धि है। इस सफलता के पीछे विश्वविद्यालय के कुलपति और छात्र कल्याण संकाय के प्रमुखों का योगदान रहा है।

### बरनवाल सेवा समिति के परिवार मिलन समारोह में विधायक प्रदीप प्रसाद का आह्वान

**हजारीबाग।** बरनवाल सेवा समिति, हजारीबाग द्वारा आयोजित परिवार मिलन समारोह एक भव्य आयोजन के रूप में संपन्न हुआ, जिसमें हजारीबाग सदर के विधायक प्रदीप प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक ने समाज की एकता और सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि समाज के विकास के लिए सभी वर्गों का साथ और समर्पण आवश्यक है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि वे क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव सहयोग देंगे। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों और युवाओं ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करना और समाज के कमजोर वर्गों की मदद करना था। सभी सदस्यों ने समाज को मजबूत बनाने और सामाजिक कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

## होमियोपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया का वन भोज कार्यक्रम संपन्न



संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला यूनिट द्वारा होमियोपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया का एक भव्य वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिले के चिकित्सकों के बीच आपसी संबंधों को और भी मजबूत करने, संगठन की एकता को बढ़ावा देने और होमियोपैथिक चिकित्सा के क्षेत्र में चिकित्सकों की बेहतरी के लिए किया गया था। कार्यक्रम का आयोजन जिले के झील परिसर में किया गया, जहां हजारीबाग के सभी प्रमुख होमियोपैथिक चिकित्सकों ने इस आयोजन का आनंद लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष डॉ॰ गणेश शंकर, सचिव डॉ॰ आनंद शाही, कोषाध्यक्ष डॉ॰ अजीत कुमार और डॉ॰ अनिल प्रसाद ने की। इस वनभोज कार्यक्रम में जिले के लगभग सभी प्रमुख होमियोपैथिक चिकित्सकों ने भाग लिया और चिकित्सा के क्षेत्र में होमियोपैथिक चिकित्सकों के योगदान को रेखांकित किया। कार्यक्रम में चर्चा हुई कि किस प्रकार संगठन की ताकत एकजुटता में है और संगठन के सदस्य एक दूसरे के दुख-सुख में सहभागी होते हैं। डॉ॰ गणेश शंकर ने अपने संबोधन में कहा कि जब चिकित्सक एकजुट होकर काम करते हैं, तो न केवल उनके बीच विश्वास और सहयोग का वातावरण बनता है, बल्कि यह समग्र समाज के कल्याण के लिए भी आवश्यक है। सचिव डॉ. आनंद शाही ने संगठन की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि यह संगठन केवल झारखंड ही नहीं, बल्कि पूरे भारत में सबसे बड़ा और सबसे सक्रिय होमियोपैथिक चिकित्सकों का संगठन है। संगठन हमेशा सेमिनार, मेडिकल कैम्प और अन्य सामाजिक कार्यों के जरिए चिकित्सकों के भले के लिए कार्य करता रहा है। इस कार्यक्रम में उपस्थित अन्य प्रमुख चिकित्सकों में डॉ॰ विनोद कुमार, डॉ॰ प्रहलाद सिंह, डॉ॰ पंकज कुमार, डॉ॰ अमित कुमार जैसे नामी चिकित्सक शामिल थे। इन सभी ने कार्यक्रम की सफलता के लिए आयोजकों का आभार व्यक्त किया और संगठन के भविष्य के कार्यों के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

## बोधिबागी में शहीद मेला को सफल बनाने के लिए बैठक



संवाददाता

**इचाक।** प्रखण्ड के ऐतिहासिक मैदान बोधिबागी में 15 दिवसीय शहीद मेला को सफल बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता संरक्षक बटेश्वर प्रसाद मेहता ने की। बैठक में जिप अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता और बीडीओ संतोष कुमार सहित कई अन्य स्थानीय नेता उपस्थित हुए। बैठक में शहीद मेला की सफलता के लिए एक रणनीति बनाई गई और सभी को इस आयोजन में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। जिप अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता ने कहा कि शहीद मेला केवल किसी एक व्यक्ति का आयोजन नहीं है, बल्कि यह शहीदों की सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक है। इस मेले को सफल बनाने के लिए हम सबका एकजुट प्रयास जरूरी है। बीडीओ संतोष कुमार ने मेला की विधि व्यवस्था और निधि संग्रह पर चर्चा करते हुए कहा कि सभी जन प्रतिनिधियों को इसमें शामिल होना चाहिए और हम अपनी ओर से इस आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरा सहयोग करेंगे। इस बैठक में मेला स्थल पर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों की जीवनी की प्रदर्शनी, हस्तनिर्मित वस्त्रों की प्रदर्शनी, कृषि प्रदर्शनी, बच्चों के लिए खेल कूद और मनोरंजन की व्यवस्था समेत कई महत्वपूर्ण विचार-विमर्श किए गए। इचाक मोड़ से मेला स्थल तक और हजारीबाग में होल्डिंग लगाने पर भी चर्चा की गई। बैठक में अर्जुन कुमार मेहता, राकेश उर्फ जोधन मेहता, मधुसूदन मेहता, ओमप्रकाश मेहता, वीरेंद्र प्रसाद मेहता, इंद्रदेव प्रसाद मेहता, टिंकू कुमार मेहता, अजय प्रसाद मेहता, लिलो प्रसाद मेहता, गोलेश्वर प्रसाद मेहता, राजेंद्र प्रसाद मेहता, अविनाश कुमार, अर्जुन मेहता, वीरेंद्र कुमार, मंटू कुमार यादव, लखन कुमार मेहता, धूप नारायण साव, राजेंद्र प्रसाद मेहता, मनीष कुमार, गोबिंद मेहता, सुभाष कुमार, दीपक कुमार, विकास यादव, अजय कुमार मेहता, कुंदन मेहता, माना मेहता, और विकास कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## स्वामी विवेकानंद की 162 वीं जयंती मनाई गई

संवाददाता

**हजारीबाग।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, जिला इकाई हजारीबाग द्वारा आयोजित स्वामी विवेकानंद की 162 वीं जयंती का पर्व राष्ट्रीय युवा महोत्सव और मकर संक्रांति मिलन समारोह के रूप में बड़े धूमधाम से मनाया गया। यह कार्यक्रम प्रधान कैफेटेरिया में आयोजित किया गया, जहां सैकड़ों लोग उपस्थित हुए और इस महान विभूति के योगदान को याद किया। कार्यक्रम का प्रारंभ एसपी कोठी के पास स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ, जिसके बाद पूरे समारोह का आयोजन प्रधान कैफेटेरिया सभागार में हुआ। चित्रगुप्त की वंदना की गई, ताकि कार्यक्रम का शुभारंभ धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर के साथ किया जा सके। स्वामी विवेकानंद के जीवन, उनके दर्शन और उनके विचारों पर विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें कई प्रमुख वक्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए। युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बप्पी करण ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके विचारों के महत्व को बताया। उन्होंने यह भी बताया कि किस प्रकार स्वामी विवेकानंद ने सनातन संस्कृति को दुनिया भर में प्रचारित किया और भारतीय सभ्यता को पश्चिमी दुनिया के सामने रखा। प्रो॰ विकास कुमार और डॉ॰ प्रदीप प्रधान ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बताया और उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने यह कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन एक प्रेरणा है जो हमें अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करता है। इस आयोजन में सिख समाज, वैश्य समाज, ठाकुर समाज के प्रमुखों के साथ अन्य कई समुदायों के प्रतिनिधियों को स्वामी विवेकानंद का चित्र, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस



संवाददाता

**हजारीबाग।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हजारीबाग नगर इकाई ने स्वामी विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में बड़े धूमधाम से मनाया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रांत उपाध्यक्ष प्रा. मनोज कुमार, प्रांत सह मंत्री रोहित पांडे, विभाग संगठन मंत्री विक्रम राठौड़ और जिला संयोजक बाबूलाल मेहता उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ एस पी आवास के पास स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण से किया गया। इस अवसर पर प्रांत उपाध्यक्ष प्रो॰ मनोज कुमार ने स्वामी विवेकानंद के जीवन और उनके विचारों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारतीय संस्कृति और धर्म को दुनिया भर में फैलाया और हमें आत्मविश्वास से भरने का संदेश दिया। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि हमें अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है तो हमें कभी हार नहीं माननी चाहिए। प्रांत सह मंत्री रोहित पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि आज के युवाओं को स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए, जैसे स्वामी विवेकानंद ने हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति का प्रचार विदेशों में किया। युवा समाज को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में नगर मंत्री यशवंत कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रुद्र राज, हिमांशु सिंह, राज प्रिंस, नगर सह मंत्री शाहील सिंह, शाश्वत सिन्हा, लालजीत यादव, विवेक यादव, पियूष पासवान, दीपक पांडे, अभय मेहता, गोलू मेहता, रितेश मेहता, विवेक कुमार, संतोष सिंह, केशव कुमार, टिंकू, राजकुमार, राहुल अग्रवाल, प्रदीप कुमार, विशाल कुमार, बिट्टू पांडे, सनी कुमार, रौशन पांडे, अजय कुमार और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### स्मृति शेषः साक्षरता अभियान के अग्रदूत पं. प्रभुनाथ मिश्र का निधन

**हजारीबाग।** हजारीबाग के खपरियावां स्थित अपने निवास पर साक्षरता अभियान के अग्रदूत, विद्वान और समाजसेवी पं॰ प्रभुनाथ मिश्र का 12 जनवरी को निधन हो गया। उनका निधन समाज के लिए एक गहरी क्षति है। पं॰ प्रभुनाथ मिश्र का निधन लगभग 90 वर्ष की आयु में हुआ, और उनके अंतिम संस्कार की प्रक्रिया खपरियावां नदी तट पर श्मशान घाट में किया गया। पं॰ प्रभुनाथ मिश्र, जो कि सन 1996 में जिला साक्षरता अभियान से जुड़े थे, ने हजारीबाग जिले में साक्षरता के प्रति एक नया जुनून जगाया था। उनके अथक प्रयासों से हजारीबाग को 2001 में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त हुआ था। उन्होंने अपनी जिंदगी को शिक्षा के प्रचार-प्रसार में समर्पित कर दिया और घर-घर जाकर साक्षरता का अलख जगाया। उनकी कार्यशैली ने न केवल हजारीबाग को बल्कि पूरे देश को साक्षरता के क्षेत्र में एक नई दिशा दी। पं. प्रभुनाथ मिश्र ने 2016 तक निरक्षरता को समाप्त करने की दिशा में निरंतर प्रयास किया। उनकी जीवन यात्रा एक प्रेरणा बन चुकी है और उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा।

कला › हजारीबाग की शान, कलाकारों की पहचान

## रूबी कुमारी राणा ने नृत्य से बनाई अपनी पहचान



प्रदीप पाठक

**हजारीबाग।** शहर के नूर में रहने वाली रूबी कुमारी राणा अपने घर पर टीवी पर फिल्म स्टार माधुरी दीक्षित के नृत्य को पसंद करती थी। टीवी पर घंटो घर पर नृत्य देखा करती थी। 5 वर्ष की छोटी सी उम्र से ही नृत्य मे रुचि जागृत हो गई। पिता महेंद्र राणा को पसंद नहीं था कि बेटी नृत्य करें। मगर माता सुमित्रा देवी बेटी के नृत्य को देखकर खुश होती थी। बेटी को नृत्य में प्रोत्साहित कर आगे बढ़ाने का काम किया। बचपन की शिक्षा पहली क्लास से पांचवी तक माउंट एवरेस्ट स्कूल नवाबगंज में हासिल की एवं स्कूल के कार्यक्रमों में बचपन से ही मंच साझा करने लगी। 6 क्लास से लेकर दसवीं तक की पढ़ाई युगल शांति स्कूल नूर में पढ़ाई की। स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं 15 अगस्त एवं 26 जनवरी कार्यक्रमों में नृत्य प्रदर्शन करती रही। स्कूल के समय से ही अपनी पहचान बनाने लगी। हजारीबाग डांस पैराडाइस के नृत्य शिक्षक सुनील सोनी से नृत्य सीखी। विधिवत शिक्षा 7 वर्षों तक लिया। पहले गुरु सुनील सोनी हैं। कथक नृत्य के जाने-माने गुरुओं के गुरु स्वर्गीय बिरजू महाराज के शिष्य विकास कुमार से नृत्य की बारीकियों को सिखा। इसलिए दूसरा गुरु विकास कुमार हैं। प्रयाग संगीत समिति इलाहाबाद से नृत्य में प्रभाकर की डिग्री हासिल की है एवं आईसेक्ट यूनिवर्सिटी से नृत्य में मास्टर की परफॉरमीग आर्ट की डिग्री ली एवं कई बड़े-बड़े कार्यक्रम किया। हजारीबाग नगर भवन में 2017 से 20 20 तक हजारीबाग उपायुक्त के द्वारा आयोजित 15 अगस्त एवं 26 जनवरी के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन में भागीदारी निभाते रही हैं। साथ हीं अनेकों मेडल एवं पुरस्कार प्राप्त करते चली आ रही हैं। 2018 में झंकर डांस एकेडमी के द्वारा आयोजित नृत्य कंपटीशन में भागीदारी निभाई एवं नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त की। इस कार्यक्रम में अपने नृत्य से लोगों का मन मोह लिया। 2020 में हजारीबाग तरंग ग्रुप के द्वारा आयोजित रंग दे मेरे शहर को कार्यक्रम में नृत्य पेश की, जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिससे इन्हें ख्याति मिली। 2017 से 2021तक हजारीबाग विमेंस कॉलेज के नजदीक मां शारदे संगीतायन में नृत्य शिक्षिका का कार्य किया। 40 बच्चों को नृत्य की शिक्षा दी तथा नृत्य की बारीकियां बताई। 2024 से नूर में अपने द्वारा शर्मिष्ठा डांस एंड आर्ट्स अकादमी की स्थापना की एवं नृत्य की शिक्षा दे रही है। साथ हीं वर्तमान में 2017 से अभी तक हजारीबाग ओएसिस स्कूल में नृत्य की शिक्षिका हैं। इनके द्वारा दी गई शिक्षा से कई बच्चे अपने स्कूल में अपना नाम रौशन कर रहे हैं। अपने उत्कृष्ट नृत्य प्रदर्शन एवं शिक्षण कार्यों से अपना नाम एवं हजारीबाग का नाम रौशन कर रही हैं।

## विधायक अमित यादव का संजीवनी सेवा कुटीर दौरा, जनसेवा के प्रति समर्पण को सराहा



संवाददाता

**हजारीबाग।** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के विधायक अमित यादव ने हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद द्वारा संचालित संजीवनी सेवा कुटीर का दौरा किया और वहां हो रहे कार्यों का गहरा निरीक्षण किया। संजीवनी सेवा कुटीर, जो गरीब और जरूरतमंदों के लिए एक मिसाल बन चुका है, के कार्यों को देखकर विधायक ने इसकी सराहना की और इसे समाज के लिए एक अनमोल पहल बताया।

विधायक अमित यादव ने सेवा कुटीर के कर्मचारियों से मिलकर उनकी मेहनत और समर्पण को सराहा। उन्होंने कहा कि यह कुटीर सिर्फ एक सेवा केंद्र नहीं, बल्कि समाज के हर एक कमजोर वर्ग के लिए एक आशा की किरण है। इसके अलावा उन्होंने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जाकर बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के मरीजों से मुलाकात की और उनका स्वास्थ्य लाभ जाना। इस दौरान विधायक ने हजारीबाग के विधायक प्रदीप प्रसाद की जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रदीप प्रसाद गरीबों और वंचितों के लिए एक सच्चे मसीहा हैं और उनकी कार्यशैली समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

## संक्षिप्त खबरें

### 45 दिनो से लापता युवक का मिला शव

**पूर्वी चंपारण।** जिला के पिपरा थाना क्षेत्र स्थित विशुनपुरा गांव से पिछले 45 दिनो से लापता युवक का शव बलवा मन बांध के पास मिट्टी में दबा मिला है। मृतक की पहचान 22 वर्षीय युवक अजीत कुमार के रूप में हुई है। परिजन ने उसके कपड़े से उसकी पहचान की है। जानकारी के अनुसार मन किनारे घास काटन गई महिलाओ ने बांध के पास एक नया गड्ढा देखा तो संदेह हुआ,तो इसकी सूचना ग्रामीणो व पुलिस को दी,जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने गढ्ढे की खुदाई कर शव को बाहर निकाला।परिजन ने बताया कि मृतक युवक बीते 29 नवंबर से लापता था। परिजनों ने बताया कि घटना वाले दिन पांच लोग उनके दरवाजे पर आए और अजीत को बुलाकर अपने साथ ले गए। अजीत अपने बाइक पर सवार होकर उन लोगों के साथ चला गया, लेकिन वह वापस नहीं लौटा। परिजन ने कई बार उससे संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उसका फोन स्विच ऑफ था।अजीत की काफी खोजबीन किया,लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने के बाद पिपरा थाना में आवेदन दिया गया लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। जिसके बाद परिजन एसपी स्वर्ण प्रभात को घटना की जानकारी दी,तो उनके आदेश के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई।

### बाल संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अररिया।** फारबिसगंज प्रखंड के हरिपुर पंचायत में स्वामी विवेकानंद की जयंती को रविवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। जागरण कल्याण भारती की से राष्ट्रीय युवा दिवस को लेकर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता परमानंद ऋषि ने की,जबकि कार्यक्रम का सफल संचालन जागरण कल्याण भारती के अध्यक्ष संजय कुमार ने किया। मौके पर आयोजित कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद को पुष्पांजलि देकर श्रद्धांजलि देने के बाद बाल संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।बाल श्रम,बाल विवाह,मानव तस्करी,बाल शोषण के खिलाफ कड़े स्वर में विरोध किया गया और किसी तरह के बाल शोषण पर पंचायत स्तर पर गठित बाल संरक्षण समिति के सदस्यों या प्रखंड स्तरीय समिति या अधिकारियों को जानकारी देकर बालक बालिकाओं को मुक्त कराते हुए समाज के मुख्य धारा में जोड़ने पर बल दिया गया।

### बुद्धिजीवी मंच ने निकाली शिक्षा जागरूकता रैली

**नवादा।** शिक्षा जागरूकता अभियान के लिए समर्पित बुद्धिजीवी विचार मंच के ऊजार्वान साथियों ने रविवार को नवादा नगर परिषद क्षेत्र के पण्डे बिगहा गांव में रैली का आयोजन किया। शिक्षा जागरूकता अभियान के सैकड़ों आकर्षक श्लोगन की तख्तियां और गीत संगीत से भरपूर बच्चों की चहलकदमी मुख्य आकर्षण रहा। जिले के चिकित्सक और शिक्षाविद् डॉ सुनीति कुमार के निर्देशन में चलाये जा रहे इस अभियान का नेतृत्व सेवानिवृत शिक्षक और मंच के संयोजक अवधेश कुमार ने किया ।जबकि ग्रामीण उपेन्द्र यादव , बालेश्वर यादव और दिनेश यादव ने बच्चों को एकत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लोक गायक चंदेश्वर प्रसाद ने अभियान गीत के माध्यम से बच्चों एवं अभिभावकों को उत्प्रेरित किया । डॉ सुनीति कुमार ने कहा कि गांव में आंगनबाड़ी की सुविधा अगर नहीं भी है तो अभिभावक स्वयं शिक्षा केंद्र बना कर बच्चों को शिक्षित कर सकते हैं। यह कार्य बड़े बुजुर्ग मनोरंजन के तौर पर भी करने लगेंगे तो समाज में अशिक्षा का नामोनिशान नहीं रहेगा।

### गंगासागर पर 4 लेन पुल का निर्माण जल्द शुरू होगा

**कोलकाता।** राज्य सरकार अपनी पहल पर गंगा नदी पर पुल का निर्माण कराएगी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पहले ही इसकी घोषणा कर दी थी। केंद्र सरकार के आश्वासन के बावजूद उन पर अमल नहीं किया गया और परिणामस्वरूप पुल अभी तक नहीं बन पाया है। लेकिन इस बार राज्य सरकार इसका निर्माण करेगी। इस पर लगभग डेढ़ हजार रूपए की लागत आएगी। पुल का डिजाइन पहले ही जारी कर दिया गया है। इसके अलावा पुल का सर्वेक्षण, टेंडर और डीपीआर का काम भी पूरा हो चुका है। यह पुल मुरीगंगा नदी पर बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि इसका नाम 'गंगासागर ब्रिज' रखा जाएगा। लगभग 5 किलोमीटर लंबा यह 4-लेन पुल काकद्वीप और दूसरी ओर कचुबेरिया को जोड़ेगा। पुल के दोनों ओर फुटपाथ भी होंगे। पुल का निर्माण कार्य अगले 4 वर्षों में पूरा करने की समय सीमा तय की गई है। इसके अलावा, राज्य सरकार को पुल बनाने के लिए कुल 12.97 एकड़ जमीन खरीदनी होगी। इसमें से राज्य सरकार को काकद्वीप खंड में 7.95 एकड़ और कचुबेरिया खंड में 5.01 एकड़ जमीन खरीदनी होगी। बताया जा रहा है कि इस पुल का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू हो जाएगा। गौरतलब है कि गंगासागर पर पुल उस क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से मांग रही है।

### गंगासागर की ओर जाने वाले सभी तीर्थयात्रियों को लूटने की योजना,'बेगूसराय गैंग' शिकंजे में

**कोलकाता।** जब आप पुण्य कमाने की आशा में किसी तीर्थस्थल पर जाते हैं तो जेब खाली होने का खतरा रहता है! तीर्थयात्रियों को परेशानी होने से पहले ही रेलवे ने कार्रवाई शुरू कर दी। और यही समस्या है` बिहार का 'बेगूसराय गिरोह' गंगासागर तीर्थयात्रियों को लूटने के लिए हावड़ा स्टेशन पर इकट्ठा हुआ। आरपीएफ सीआईबी जासूसों ने सिकंदराबाद गरीबरथ एक्सप्रेस पर अपराध की योजना बना रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया। आरपीएफ ने उनके पास से बड़ी संख्या में नशीली गोलियां, क्रीम बिस्कुट और पानी की बोतलें जब्त कीं। तीन लोग शिकार करने के लिए हावड़ा प्लेटफार्म नंबर 7 पर एकत्र हुए। गश्त कर रही आरपीएफ की नजर ट्रेन यात्रियों पर तब पड़ी, जब वे उनसे तालमेल बिठाने की कोशिश कर रहे थे और नशीले पदार्थ मिला पानी और बिस्कुट पीने पर अड़े हुए थे। इसके बाद आरपीएफ ने तीन लोगों शंभू पासवान, गोविंद महतो और मोहम्मद इरफान को गिरफ्तार कर लिया।

## बीपीएससी छात्रों के समर्थन में सांसद पप्पू यादव, छात्रों का पटना की सड़कों पर हंगामा

एजेंसी

**पटना।** बिहार में पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव के समर्थक छात्रों ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) अभ्यर्थियों के पक्ष में रविवार को पटना के अशोक राजपथ पर जमकर हंगामा किया। प्रदर्शनकारी छात्रों ने सड़कों पर आगजनी की जिससे वाहनों का लंबा जाम लग गया। भीम आर्मी और एआईएमआईएम ने भी बिहार बंद का समर्थन किया है।



बीपीएससी 70 वीं संयुक्त प्रतियोगी प्रारंभिक परीक्षा बीते 13 दिसंबर 2024 को आयोजित की गयी थी। अभ्यर्थी परीक्षा में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए परीक्षा रद्द करने की मांग करते रहे हैं।

बिहार में बीपीएससी 70 वीं प्रारंभिक परीक्षा विवाद के बीच 4 जनवरी को 12 हजार अभ्यर्थियों के लिए री-एग्जाम आयोजित हुआ। करीब 12 हजार अभ्यर्थियों के लिए 22 एग्जाम सेंटर पर री-एग्जाम संपन्न हुआ। अब आयोग जल्द ही प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम घोषित करने की तैयारी कर रहा है।13 दिसंबर को बिहार के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर बीपीएससी 70 वीं पीटी परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा के दिन से ही अभ्यर्थी परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप लगाकर इसे रद्द करके फिर से कराने की मांग कर रहे हैं। अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि पटना के बापू एग्जाम सेंटर पर छात्रों को पेपर देरी से मिला था और पेपर की सील पहले से खुली हुई थी। परीक्षा के दिन इससे नाराज परीक्षार्थियों ने दूसरे एग्जाम रूम में जाकर परीक्षार्थियों की शीट और पेपर फेंक दिए थे, जिसकी पुष्टि एग्जाम रूम में लगे सीसीटीवी कैमरों में भी हुई है।

इससे पहले भी पटना में छात्रों के प्रदर्शन पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज और वाटर कैनन का इस्तेमाल ने छात्रों और उनके संगठनों के आक्रोश को और बढ़ा दिया है। छात्रों का कहना है कि सरकार उनकी आवाज दबाने की कोशिश कर रही है, लेकिन वे अपनी मांगों से पीछे नहीं हटेंगे।

### पप्पू यादव के बंद को एआईएमआईएम और भीम आर्मी का मिला समर्थन

70वीं बीपीएससी परीक्षा को फिर से किए जाने और बहाली की परीक्षा में पेपर लीक मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर पूर्णिया सांसद पप्पू यादव के बिहार बंद को अररिया में एआईएमआईएम और भीम आर्मी का समर्थन मिला। पप्पू यादव के युवा शक्ति के कार्यकर्ता समेत एआईएमआईएम और भीम आर्मी के कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर बिहार बंद के तहत बाजार में जबरन दुकानों को बंद कराया। बंद के समर्थक बाजार में घूम घूमकर समूह में बंद कराते नजर आए।वहीं बंद के समर्थकों ने सड़क पर उतरते हुए एनएच 27 फोरलेन सड़क को जाम कर आवागमन को बाधित कर दिया।जिसके कारण सड़क पर गाड़ियों की लंबी कतारें लग गई।बंद समर्थकों ने पूरी तरह से आवागमन को बाधित कर दिया।बंद के समर्थन में कार्यकर्ताओं ने सड़क पर टायर जलाकर आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया और बीपीएससी के चेयरमैन और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### बुद्धिजीवी मंच ने निकाली शिक्षा जागरूकता रैली

**नवादा।** शिक्षा जागरूकता अभियान के लिए समर्पित बुद्धिजीवी विचार मंच के ऊजार्वान साथियों ने रविवार को नवादा नगर परिषद क्षेत्र के पण्डे बिगहा गांव में रैली का आयोजन किया। शिक्षा जागरूकता अभियान के सैकड़ों आकर्षक श्लोगन की तख्तियां और गीत संगीत से भरपूर बच्चों की चहलकदमी मुख्य आकर्षण रहा। जिले के चिकित्सक और शिक्षाविद् डॉ सुनीति कुमार के निर्देशन में चलाये जा रहे इस अभियान का नेतृत्व सेवानिवृत शिक्षक और मंच के संयोजक अवधेश कुमार ने किया। जबकि ग्रामीण उपेन्द्र यादव, बालेश्वर यादव और दिनेश यादव ने बच्चों को एकत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लोक गायक चंदेश्वर प्रसाद ने अभियान गीत के माध्यम से बच्चों एवं अभिभावकों को उत्प्रेरित किया। डॉ सुनीति कुमार ने कहा कि गांव में आंगनबाड़ी की सुविधा अगर नहीं भी है तो अभिभावक स्वयं शिक्षा केंद्र बना कर बच्चों को शिक्षित कर सकते हैं।

## मुख्यमंत्री नीतीश ने किया एक हजार करोड़ रु. की योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास

एजेंसी

**मधुबनी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा कार्यक्रम में रविवार को मधुबनी पहुंचकर विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन किया।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आगमन के साथ ही पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार योजनाबद्ध तरीका से लोकार्पण किया।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा प्रगति यात्रा के दौरान मधुबनी जिला में रविवार को एक सौ चालीस योजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम निर्धारित है। मुख्यमंत्री ने रविवार को सर्वप्रथम खुटौना प्रखंड के ग्राम-दुर्गीपट्टी में आंगनबाड़ी केन्द्र, महादलित दालान, हर घर नल का जल, पक्की नाली-गली, सोलर स्ट्रीट लाईट एवं विभिन्न विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण तथा उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय, दुर्गीपट्टी में रेन वाटर हार्वेस्टिंग, अमृत सरोवर के सौंदर्यीकरण,मनरेगा पार्क का उद्घाटन एवं निरीक्षण किया।

झंझारपुर में चौदह करोड़ की लागत से तैयार सुगरबे रिभर फ्रन्ट, जीविका भवन सहित विभिन्न योजना का उद्घाटन किया।क्षेत्रीय जदयू सांसद रामप्रीत मंडल के पैत्रिक गांव से प्रगति यात्रा की शुभारंभ हुई। पूर्ण चाक-चौबंद प्रशासनिक इन्तजाम के बीच मुख्यमंत्री चहुंओर कार्यक्रम में भाग लिया।

### बुद्धिजीवी मंच ने निकाली शिक्षा जागरूकता रैली

**नवादा ।** शिक्षा जागरूकता अभियान के लिए समर्पित बुद्धिजीवी विचार मंच के ऊजार्वान साथियों ने रविवार को नवादा नगर परिषद क्षेत्र के पण्डे बिगहा गांव में रैली का आयोजन किया। शिक्षा जागरूकता अभियान के सैकड़ों आकर्षक श्लोगन की तख्तियां और गीत संगीत से भरपूर बच्चों की चहलकदमी मुख्य आकर्षण रहा। जिले के चिकित्सक और शिक्षाविद् डॉ सुनीति कुमार के निर्देशन में चलाये जा रहे इस अभियान का नेतृत्व सेवानिवृत शिक्षक और मंच के संयोजक अवधेश कुमार ने किया ।जबकि ग्रामीण उपेन्द्र यादव, बालेश्वर यादव और दिनेश यादव ने बच्चों को एकत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## शहरी कॉरपोरेशन बैंक घोटाले में ईडी ने चार आरोपितों को किया गिरफ्तार

एजेंसी

**पटना।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का राष्ट्रीय जनता दल के विधायक और पूर्व मंत्री रहे आलोक मेहता पर शिकंजा कसता जा रहा है। उनकी कई कंपनियों से जुड़े करोड़ों रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में तफ्तीश के दौरान मिले सबूतों और दर्ज बयानों के आधार पर चार आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। यह मामला बिहार स्थित वैशाली शहरी कॉरपोरेशन बैंक से करोड़ों रुपये का फजीर्वाड़े का है। इस घोटाले में बैंक के चेयरमैन सहित सीईओ और कई अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध है। इस मामले की तफ्तीश के दौरान मिले सबूतों और दर्ज बयानों के आधार पर चार





आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों में एक को दिल्ली से दूसरे को कोलकाता से और बाकी दो प्रमुख आरोपितों को बिहार से ही गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार आरोपितों में बिहार के वैशाली शहरी कॉरपोरेशन बैंक के सीईओ विपिन तिवारी और उनके ससुर राम बाबू शांडिल्य (पूर्वांचल सहकारिता बैंक के फाउंडर सदस्य) शामिल हैं। इनके अलावा मनी लॉन्ड्रिंग करने में प्राइवेट पर्सन संदीप सिंह की गिरफ्तारी कोलकाता से हुई है जबकि मनी लॉन्ड्रिंग में सहयोगी प्राइवेट पर्सन नितिन मेहरा को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है।

## जागृति धाम ने मनाई स्वामी विवेकानन्द की 162वीं जयंती



संवाददाता

**कोलकाता ।** कोलकाता में इन्फिनिटी का अनोखा पहल, जागृति धाम द्वारा आयोजित एक जीवंत उत्सव के साथ स्वामी विवेकानन्द की 162वीं जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रदर्शन, श्रद्धांजलि और एक प्रतीकात्मक सामुदायिक पदयात्रा शामिल थी। कार्यक्रम की शुरुआत एक जीवंत रैली के साथ हुई, जिसका नेतृत्व ट्रेजर्स ऑफ इनोसेंस के 11 छात्रों ने किया, जो स्वामी विवेकानन्द की वेशभूषा में सज्ज थे, जो उनकी विरासत को आगे बढ़ाने वाले युवाओं का प्रतीक था। दृष्टिबाधित प्रतिभागियों और ऊजार्वान छात्र नर्तकों ने भीड़ को प्रेरित किया, साथ ही डांसर्स गिल्ड ने भेंगेचो दुवार एसेचो ज्योतिर्मय के शानदार प्रदर्शन से दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

विशिष्ट अतिथि, जिनमें स्वामी आदिपुरुषानंद, सहायक सचिव, रामकृष्ण मिशन इंस्टीट्यूट ऑफ कल्चर, गोल पार्क, कोलकाता; डॉ. एंड्र्यू फ्लेमिंग, पूर्व और उत्तर पूर्व भारत में ब्रिटिश उप उच्चायुक्त; प्रो. डॉ. सैकत मैत्रा, पूर्व कुलपति, मकाउत; रवींद्र चमरिया, सीएमडी, इन्फिनिटी ग्रुप; और इन्फिनिटी ग्रुप के मार्केटिंग उपाध्यक्ष अनिंदा दास ने स्वामी विवेकानन्द की शिक्षाओं पर भाषण दिया। एक सांस्कृतिक कार्यक्रम, सम्मान समारोह और भाषणों में शिक्षा, सशक्तिकरण और आध्यात्मिक विकास पर जोर दिया गया।

जिवाग्राम, ट्रिबेका केयर, कलकत्ता मेट्रोपॉलिटन इंस्टीट्यूट ऑफ जेरोन्टोलॉजी, बांचबो और कई अन्य संगठन अपनी एकता और सहयोग का प्रदर्शन करते हुए इस जीवंत कार्यक्रम का हिस्सा बने।

## मालदह बॉर्डर पर बीएसएफ ने फायरिंग कर तस्करी को नाकाम किया, तस्कर फरार, कफ सिरप बरामद

संवाददाता

**कोलकाता ।** बीएसएफ ने फिर भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करी रोकी। तस्करों ने बीएसएफ जवानों पर भी हमला किया। हालाँकि, सैनिकों ने जवाबी हमला किया। दो राउंड गोलियां चलाई गईं। यह घटना शुक्रवार देर रात मालदह के नवादा सीमा पर घटी। घटना के बाद जवानों ने सीमा क्षेत्र से भारी मात्रा में कफ सिरप बरामद किया। बीएसएफ सूत्रों के अनुसार 119 नंबर के बटालियन जवान रात में नावदा सीमा पर पहरा दे रहे थे। रात करीब 2 बजे 15-20 हथियारबंद बांग्लादेशी तस्कर सीमा पार कर इस देश में घुसने की कोशिश कर रहे थे। उस समय उन्हें



चुनौती दी गयी थी। बांग्लादेशी अभी भी सीमा पार करने की कोशिश कर रहे थे। सैनिकों ने उन्हें रोकने के लिए खाली गोलियां भी चलाईं। फिर भी तस्कर पीछे नहीं हटे।

सैनिकों के चेहरों पर तेज मशाल की रोशनी डाली गई। जब आंखें चौंधिया जाती हैं तो सैनिकों पर धारदार हथियारों और लाठियों से हमला कर दिया जाता है। घुसपैठिये को देखकर जवानों ने दो राउंड फायरिंग की। इस दौरान तस्कर भाग गए। सैनिकों ने कड़ाके की ठण्डी रात में इलाके में तलाशी अभियान चलाया। 572 बोतल कफ सिरप और एक लंबी दूरी की टॉर्च बरामद की गई। क्या सैनिकों द्वारा चलाई गई गोलीबारी में कोई घायल हुआ? इस संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

बीएसएफ ने बताया है कि उनके जवान सीमावर्ती इलाकों में हमेशा सतर्क रहते हैं। बांग्लादेश की राजनीतिक स्थिति में निगरानी और भी अधिक तीव्र हो गई है। तस्कर सर्दियों की रातों में घने कोहरे की आड़ में सीमा पार तस्करी करने की कोशिश करते हैं।

## जरूरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरण



**सीवान।** महाराजगंज अनुमंडल मुख्यालय में रविवार को समाजसेवी ब्रजभूषण सिंह द्वारा बड़े तादाद में कड़ाके के ठंड में जरुरतमंदो के बीच कम्बल का वितरण किया गया। इस मौके पर ब्रजभूषण सिंह ने कहा कि इस ठंड में जरुरतमंदो की सेवा करना ही सही मानवता है। श्री सिंह ने महाराजगंज के सिहौता, बंगरा, ओभरसियर मोड़, नखास चौक, बलिया, तेघरा, कर्णपुरा एवं पोखरा में कंबलों का वितरण किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने इस कार्य के लिए ब्रजभूषण सिंह को बधाई दी।

## पार्क स्ट्रीट में बैंक लॉकर से गहने लूटने वाले गिरफ्तार, एफआईआर दर्ज

कोलकाता। जिन लोगों पर ग्राहक अपने कीमती हीरे और सोने के आभूषण बैंक लॉकरों में सुरक्षित रखने के लिए भरोसा करते थे, वही चोरी करते पकड़े गए! ऐसे आरोपों पर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। लालबाजार खुफिया विभाग ने एक महिला कर्मचारी और उसके भाई को गिरफ्तार किया है, जो पार्क स्ट्रीट स्थित एक सरकारी बैंक के लॉकर के प्रभारी थे। उनके पास से 1.25 करोड़ रुपये मूल्य के सोने और हीरे के आभूषण बरामद किए गए। लगभग 30 लाख रूपए नकद, लैपटॉप, मोबाइल फोन और लग्जरी कारें भी जब्त की गईं। गिरफ्तार लोगों को अदालत में पेश किया जाएगा। जासूस उन्हें हिरासत में लेने और जांच जारी रखने के लिए बेताब हैं। पता चला है कि कई ग्राहकों ने अतिरिक्त सुरक्षा के लिए पार्क स्ट्रीट स्थित एक सरकारी बैंक के लॉकर में सोने और हीरे के आभूषण रखे थे। लॉकर की जिम्मेदारी तीस वर्ष की एक युवा महिला मौमिता शि के पास थी। वह कस्बा का निवासी है। शशि पासारी नामक एक ग्राहक ने जब वह अपने आभूषण लेने गया और उसे आभूषण नहीं मिले तो उसने थाने में शिकायत दर्ज कराई । यह मामला जांच के लिए लालबाजार खुफिया विभाग के पास जाता है। जांच करने पर जासूसों को मौमिता पर संदेह हुआ।

## तृणमूल नेता की हत्या मामला : आरोपितों के मोबाइल फोन लोकेशन लगातार बदल रहे हैं, जांच में मुश्किलें

संवाददाता

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के इंग्लिश बाजार नगर पालिका के पार्षद दुलाल सरकार उर्फ बाबला की हत्या के मामले में शामिल दो आरोपितों के मोबाइल फोन की लोकेशन बार-बार बदल रही है। इससे पुलिस के लिए उनकी जल्द तलाश करना मुश्किल हो रहा है।

जांच से जुड़े एक अधिकारी के मुताबिक, राज्य पुलिस ने अभी तक इन आरोपितों की पहचान सार्वजनिक नहीं की है। पुलिस का कहना है कि आरोपितों की पहचान तभी उजागर की जाएगी जब उन्हें गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जाएगा।

**साइबर क्राइम यूनिट की मदद से तलाश जारी**





राज्य पुलिस की आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) की साइबर क्राइम यूनिट की मदद ली जा रही है ताकि फरार आरोपितों का पता जल्द लगाया जा सके।

जानकारी के अनुसार, हत्या के एक दिन बाद इनका मोबाइल लोकेशन दार्जिलिंग जिले के सिलीगुड़ी शहर में पाया गया था, जो मालदा के नजदीक है। कुछ दिनों तक उनके मोबाइल लोकेशन नेपाल में मिले, जो सिलीगुड़ी के पास ही है।

हालांकि, पिछले कुछ दिनों से उनके मोबाइल लोकेशन लगातार बिहार और उत्तर प्रदेश के बीच बदल रहे हैं। पुलिस का अनुमान है कि आरोपित इन दोनों राज्यों की सीमा के पास छिपे हो सकते हैं।

**मुख्य साजिशकर्ता पुलिस हिरासत में**

मालदा टाउन के तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष और हिंदी सेल जिला इकाई प्रमुख नरेंद्रनाथ तिवारी को हत्या के मुख्य आरोपित के रूप में पुलिस ने पहले ही हिरासत में ले लिया है।

जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि दुलाल सरकार की हत्या के लिए 10 लाख रुपये से अधिक की रकम पर सौदा तय हुआ था और इसके लिए शूटरों को किराए पर रखा गया था।

दो जनवरी की सुबह दुलाल सरकार पर उस समय हमला हुआ, जब वह इलाके के एक व्यस्त चौराहे पर खड़े थे। तीन हेलमेट पहने हुए हमलावर एक मोटरसाइकिल पर आए। उनमें से एक ने पार्षद पर गोलियां चलाईं।

पहली दो गोलियां चूक गईं, लेकिन तीसरी गोली उनके सिर में लग गई। उन्हें तुरंत मालदा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

## पिजन ने एक्सक्लूसिव स्टोर फ्रेंचाइजी मॉडल के साथ भरी उड़ान

संवाददाता

**कोलकता ।** स्टोवक्राफ्ट, भारत की प्रमुख होम, किचन और लाइटिंग सॉल्यूशन प्रदान करने वाली कंपनी, अपने प्रमुख ब्रांड - पिजन के साथ एक अद्वितीय फ्रेंचाइजी अवसर की घोषणा करते हुए, उन इच्छुक उद्यमियों के लिए एक अनूठा अवसर पेश कर रही है जो रिटेल क्षेत्र में शामिल होना चाहते हैं। यह अवसर एक अभिनव, जीरो-कैपिटल-एक्सपेंडिचर (सीओएफओ) मॉडल और फ्रेंचाइजी ओनड एंड ऑपरेटेड (एफओएफओ) मॉडल के माध्यम से खुदरा क्षेत्र में शामिल होने का एक अनूठा अवसर प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है ताकि निवेश किए गए पूंजीगत व्यय को न्यूनतम रखते हुए लाभप्रदता को अधिकतम किया जा सके।

पिजन फ्रेंचाइजी मॉडल्स एक अत्यंत आकर्षक प्रस्ताव प्रदान करते हैं जिससे फ्रेंचाइजी मालिकों को 2 साल से कम अवधि में निवेश की वसूली की उम्मीद हो सकती है, इसका कारण है एक सरल निवेश और आय संरचना। स्टोर के इंटीरियर, फर्नीचर या ब्रांडिंग के लिए कोई/सीमित अग्रिम निवेश की आवश्यकता नहीं है, और सभी स्टॉक कन्साइनमेंट आधार पर प्रदान किए जाते हैं, जिससे यह मॉडल



रिटेल बाजार में बिना/सीमित जोखिम के प्रवेश सुनिश्चित करता है। कंपनी फ्रेंचाइजी मालिकों को संपत्ति चयन, स्टाफ प्रशिक्षण और व्यापक 360 डिग्री मार्केटिंग प्रयासों, जिसमें डिजिटल अभियानों सहित, का समर्थन भी प्रदान करती है। यह मॉडल महिलाओं उद्यमियों को सशक्त बनाने पर केंद्रित है, जिससे वित्तीय स्वतंत्रता को बढ़ावा मिलता है और सफल प्रबंधन के लिए आवश्यक समर्थन प्रदान किया जाता है। स्टोवक्राफ्ट लिमिटेडके मैनेजिंग डायरेक्टर राजेंद्र गांधी ने कहा, पिजन का फ्रेंचाइजी मॉडल हमारे उद्यमियों को सशक्त बनाने और हमारे ब्रांड की उपस्थिति को पूरे देश में फैलाने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## संक्षिप्त खबरें

### बहुजन समाज पार्टी ने 15 सूत्री मांगों को लेकर किया विशाल धरना प्रदर्शन

**हरिहरगंज।** बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हरिहरगंज नगर पंचायत कार्यालय के समक्ष 15 सूत्री मांगों को लेकर एक विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित किया। यह धरना पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रमोद कुमार रवि के नेतृत्व में हुआ, जिसमें पार्टी के कई अन्य प्रमुख नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। इस प्रदर्शन के दौरान उन्होंने नगर पंचायत के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए, जिसमें सबसे प्रमुख आरोप यह था कि नगर पंचायत प्रशासन नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं जैसे सफाई, नालियों का रख-रखाव, सड़क निर्माण और जल आपूर्ति जैसी जरूरी सेवाएं नहीं दे रहा है, बावजूद इसके नागरिकों पर होल्डिंग टैक्स वसूली का अत्यधिक दबाव डाला जा रहा है। पार्टी के नेताओं ने कहा कि नगर पंचायत के कई इलाकों में सड़कों की हालत बेहद खराब है, और नालियों की सफाई भी ठीक से नहीं हो रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि नगर पंचायत प्रशासन गरीब और न्यूनतम आय वाले परिवारों पर अत्यधिक दबाव डालते हुए उनके बैंक खातों को फ्रीज करने जैसी दमनकारी कार्रवाई कर रहा है। इसके साथ ही, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र जैसे जरूरी दस्तावेजों के लिए भी होल्डिंग टैक्स कटवाने का दबाव बनाया जा रहा है। पार्टी ने इस दौरान नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों, विशेष रूप से महिलाओं, का मानदेय न दिए जाने की भी कड़ी निंदा की। धरने के बाद, पार्टी ने नगर पंचायत के सीओ मनीष सिंहा और कार्यपालक पदाधिकारी को 15 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों को शीघ्र पूरा नहीं किया गया, तो उनका संघर्ष और तेज किया जाएगा। इस धरने में पूर्व जिप सदस्य आशा कुमारी, बसपा प्रखंड अध्यक्ष सूरजमल राम, सोनू जायसवाल, गोविंद राम, बिरजू मेहता, अशोक मेहता, धनंजय मेहता, कृत राम, जगन सिंह, ज्योति कुमारी, अजय राम, बिट्टू कुमार, अजीत राम और रमन राम सहित सैकड़ों महिलाएं और पुरुष शामिल हुए।

### हाड़ी जाति विकास मंच धनबाद का भव्य शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**धनबाद।** धनबाद के भूली स्थित शांति वाटिका में हाड़ी जाति विकास मंच धनबाद जिला कमिटी के नवगठित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में हाड़ी जाति विकास मंच के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अनूप लाल हाड़ी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रद्धासुमन अर्पित करने और बाबा साहब के मानचित्र पर माल्यार्पण करने के साथ हुआ। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान, धनबाद जिला कमिटी द्वारा सभी अतिथियों को अंगवस्त्र, माला और बुके से सम्मानित किया गया। बोकारो जिले से आई महिला समिति को भी सम्मानित किया गया। इस आयोजन में धनबाद जिला की प्रमुख हस्तियों और अन्य जिलों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष डब्लू हाड़ी सहित अन्य पदाधिकारियों जैसे कार्यकारिणी अध्यक्ष सुभाष हाड़ी, सचिव बच्चन हरि, कोषाध्यक्ष मानिक हाड़ी, संगठन मंत्री राजू हरि, प्रवक्ता राजू हाड़ी को पदभार सौंपा गया। इसके साथ ही चार प्रमुख पदाधिकारियों को प्रदेश स्तर पर नियुक्त किया गया, जिसमें प्रकाश हाड़ी को प्रदेश युवा सचिव, सुनील हाड़ी को प्रदेश सह सचिव, कालो हाड़ी को प्रदेश संगठन सचिव, और हीरालाल को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया। इस आयोजन में कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिनमें नगीना हरि, बिरजू राम, गोपाल राम, और अन्य प्रमुख लोग शामिल थे।

### धनबाद में प्राकृतिक चिकित्सा उपचार शिविर का समापन समारोह आयोजित



**धनबाद।** धनबाद के पुराना बाजार स्थित शंभू धर्मशाला में पवित्रम सेवा परिवार द्वारा आयोजित 6 दिवसीय पूर्ण आवासीय प्राकृतिक चिकित्सा उपचार शिविर का शानदार समापन हुआ। इस शिविर का उद्घाटन 7 जनवरी को धनबाद के लोकप्रिय सांसद ढुल्लु महतो द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया था। शिविर का समापन 12 जनवरी को विधायक राज सिन्हा के हाथों हुआ। इस कार्यक्रम में धनबाद के समाजसेवी और कई प्रमुख लोग उपस्थित थे। यह शिविर न केवल धनबाद शहर से बल्कि हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार और अन्य राज्यों से भी भाग लेने के लिए आए थे। शिविर का उद्देश्य था आहार और जीवनशैली में सुधार करके प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से साध्य और असाध्य रोगों का इलाज करना। इस कार्यक्रम के दौरान, पवित्रम सेवा परिवार ने निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं बीपी और शुगर जांच की व्यवस्था की थी। इस शिविर के माध्यम से पर्यावरण, आरोग्य और जैविक खेती के प्रति जागरूकता फैलाई गई। पवित्रम सेवा परिवार पिछले कई वर्षों से गोवंश की सेवा, जैविक खेती, गौत्पादों का निःशुल्क प्रशिक्षण और शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। भविष्य में ऐसे शिविर अन्य शहरों में आयोजित करने की योजना बनाई जा रही है।

# भाजपा ने खनवा ग्राम में सदस्यता अभियान के माध्यम से संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है और ऐसे में भाजपा का संगठन और भी मजबूत बनाना बेहद जरूरी है**



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भाजपा ग्रामीण मंडल मेदिनीनगर द्वारा शनिवार को खनवा ग्राम में सदस्यता अभियान के तहत एक विशाल कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। यह कार्यक्रम भाजपा के ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष अजय सिंह की अध्यक्षता में हुआ और कार्यक्रम का संचालन नरेन्द्र मेहता ने किया। इस कार्यक्रम में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिन्होंने पार्टी के सदस्यता अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला और लोगों से भाजपा से जुड़ने का आह्वान किया। सांसद ने कहा कि भाजपा का संगठन राष्ट्र निर्माण के लिए काम करता है और यह सुनिश्चित करने के लिए कि देश का भविष्य उज्जवल हो, हमें पार्टी के विचारों और कार्यों से जुड़ने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है और ऐसे में भाजपा का संगठन और भी मजबूत बनाना बेहद जरूरी है। सांसद ने कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ों लोगों को 8800002024 पर मिस कॉल करके पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलवाई और बताया कि भाजपा का सदस्य बनकर लोग न केवल अपने व्यक्तिगत जीवन में बदलाव ला सकते हैं, बल्कि राष्ट्र की प्रगति में भी योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम में भाजपा के जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, वरिष्ठ नेता अजय तिवारी, वैद्यनाथ तिवारी, अभिमन्यु तिवारी, ज्योति पांडेय, मंडल अध्यक्ष अजय सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार पांडेय, ईश्वरी पांडेय, संटू सिंह, छोटू सिन्हा, भोला पांडेय, मुखिया प्रभा देवी, शिवव कुमार मिश्रा, अमर मिश्रा, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, कौशल झा समेत भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ऊंची उड़ान क्विज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया



संवाददाता

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत क्षेत्र के डेमा गांव स्थित विद्यालय में रविवार को एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 5 जनवरी को आयोजित ऊंची उड़ान क्विज प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से लेकर कक्षा 10 तक के छात्रों ने भाग लिया और विभिन्न विषयों पर अपनी ज्ञान क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों के आत्मविश्वास में भी वृद्धि देखने को मिली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कई प्रतिष्ठित लोग शामिल हुए और विद्यार्थियों की सराहना की। प्रधानाध्यापक नागेंद्र पाण्डेय ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के मनोबल को बढ़ाती हैं और उनकी पढ़ाई के प्रति रुचि को भी प्रोत्साहित करती हैं। सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में कक्षा 6 से लेकर कक्षा 10 तक के छात्र-छात्राएं शामिल थे। कार्यक्रम में सभी उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों की हिम्मत और मेहनत की सराहना की और उन्हें आगे भी इसी तरह अपनी क्षमताओं का विकास करने के लिए प्रेरित किया।

## क्षेत्रीय विधायक नरेश सिंह ने चेगोना धाम उच्च विद्यालय का किया औचक निरीक्षण



संवाददाता

**नावा बाजार।** विश्रामपुर विधानसभा के क्षेत्रीय विधायक नरेश सिंह ने शनिवार की शाम नावा बाजार प्रखंड स्थित चेगोना धाम उच्च विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। विधायक ने इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद रजक से विद्यालय की शैक्षिक स्थिति, अध्यापकों की उपस्थिति और छात्रों की पढ़ाई की जानकारी ली। विधायक नरेश सिंह ने कहा कि शिक्षा ही किसी भी क्षेत्र की प्रगति का आधार है, और उन्होंने विद्यालय में सुधार के लिए अपनी पूरी सहायता देने का आश्वासन दिया। रिटायर सब इंस्पेक्टर अरुण कुमार सिन्हा ने विद्यालय की स्थिति के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं की कमी है और इनका सुधार जल्द से जल्द किया जाना चाहिए। इस निरीक्षण के दौरान विद्यालय के अन्य शिक्षक और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। विधायक ने उनकी समस्याओं को सुना और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

## कार और बाइक की भयंकर टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से हुए घायल



संवाददाता

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के कौआखोह गांव के पास फोरलेन सड़क पर एक बेहद भयंकर सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक तेज रफ्तार कार और बाइक की टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब बाइक सवार युवक हरिहरगंज की ओर आ रहे थे और एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। दुर्घटना में घायल हुए युवकों की पहचान 30 वर्षीय बनवारी उरांव और 27 वर्षीय अर्जुन मेहता के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि यह हादसा उस समय हुआ जब छतरपुर की ओर से आ रही कार ने बाइक को टक्कर मारी। इस हादसे में दोनों युवक बुरी तरह से घायल हो गए और उन्हें तत्काल अस्पताल भेजा गया। घायलों को एनएचएआई एम्बुलेंस की सहायता से प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों घायलों को गंभीर हालत में बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। बनवारी उरांव की हालत को देखते हुए उसे नाजुक बताया गया है। बताया गया कि घायल युवक रजवार गांव में एक ईंट भट्ठे पर काम करते थे। इस घटना के बाद पुलिस निरीक्षक चंदन कुमार और उनकी टीम घटनास्थल पर पहुंची और कार को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने हादसे की जांच के बाद दोषी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन का वन भोज और मिलन समारोह आयोजित

**पत्रकारों ने संघर्ष का संकल्प लिया**



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा पलामू जिले के प्रसिद्ध अमानत नदी के तट पर वन भोज और मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव सियाशरण वर्मा, प्रदेश सचिव संजय सिंह, उमेश और अन्य पत्रकारों ने भाग लिया और पत्रकारों की समस्याओं और उनके अधिकारों के मुद्दे पर बातचीत की।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पत्रकारों को एकजुट करना और उनके हितों के लिए संघर्ष को मजबूत बनाना था। इस अवसर पर सियाशरण वर्मा ने कहा कि ने हमेशा पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा के लिए काम किया है और संगठन सरकार से पत्रकार सुरक्षा कानून और पेंशन की व्यवस्था करने के लिए बातचीत कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक पत्रकार एकजुट नहीं होंगे, तब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो सकेगा। उन्होंने सभी पत्रकारों से आग्रह किया कि वे मिलकर संगठन को मजबूत करें और अपने अधिकारों की लड़ाई को तेज करें। इस कार्यक्रम में बैडमिंटन टूर्नामेंट का भी आयोजन किया गया, जिसमें जिलेभर के पत्रकारों ने उत्साह से भाग लिया। पत्रकारों ने इस कार्यक्रम को एक बेहतरीन पहल बताया और संगठन के कामों की सराहना की।

## अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ को हरिहरगंज में धूमधाम से मनाया गया



संवाददाता

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के महावीर मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघके कार्यकताओं द्वारा अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ को बड़े हर्ष और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस ऐतिहासिक और पवित्र अवसर पर हरिहरगंज नगरवासियों ने नगर के सभी प्रमुख मंदिरों को दीपों से सजाया और वातावरण को भक्तिमय बना दिया। समूचे नगर में इस दिन को लेकर उत्साह और खुशी का माहौल था, जहां लोग अपने घरों और मंदिरों को रोशन करने के साथ-साथ राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के पहले वर्ष को याद करते हुए पूजा-अर्चना में व्यस्त थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकताओं ने इस अवसर को विशेष रूप से महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह दिन भारतीय संस्कृति, धर्म और राष्ट्र के निर्माण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हुआ है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी मोहन ठाकुर, जानू चौधरी, चुलबुल गुप्ता, विजय प्रजापति, रवि कुमार, रिशु गुप्ता, राजेश शौदीक, सौरभ पाठक, अजय सिंह, सिकंदर सोनी, श्रीनिवास, हर्ष, रिशु कुमार समेत कई अन्य लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने इस आयोजन को और भी खास बना दिया। इसके साथ ही, बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं ने भी इस धार्मिक आयोजन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और इस दिन को यादगार बनाने के लिए भव्य रूप से जश्न मनाया।

**खेल** पलामू कप टूर्नामेंट युवाओं की प्रतिभा निखारने का बेहतरीन मंच

# ऋषभ को 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला

**अभिमन्यु सिंह और दीपक तिवारी की प्रमुख उपस्थित**



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा युवा मोर्चा द्वारा जीएलए कॉलेज मैदान में आयोजित पलामू कप टूर्नामेंट में आज दो रोमांचक और दिलचस्प मैच खेले गए, जिनमें खेलों के प्रति युवा खिलाड़ियों का उत्साह और जोश साफ दिखाई दिया। इस टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य पलामू क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को अपनी खेल क्षमता को प्रदर्शित करने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान करना था। पहला मैच आर्यन डीसीसीऔर साउल टेकर के बीच खेला गया। इस मैच में आर्यन डीसीसी की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और उनके गेंदबाज ऋषभ ने अपनी गेंदबाजी से सबका ध्यान आकर्षित किया। ऋषभ को उनकी बेहतरीन गेंदबाजी के लिए 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार दिया गया। इस टूर्नामेंट की अध्यक्षता झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता सन्नी शुक्ला ने की और संचालन का कार्य सचिव आशुतोष विनायक ने किया। इस अवसर पर समाजसेवी अभिमन्यु सिंह और इंडियन रोटी बैंक के फाउंडर दीपक तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। दोनों अतिथियों ने खिलाड़ियों से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया और उन्हें प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। समाजसेवी अभिमन्यु सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पलामू कप टूर्नामेंट न केवल एक खेल प्रतियोगिता है, बल्कि यह युवाओं को अपनी प्रतिभा को पहचानने और विकसित करने का एक मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट युवाओं के बीच आत्मविश्वास और प्रेरणा को बढ़ाता है। युवा मोर्चा इस दिशा में शानदार कार्य कर रहा है, और मुझे पूरा विश्वास है कि पलामू क्षेत्र में खेलों का भविष्य उज्जवल है। दीपक तिवारी ने भी अपनी बात रखते हुए कहा कि झारखंड सरकार खेलों के विकास के लिए बहुत सक्रिय है और पलामू क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कई योजनाएं बनाई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है, जिससे उनकी मानसिक और शारीरिक क्षमता दोनों का विकास होता है।

## भाकपा माले सिन्दरी बलियापुर की कार्यकर्ता बैठक सम्पन्न



संवाददाता

**सिंदरी।** भाकपा माले सिन्दरी बलियापुर के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक पूर्व विधायक कॉ० आनन्द महतो के आवासीय कार्यालय बड़ादाहा में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता पोलित ब्यूरो सदस्य और पूर्व विधायक कॉ० आनन्द महतो ने की, जबकि संचालन का कार्य जिला सह सचिव कॉ० कार्तिक प्रसाद ने किया। बैठक में पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा जोहार झारखंड संकल्प अभियान के तहत पंचायत स्तर पर पदयात्रा आयोजित कर सदस्यता और नवीकरण कार्य करने का निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी तय किया गया कि 16 जनवरी को कॉ० महेंद्र सिंह का शहादत दिवस मनाया जाएगा और 19 जनवरी को सिंदरी बलियापुर के कैडर कन्वेशन का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में कई प्रमुख कार्यकर्ता और नेता उपस्थित थे, जिनमें आनन्दमयी पाल, सुधीर महतो, किशन चंद्र दाँ, अविनाश महतो, कृष्णा प्रसाद महतो और अन्य प्रमुख लोग शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### भारत-ऑस्ट्रेलिया नहीं, जिम्बाब्वे ने बनाया टी20 का सबसे बड़ा स्कोर



**नई दिल्ली।** क्रिकेट में चौकों-छक्के लगना आम है और स्टेडियम में मौजूद लोग भी यही चाहते हैं, अगर किसी 20 ओवर के मैच में 57 बाउंड्री लग जाएं तो यह कमाल ही है। ऐसा कमाल हुआ भी है जब जिम्बाब्वे के बल्लेबाज ने टी20 मैच में 27 छक्के और 30 चौके लगाए। जिम्बाब्वे ने कई रिकॉर्ड भी तोड़ दिए और उसने 4 विकेट पर 344 रन बनाए थे, जो टी20 इंटरनेशनल मैचों में सबसे बड़े स्कोर का विश्व रिकॉर्ड है। यह कारनामा जिम्बाब्वे ने केन्या की राजधानी नैरोबी में पिछले साल 23 अक्टूबर को किया था और इसका शिकार बना था गाम्बिया। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप सब रीजनल अफ्रीका क्वालिफायर के इस मुकाबले में जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी की। ओपनर ब्रायन बेनेट (50) और टी मरुमानी (62) ने 98 रन बहुत ही तेज गति से बनाए, लेकिन असली तूफान तब आया जब जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा मैदान पर उतरे। सिकंदर रजा ने इस मैच में महज 33 गेंदों में शतक लगा दिया। यह टी20 इंटरनेशनल मैचों में दूसरा सबसे तेज शतक था। उन्होंने 43 गेंद में 133 रन की पारी खेली, जिसमें 15 छक्के और 7 चौके लगाए थे। जिम्बाब्वे के इस रिकॉर्ड खेल में क्लाइव मंडाडे ने भी 17 गेंद में 53 रन बनाए थे।

### गेंदबाजी एक्शन के दूसरे परीक्षण में भी विफल हुए शाकिब



**ढाका।** गेंदबाजी करने के लिए निलंबित शाकिब अल हसन का गेंदबाजी एक्शन दूसरे परीक्षण में भी विफल रहा हैं। बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड ने कहा है कि उनका अंतरराष्ट्रीय और घरेलू मैचों में गेंदबाजी का निलंबन जारी रहेगा। शाकिब के गेंदबाजी एक्शन पर नई जांच पिछले महीने चेन्नई के रामचंद्र खेल विज्ञान केंद्र में की गयी थी। बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा लॉफबॉरो यूनिवर्सिटी की जांच के बाद शाकिब पर लगाया निलंबन जारी रहेगा। निलंबन की समाप्ति के लिए फिर से सफल जांच की आवश्यकता होगी। शाकिब गेंदबाजी करने के योग्य नहीं हैं लेकिन वह एक बल्लेबाज के रूप में सभी प्रारूप खेल सकते हैं। इंग्लैंड में सितंबर में काउंटी मैच के दौरान शाकिब के गेंदबाजी एक्शन को संदिग्ध पाये जाने बाद पिछले वर्ष दिसंबर में शाकिब को यूके की लॉफबॉरो यूनिवर्सिटी द्वारा गेंदबाजी एक्शन की जांच में विफल पाया गया था।

### करुण और ध्रुव के नाबाद शतक से विदर्भ सेमीफाइनल में

**बड़ौदा।** यश ठाकुर (चार विकेट) के बाद करुण नायर (नाबाद 122) और ध्रुव शौरी (118) की आतिशी बल्लेबाजी की बदौलत विदर्भ ने रविवार को विजय हजारे ट्रॉफी के दूसरे क्वार्टरफाइनल में 39 गेंदे शेष रहते राजस्थान को नौ विकेट से हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं। राजस्थान के 292 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी विदर्भ के लिए सलामी बल्लेबाज ध्रुव शौरी और यश राठौड़ की जोड़ी ने शानदार शुरूआत करते हुए पहले विकेट के लिए 92 रन जोड़े। 19वें ओवर में अजय सिंह ने यश राठौड़ को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान करुण नायर ने ध्रुव शौरी के पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बनाये।

### खेल मंत्री गौरव गौतम ने दी बास्केटबॉल की विजेता टीमों को बधाई

**चंडीगढ़।** हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने रविवार को ऑल इंडिया बास्केटबॉल सिविल सर्विसेज प्रतियोगिता की हरियाणा की महिला व पुरुषों की विजेता टीमों को बधाई दी है। विजेता टीमों के खिलाड़ी आज श्री गौतम से उनके चंडीगढ़ निवास पर मिले। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की खेल नीति का खिलाड़ियों को पूरा लाभ मिल रहा है। हमारे खिलाड़ी राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ा रहे हैं।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए न्यूजीलैंड टीम का ऐलान

**न्यूजीलैंड के ग्रुप स्टेज के मैच :-**

19 फरवरी - पाकिस्तान बनाम न्यूजीलैंड, कराची
24 फरवरी - बांग्लादेश बनाम न्यूजीलैंड, रावलपिंडी
2 मार्च - भारत बनाम न्यूजीलैंड, दुबई



**नई दिल्ली। एजेंसी**

अगले महीने 19 फरवरी से शुरू हो रही आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए न्यूजीलैंड टीम का ऐलान हो गया है। न्यूजीलैंड ने रविवार सुबह 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। बाएं हाथ के स्पिनर मिचेल सेंटनर टीम की कप्तानी करते नजर आएंगे। कप्तान के रूप में सेंटनर के लिए यह पहला बड़ा आईसीसी टूर्नामेंट होगा। 15 सदस्यीय टीम में विल ओ'रुरके, बेन सियर्स और नाथन स्मिथ की तेज गेंदबाजी तिकड़ी शामिल हैं। तीनों अपना पहला सीनियर आईसीसी टूर्नामेंट खेलेंगे। मैट हेनरी और लॉकी फर्ग्यूसन तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करेंगे। वरिष्ठ खिलाड़ी केन विलियमसन और टॉम लैथम टीम को अनुभव प्रदान करेंगे।

अन्य बल्लेबाजों में विल यंग, डेवोन कॉनवे, मार्क चैपमैन और डेरिल मिशेल टीम में शामिल हैं। कीवी टीम ने एशियाई पिचों को ध्यान में रखते हुए स्पिन खिलाड़ियों को टीम में जगह दी है। इसमें कप्तान सेंटनर मुख्य स्पिन विकल्प हैं। साथ ही स्पिन ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स और माइकल ब्रेसवेल और रचिन रवींद्र भी मौजूद हैं।

न्यूजीलैंड टीम के हेड कोच गैरी स्टीड ने टूर्नामेंट के लिए चुने गए 15 खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आईसीसी टूर्नामेंट हमारे खेल के शिखर का प्रतिनिधित्व करते हैं और उनमें अपने देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना जाना बहुत बड़ा सम्मान है। उन्होंने कहा कि हमारे पास इस समय कई गुणवत्ता वाले खिलाड़ी हैं और इससे चयन संबंधी चचाएं निश्चित रूप से चुनौतीपूर्ण रहीं।

लेकिन अंततः हमने उस टीम को चुना है जो हमें पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में अपेक्षित परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए सर्वश्रेष्ठ विकल्प प्रदान करेंगे।

**न्यूजीलैंड टीम :** मिचेल सेंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, केन विलियमसन, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, टॉम लैथम, डेरिल मिचेल, विल ओ'रुरके, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, बेन सियर्स, नाथन स्मिथ, विल यंग।

## आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 15 सदस्यीय बांग्लादेश टीम का ऐलान

**नई दिल्ली। एजेंसी**

अगले महीने 19 फरवरी से शुरू हो रही आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए रविवार को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने अपनी टीम की घोषणा कर दी है। टीम की कमान नजमुल हुसैन शांतो को सौंपी गई है। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए घोषित 15 सदस्यीय टीम में प्रमुख अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को शामिल नहीं किया गया है। उनके अलावा खराब फार्म से जूझ रहे लिटन दास को भी स्क्वाड से बाहर कर दिया गया है। वरिष्ठ खिलाड़ियों में विकेटकीपर बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम और ऑलराउंडर महमूदुल्लाह जगह बनाने में कामयाब रहे हैं।

**चैंपियंस ट्रॉफी के लिए बांग्लादेश की टीम**

**स्क्वाड :** नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), सौम्य सरकार, तंजीद हसन, तौहीद हृदोय, मुशफिकुर रहीम, महमूदुल्लाह, जाकिर अली, मेंहदी हसन मिराज, रिशाद हुसैन, तस्कीन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, परवेज हुसैन, नसीम अहमद, तंजीम हसन साकिब, नाहिद राणा।

**बांग्लादेश के ग्रुप स्टेज के मैच :-**

20 फरवरी - बांग्लादेश बनाम भारत, दुबई
24 फरवरी - बांग्लादेश बनाम न्यूजीलैंड, रावलपिंडी
27 फरवरी - पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश, रावलपिंडी

## नेशनल चैंपियनशिप में अरुण ने जीते दो स्वर्ण, बनाया रिकॉर्ड

**सोनीपत। एजेंसी**

रांची में आयोजित 68वीं नेशनल स्कूल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सोनीपत के गांव रायपुर के अरुण ने शानदार प्रदर्शन कर दो स्वर्ण पदक जीते हैं। अंडर-19 वर्ग में उन्होंने 3000 मीटर दौड़ 8 मिनट 09 सेकेंड 25 माइक्रोसेकेंड में पूरी कर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले यह रिकॉर्ड 8 मिनट 16 सेकेंड का था। अरुण ने 6000 मीटर क्रॉस कंट्री रेस में 17 मिनट 37 सेकेंड 19 मिली सेकेंड में दौड़ पूरी कर दूसरा स्वर्ण पदक जीता। दिसंबर 2024 में 39वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उन्होंने 10000 मीटर दौड़ में 29 मिनट 43 सेकेंड 48 मिलीसेकेंड का समय निकालते हुए कांस्य पदक हासिल किया था। गांव लौटने पर अरुण और उनके कोच संदीप का



ग्रामीणों ने शनिवार देर शाम भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष जसबीर दोदुआ और प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के पुत्र वीरेंद्र बड़ौली ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। नेताओं ने अरुण की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि वह पूरे समाज का गौरव हैं। साथ ही, उनके माता-पिता और कोच संदीप के मार्गदर्शन की प्रशंसा की। इस मौके पर पार्षद मुनीमराम ठोलेदार, पूर्व सरपंच चांदरूप, हरनारायण, रमेश खत्री, वेदप्रकाश, रणधीर, जयभगवान प्रजापति, राजेश फौजी और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## गुजरात को दो विकेट से हराकर हरियाणा सेमीफाइनल में

**वड़ोदरा। एजेंसी**

अनुज ठकराल और निशांत सिंधु (तीन-तीन विकेट) के बाद हिमांशु राणा (66) और पार्थ वत्स (38) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत हरियाणा ने रविवार को विजय हजारे ट्रॉफी के पहले क्वार्टरफानइल में गुजरात को दो विकेट से हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। गुजरात को 196 रनों पर समेटने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी हरियाणा की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने तूफानी बल्लेबाजी कर रहे अर्श रांगा (25) का चौथे ही ओवर में विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान अंकित कुमार ने पारी का संभालने का प्रयास किया। 17वें ओवर में प्रियजीत सिंह जाडेजा ने अंकित कुमार (20) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद 28वें ओवर में रवि



बिश्नोई ने हिमांशु राणा को आउट कर पवेलियन भेज दिया। हिमांशु राणा ने 89 गेंदों में (66) रनों की जूझारू पारी खेली। पार्थ वत्स 50 गेंदों में (38) रन बना कर आउट हुये। निशांत सिंधु (12) बनाकर आउट हुये। इसके बाद गुजरात के गेंदबाजों ने वापसी करते 19 रन के अंतराल पर हरियाणा के लगातार चार विकेट झटक लिये। अनुज ठकराल के आउट होने के बाद बल्लेबाज करने आये अंशुल काम्बोज ने संभलकर खेलते हुए दिनेश बाना साथ 44वें ओवर में आठ विकेट पर 201 का स्कोर खड़ा अपनी टीम को दो विकेट से जीत दिला दी।

गुजरात के लिए रवि बिश्नोई ने चार विकेट लिये। अरजान नागवासवाला को दो विकेट मिले। प्रियजीत सिंह जाडेजा और विशाल जायसवाल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां हरियाणा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात के लिए आर्य देसाई और उर्विल पटेल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 45 रन जोड़े। आर्य देसाई (23) और उर्विल पटेल (23) रन बनाकर आउट हुये। हेमांग पटेल ने टीम के लिए सर्वाधिक (54)रनों की पारी खेली। चिंतन गजा (32), सौरव चौहान (23) और रवि बिश्नोई (12) रन बनाकर आउट हुये। हरियाणा के गेंबदाजी आक्रमण के आगे गुजरात के बल्लेबाज अधिक देर तक पिच पर नहीं टिक सके और अंतराल पर अपने विकेट गवांते चले गये। हरियाणा के गेंदबाजों ने गुजरात की पूरी टीम को 45.2 ओवर में 196 के स्कोर पर समेट दिया। हरियाणा के लिए अनुज ठकराल और निशांत सिंधु ने तीन-तीन विकेट लिये। अंशुल काम्बोज को दो विकेट मिले। पार्थ वत्स ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने इंग्लैंड को चार विकेट से हराया

**सिडनी। एजेंसी**

एश्ली गार्डनर (तीन विकेट/नाबाद 42) के हरफनमौला प्रदर्शन और कप्तान अलीसा हीली (70) रनों की शानदार पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने रविवार को पहले एकदिवसीय मुकाबले में इंग्लैंड को चार विकेट से हरा दिया है। इंग्लैंड 204 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में फीबी लिचफील्ड (चार) का विकेट गवां दिया। उन्हें लॉरेन फाइलर ने आउट किया। इसके बाद नौवें ओवर में लॉरेन बेल ने एलिस पेरी (14) को पगबाधा आउट कर ऑस्ट्रेलिया को दूसरा झटका दिया। बेथ मूनी (28) को सोफी



एकल्सटन ने आउट किया। ऐनाबेल सदरलैंड (10) बनाकर आउट हुई 32वें ओवर में शार्लेट डीन ने एक छोर थामे खड़ी कप्तान अलीसा हीली बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। हीली ने 78 गेंदों में 11 चौके लगाते हुए (70) रनों की पारी खेली।

इसके बाद छठे विकेट के रूप में तालिया मैकग्रा (दो) रन बनाकर आउट हुई। एश्ली गार्डनर ने 44 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 42) रन बनाये। अलाना किंग (11) रन बनाकर नाबाद रही। ऑस्ट्रेलिया ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 38.5 ओवर में छह विकेट पर 206 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया। इंग्लैंड की ओर से लॉरेन फाइलर और सोफी एकल्सटन ने दो-दो विकेट लिये। लॉरेन बेल और शार्लेट डीन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

आज यहां इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर में मैया बाउचियर (नौ) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी कप्तान हीथर नाइट ने टैमी बोमॉन्ट के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 50 रनों की साझेदारी हुई। सदरलैंड ने टैमी बोमॉन्ट (13) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़।

नेट साइबर ब्रंट (19), हीथर नाइट (39), डेनियल वायट (38), ऐमी जोंस (31) सोफी एकल्सटन (18) रन बनाकर आउट हुई। ऑस्ट्रेलिया गेंदबाजी आक्रमण के आगे इंग्लैंड की पूरी टीम 43.1 ओवर में 204 के स्कोर पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से एश्ली गार्डनर ने तीन विकेट लिये। किम गार्थ, ऐनाबेल सदरलैंड और अलाना किंग को दो-दो विकेट मिले। डर्सी ब्राउन ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



## साप्ताहिक शेयर समीक्षा में 2 हफ्ते से जारी तेजी पर ब्रेक, निवेशकों को करीब 20 लाख करोड़ की चपत

**नई दिल्ली। एजेंसी**

शुक्रवार 10 जनवरी को खत्म हुए कारोबारी सप्ताह के दौरान घरेलू शेयर बाजार साप्ताहिक आधार पर दो महीने की सबसे बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। इसके साथ ही इसके पहले के दो सप्ताह से जारी तेजी के सिलसिले पर भी ब्रेक लग गया। जानकारों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली, अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती करने को लेकर बनी अनिश्चितता, रुपये की कमजोरी और निगेटिव ग्लोबल सेंटीमेंट्स के कारण पिछले सप्ताह घरेलू शेयर बाजार बड़ी गिरावट का शिकार हुआ। शुक्रवार को खत्म हुए कारोबारी सप्ताह के दौरान बीएसई का सेंसेक्स 1,844.20 अंक यानी 2.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ



77,378.91 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एनएसई के निफ्टी ने 573.25 अंक यानी 2.38 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 23,431.50 अंक के स्तर पर पिछले सप्ताह के कारोबार का अंत किया।

सेक्टोरल फ्रंट पर देखें तो बीएसई का आईटी इंडेक्स 1 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, बीएसई का पावर इंडेक्स 9 प्रतिशत की साप्ताहिक कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह रियल्टी इंडेक्स पूरे सप्ताह के कारोबार के बाद 7 प्रतिशत से अधिक टूट गया। इसके अलावा पीएसयू इंडेक्स 6.98 प्रतिशत, कैपिटल गुड्स इंडेक्स 5.3 प्रतिशत और मेटल इंडेक्स 5 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। घरेलू शेयर बाजार के निवेशकों की संपत्ति में करीब 20 लाख करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन पिछले सप्ताह के कारोबार के बाद घट कर 429.79 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि इसके पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 449.78 लाख करोड़ रुपये था। निवेशकों को सोमवार से शुक्रवार के कारोबार से करीब 19.99 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

पूरे सप्ताह के कारोबार के बाद बीएसई का लार्ज कैप इंडेक्स 3.2 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इस इंडेक्स में शामिल जेएसडब्ल्यू एनर्जी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, इन्फो एज इंडिया, आरईसी, इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉरपोरेशन, जोमैटो, पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन, आईडीबीआई बैंक, श्रीराम फाइनेंस और द टाटा पावर कंपनी के शेयरों में 10 से लेकर 16 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई।

### टॉप 10 में शामिल 5 कंपनियों के मार्केट कैप में 1.85 लाख करोड़ की गिरावट

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में सोमवार से शुक्रवार के कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से 5 के मार्केट कैप में बढ़ोतरी हुई, वहीं 5 के मार्केट कैप में गिरावट आ गई। फायदे में रहने वाली 5 कंपनियों के मार्केट कैप में कुल मिलाकर 1,02,645.48 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। वहीं नुकसान में रहने वाली 5 कंपनियों के मार्केट कैप में कुल मिलाकर 1,85,952.31 करोड़ रुपये की गिरावट आ गई। इसमें सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक को हुआ। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) सबसे अधिक फायदे में रही। इस सप्ताह के कारोबार में आईटी सेक्टर में आई तेज के कारण एचसीएल टेक्नोलॉजी मार्केट कैप के लिहाज से टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों की सूची में जगह बनाने में सफल रही, जबकि भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) इस सूची से बाहर हो गई। इस सप्ताह के कारोबार के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) और आईटीसी के मार्केट कैप में गिरावट आ गई।

### सर्राफा बाजार में सोने के भाव में तेजी जारी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी का रुख है। इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 79,800 रुपये से लेकर 79,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 73,150 रुपये से लेकर 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है, जिसकी वजह से दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु भी 93,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 79,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,150 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 79,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## जनवरी में बिकवाल की भूमिका में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक

**नई दिल्ली। एजेंसी**

घरेलू शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) जनवरी के महीने में अभी तक लगातार नेट सेलर (शुद्ध बिकवाल) की भूमिका निभा रहे हैं। इस साल 1 जनवरी से लेकर 10 जनवरी के कारोबार में विदेशी निवेशक भारतीय स्टॉक मार्केट से 22,194 करोड़ रुपये की निकासी कर चुके हैं। इसमें सिर्फ पिछले सप्ताह ही यानी 6 से 10 जनवरी के बीच विदेशी निवेशकों ने 16,854.25 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के प्रोविजनल डेटा के मुताबिक जनवरी के महीने में सिर्फ 2 जनवरी को विदेशी निवेशकों ने बिकवाली की तुलना में लिवाली अधिक की थी। इसके अलावा जनवरी के हर कारोबारी दिन के दौरान विदेशी निवेशकों ने लगातार



बिकवाली का ही दबाव बनाया है। जानकारों का मानना है कि तीसरी तिमाही के दौरान कंपनियों के नतीजे में कमजोरी आने की आशंका, डॉलर इंडेक्स की मजबूती, डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता संभालने के बाद टैरिफ वॉर में तेजी आने का डर और निगेटिव ग्लोबल सेंटीमेंट्स के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक जनवरी में लगातार बिकवाली का दबाव बनाए हुए हैं। इसके पहले अक्टूबर और नवंबर में भी विदेशी निवेशकों ने घरेलू शेयर बाजार में रिकॉर्ड तोड़ बिकवाली की थी।

## संक्षिप्त खबरें

### लाहौल-स्पीति और कुल्लू में ताजा बर्फबारी

**कुल्लू।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति और कुल्लू घाटी में रविवार सुबह ताजा बर्फबारी हुई है। लाहौल-स्पीति के गोंधला और आसपास के क्षेत्रों में बर्फबारी दर्ज की गई जबकि अटल टनल रोहतांग के उत्तरी और दक्षिणी छोर पर भी हल्की बर्फबारी हुई है। लाहौल-स्पीति के केलांग में 1 इंच, अटल टनल के पास 2 इंच, और मनाली-एटीआर मार्ग पर 4 इंच बर्फ की मोटी चादर बिछी हुई है। बर्फबारी के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई है और पुलिस प्रशासन ने एहतियातन दिशा-निर्देश जारी किए।

### आग लगने से वृद्धा की जलकर हुई मौत

**कानपुर।** महाराजपुर थाना क्षेत्र के डोमनपुर गांव में एक छप्पर के बने घर में रहने वाली वृद्धा की संदिग्ध परिस्थितियों में जिंदा जलकर मौत हो गई। घटना के समय वृद्धा घर में अकेली थी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की हड़ताल में जुट गई। महाराजपुर के डॉक्टर फॉर्म मजरा डोमनपुर गांव की रहने वाली 65 वर्षीय फूलकुमारी अपने बेटे और पति के साथ रहती थी। शनिवार देर रात अलाव जलाते समय अचानक छप्पर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया, जिससे उनकी जिंदा जलकर मौत हो गई। घटना के समय उनके पति गोवर्धन निषाद रिश्तेदार के घर गए हुए थे।

### युवक ने गंगा में लगाई छलांग, मौत

**वाराणसी।** रीवाघाट पर एक युवक तेज गति से दौड़ते हुए आया और उसी स्पीड से गंगा में आत्महत्या की नीयत से छलांग लगा दी। रविवार को भेलूपुर पुलिस ने एनडीआरएफ की मदद से गंगा से युवक का शव बाहर निकलवाया। मृत युवक की शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। क्षेत्रीय लोगों के अनुसार शनिवार की देर रात सर्द मौसम में पुराने अस्सीघाट की तरफ से रीवाघाट पर लगभग 25 वर्षीय एक युवक तेज गति से दौड़ते हुए पहुंचा और घाट के उपरी सीढ़ी से ही गंगा में छलांग लगा दी।

### पुलिस ने चलाया धरपकड़ अभियान

**फिरोजाबाद।** जनपद पुलिस ने शनिवार की रात में पांच घंटे अभियान चलाकर 72 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त विभिन्न मुकदमों में वांछित हैं और फरार चल रहे थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा वारंटियों एनबीडब्ल्यू व एसआर केसों में वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध शनिवार की रात 12.00 बजे से सुबह 05.00 बजे तक अभियान चलाया। इस अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा कुल 72 एनबीडब्ल्यू वारंटी वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

### एमएसएमई की योजनाओं का लाभ प्रत्येक उद्यमी तक पहुंचाने का कार्य जारी : राकेश सचान



**लखनऊ।** लघु उद्योग भारती के उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के क्षेत्रीय सम्मेलन में एमएसएमई, कपड़ा मंत्री राकेश सचान ने कहा कि एमएसएमई की योजनाओं का लाभ प्रत्येक उद्यमी तक पहुंचाने का कार्य कराया जा रहा है। प्रदेश सरकार उद्यमी हित में कई योजनाएं चला रही है और जिससे प्रति वर्ष कई उद्यमियों को लाभ पहुंचा भी है। रविवार को गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में लघु उद्योग भारती की ओर से क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कहा कि पावरलूम उद्योग से जुड़ी समस्याओं की जानकारी लघु उद्योग भारती की तरफ से दी गयी है। पावरलूम उद्योग से जुड़े उद्यमियों के बिजली बिल बकाया संबंधित विषयों की जानकारी कर निस्तारण कराएंगे। मंत्री राकेश सचान ने कहा कि एमएसएमई की योजना से हस्तशिल्प कौशल विकास प्रशिक्षण, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, अन्य पिछड़ा वर्ग प्रशिक्षण योजना, विपणन प्रोत्साहन योजना सहित तमाम योजनाएं चल रही है।

### पुलिस ने 5 ड्रग तस्करों को किया गिरफ्तार

**बारामुला।** समाज से नशीली दवाओं के खतरे को खत्म करने के अपने प्रयासों को जारी रखते हुए पुलिस ने बारामूला में पांच ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से प्रतिबंधित पदार्थ बरामद किए हैं। थाना चंदूसा के पुलिस दल ने थाना चंदूसा में स्थापित एक चेकपॉइंट पर एसएचओ पीएस चंदूसा के नेतृत्व में एक व्यक्ति को रोका। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 56 ग्राम प्रतिबंधित चरस जैसा पदार्थ बरामद किया गया। बाद में उसकी पहचान डुडबुघ निवासी स्वर्गीय जीएच मोहम्मद के पुत्र मोहम्मद शाबान मरय के रूप में हुई। बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### होमगार्ड जवान की करंट लगने से मौत

**शिमला।** राजधानी शिमला के न्यू शिमला थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में विजिलेंस विभाग में तैनात 50 वर्षीय होमगार्ड जवान रविंदर की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। सरकारी क्वार्टर में शनिवार की शाम को घटी जब वह ड्यूटी से बाहर थे। रविंदर कुमारसेन जिला शिमला के निवासी थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार घटना के समय रविंदर अपने क्वार्टर में अकेले थे। कमरे में एक हीटर रखा था जिसे वह खाना बनाने के लिए इस्तेमाल करते थे।

# युवा अपनी साहस और आत्मविश्वास से समाज के विकास में दें योगदान : अरुण

- विभिन्न गतिविधियां और सामाजिक उत्थान के कार्य अनुकरणीय है
- परिश्रम ही अच्छा जीवन प्राप्त करने का साधन है
- युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार हरसंभव सहयोग कर रही है



**रायपुर/नारायणपुर। एजेंसी**

उप मुख्यमंत्री अरुण साव आज रविवार को नारायणपुर में रामकृष्ण मिशन आश्रम में आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार हरसंभव सहयोग कर रही है। युवाओं की अच्छी शिक्षा के लिए नारायणपुर जिले के अंदरूनी क्षेत्रों में स्वामी विवेकानंद रामकृष्ण मिशन आश्रम संचालित किए जा रहे हैं, जहां शिक्षा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और समाज के उत्थान के कार्य हो रहे हैं। वन मंत्री केदार कश्यप और रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी व्याप्तानंद जी महाराज भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री साव ने कार्यक्रम में कहा कि रामकृष्ण मिशन आश्रम द्वारा क्षेत्र में संचालित की जा रहीं विभिन्न गतिविधियां और सामाजिक उत्थान के कार्य अनुकरणीय है। बच्चों को शिक्षा के साथ आत्मनिर्भर बनाने कलात्मक दृष्टि से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बच्चों और युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि असफलता से कभी निराश होने की जरूरत नहीं है। युवाओं को सकारात्मक ऊर्जा, साहस और आत्मविश्वास के साथ भयमुक्त होकर आगे बढ़ना चाहिए।

वन मंत्री केदार कश्यप ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि युवा स्वामी विवेकानंद के जीवन का अनुसरण कर अपने जीवन को सफल बनाएं। मनुष्य के दिल में देश और मातृभूमि के प्रति हमेशा सम्मान की भावना होनी चाहिए। परिश्रम ही अच्छा जीवन प्राप्त करने का साधन है। उन्होंने भगवान बिरसा मुण्डा और स्वतंत्रता सेनानियों का जिक्र करते हुए उनके बताए मार्गों पर चलकर समाज को आगे बढ़ाने का आग्रह किया।

रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी व्याप्तानंद जी महाराज ने कार्यक्रम में कहा कि आज पूरा देश युवाओं के साथ खड़ा है। नारायणपुर में रामकृष्ण मिशन 1984 से काम कर रहा है। अबूझमाड़ के लोगों के बेहतर स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए इस आश्रम की स्थापना हुई है। यहां के बच्चे आश्रम में पढ़ाई कर सफल होकर समाज में अमूल्य योगदान दे रहे हैं। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## आज के छात्र ही कल के नागरिक, स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित हों युवा : रमेन

**रायपुर। एजेंसी**

राष्ट्रीय युवा दिवस पर नई दिल्ली के रामकृष्ण मिशन में आयोजित विशेष कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका ने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायक विचारों से सीखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि, स्वामी विवेकानंद ने अपने विचारों और कार्यों से भारतीय युवाओं को राष्ट्र निर्माण की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया है। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद के विचारों को साझा करते हुए उन्होंने कहा आज के युवा आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ सकते हैं। स्वामीजी ने कहा था, 'दुनिया को चरित्र की आवश्यकता है। वह चरित्र जो प्रेम और निःस्वार्थता से परिपूर्ण हो। ऐसा प्रेम हर शब्द को बिजली की तरह प्रभावी बना देता है।' राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद द्वारा युवाओं के लिए दिए गए आह्वान का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कहा था, एक लाख पुरुष और महिलाएँ, जो पवित्रता, साहस और सेवा की भावना से परिपूर्ण हों, देश के कोने-कोने में



जाकर समाजोन्नति और समानता का संदेश फैलाएं। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद के शिकागो धर्म संसद में दिए गए ऐतिहासिक भाषण की भी चर्चा की, जिसने पूरी दुनिया को भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता की शक्ति का एहसास कराया।

डेका ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा भारत एक युवा राष्ट्र है और इसे सही दिशा में ले जाने के लिए युवाओं की ऊर्जा को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों से प्रेरित करना आवश्यक है। उनकी शिक्षाएं हमें न केवल व्यक्तिगत विकास के लिए प्रेरित करती हैं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति हमारी जिम्मेदारी का बोध भी कराती हैं। कार्यक्रम में भारत के अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणि, सांसद बांसुरी स्वराज आदि कई लाग उपस्थित रहे।

## हिंदुओं के खिलाफ हमलों को राजनीतिक बताकर यूनुस सरकार ने पल्ला झाड़ा

**ढाका। एजेंसी**

बांग्लादेश में लगातार हिंसा और कट्टरपंथी बर्बरता का सामना कर रहे हिंदू सहित दूसरे अल्पसंख्यक समुदाय को लेकर मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का पूर्वाग्रह भरा रवैया सामने आया है। ऐसे हमलों को रोकने में अपनी विफलता पर पर्दा डालते हुए बांग्लादेश सरकार ने अल्पसंख्यकों के खिलाफ हुए ज्यादातर हमलों को राजनीतिक करार दिया है। सरकार का कहना है कि हिंसा की कुछेक घटनाएं ही सांप्रदायिक थीं।

5 अगस्त को शेख हसीना सरकार के पतन के बाद से लगातार हिंदू आबादी के खिलाफ कट्टरपंथियों की हिंसक मुहिम को लेकर दुनिया भर में आलोचना का सामना कर रही बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने दावा किया है कि हिंसा की कुछ घटनाएं ही



सांप्रदायिक थीं, जबकि ज्यादातर मामले राजनीतिक थे।बांग्लादेश ट्रिब्यून के मुताबिक शनिवार को बांग्लादेश सरकार ने पुलिस जांच रिपोर्ट का हवाला देते हुए दावा किया कि 4 अगस्त के बाद से हिंदुओं समेत अल्पसंख्यकों पर हमले और बर्बरता की अधिकांश घटनाएं राजनीतिक थी और कुछ ही घटनाएं सांप्रदायिक थीं।

पुलिस ने सांप्रदायिक हिंसा की शिकायतें सीधे प्राप्त करने और अल्पसंख्यक समुदाय के साथ संपर्क बनाए रखने के लिए व्हाट्सएप नंबर जारी किया है। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस की प्रेस विंग की तरफ से जारी बयान में बताया गया है कि पुलिस ने यह जांच बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद के इस दावे के बाद की कि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के 5 अगस्त को देश छोड़कर चले जाने से इस साल 8 जनवरी तक सांप्रदायिक हिंसा की 2,010 घटनाएं दर्ज की जा चुकी हैं।

## दिव्यांगजनों की शक्तियों से साक्षात्कार का अद्भुत आयोजन ब्लाइंडकार रैली : मंगुभाई

**भोपाल। एजेंसी**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि ब्लाइंड चैलेंज कार रैली का आयोजन अद्भुत प्रसंग है। कार रैली में दिव्यांग नेवीगेटर, अपनी दिव्य शक्तियों से वाहन चालक को रास्ता बताकर मंज़िल तक पहुंचाएंगे। दिव्यांग जनों की शक्तियों से समाज का साक्षात्कार कराएंगे। राज्यपाल पटेल रविवार को आरुषि संस्था की 20 वीं ब्लाइंड चैलेंज कार रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शुभारंभ कार्यक्रम में भारत माता की जय और वंदे मातरम के जय घोष से रैली में ऊर्जा का संचार करते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। राज्यपाल ने डी.बी. मॉल परिसर में आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम में कार रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया।

राज्यपाल पटेल ने कहा कि दिव्यांगजनों के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए आरुषि



संस्था के प्रयास सराहनीय है। राज्यपाल पटेल का संस्था की बालिका स्तुति दोशी ने पौधा भेंट कर स्वागत किया। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के डायरेक्टर डॉ. अमिताभ पाण्डे ने शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनन्दन किया। बालिका स्नेहा ने भी अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम में आरूषि संस्था के डायरेक्टर अनिल मुदगल, उद्योगपति एवं समाजसेवी दिलीप सूर्यवंशी, कार रैली के दिव्यांग नेविगेटर, वाहन चालक, अन्य प्रतिभागी और उनके परिजन उपस्थितथे।

### पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश घायल, गिरफ्तार

**लखनऊ।** क्राइम ब्रांच (डीसीपी वेस्ट) व थाना पारा की संयुक्त पुलिस टीम ने नहर तिराहे पर चेकिंग के दौरान मोहान की तरफ से शातिर बदमाशों का गैंग आ रहा है। ये गैंग प्रदेश के विभिन्न जिलों में लूट, हत्या,जहर खुरानी एवं अपहरण जैसे गंभीर अपराध करते हैं। इस सूचना पर तत्काल टीमों ने आगरा एक्सप्रेस-वे के जीरो पॉइंट के निकट मौदा मोड़ के पास चेकिंग शुरू की तो एक स्विफ्ट डिजायर कार में आ रहे तीन व्यक्ति संदिग्ध रूप से दिखाई दिए जिनको रोकने पर उनके द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें दो बदमाश मौके पर गोली लगने से घायल हो गए। एक बदमाश गाड़ी से निकलकर अंधेरे का लाभ उठाकर खेतों की तरफ भाग गया। बदमाशों की पहचान आजमगढ़ निवासी अजय और कमलेश के रूप में हुई है। इनके कब्जे से एक-एक तमंचा मय 315 बोर एवं जिंदा व खोखा कारतूस भी बरामद हुआ। बदमाश ने नवाबगंज गोंडा में कार्यरत प्रधानाचार्य के पद पर तैनात कृष्ण कुमार सिंह के अपहरण एवं नशीली पदार्थ देकर उनसे पैसा लूटने के मामले दर्ज मुकदमे में वांछित चल रहे थे।

## ओली के अध्यादेशों को लेकर सत्तारूढ़ गठबंधन में दरार

**काठमांडू। एजेंसी**

प्रधानमंत्री केपी ओली का संसद की बैठक न बुलाकर एक के बाद एक अध्यादेश से शासन चलाने को लेकर सत्तारूढ़ गठबंधन में विरोध शुरू हो गया है। ओली सरकार को समर्थन करने वाली पार्टी नेपाली कांग्रेस के ही कई नेताओं ने एक साथ कई अध्यादेश लाने के सरकार के कदम का विरोध किया है।

सरकार का विरोध करने वालों में पार्टी अध्यक्ष शेरबहादुर देउवा के निकट माने जाने वाले नेता ही शामिल हैं। देउवा के निकट माने जाने वाले पूर्व विदेश मंत्री एनपी साउद ने ओली के लगातार अध्यादेश लाने के फैसले से गठबंधन की नींव में ही दरार आने की बात कही है। नेपालगंज में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में सांसद एनपी साउद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र



और संसदीय व्यवस्था में विश्वास करने वाली पार्टी है।

लेकिन जिस तरह से प्रधानमंत्री ओली संसदीय व्यवस्था को किनारे रखते हुए लगातार अध्यादेश के मार्फत शासन कर रहे हैं, उससे गठबंधन को लेकर पुनर्विचार करने का समय आ गया है। इसी तरह देउवा के निकट एक अन्य सांसद और पार्टी के वरिष्ठ नेता अर्जुन नरसिंह केसी ने कहा कि एमाले पार्टी और प्रधानमंत्री ओली गठबंधन धर्म के विपरीत शासन चलाने में मनमानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से संसद में लाए जाने वाले विधेयक को अध्यादेश के द्वारा लाया जा रहा है। इसके पीछे इनकी नियत सही नहीं है।

### पेशावर हाई कोर्ट ने 100 अफगान संगीतकारों के निर्वासन पर लगाई रोक

**पेशावर।** पेशावर हाई कोर्ट ने पाकिस्तान में राजनीतिक शरण चाहने वाले 100 से अधिक अफगान संगीतकारों के जबरन निर्वासन पर रोक लगा दी है। साथ ही कोर्ट ने संघीय सरकार को उनके मामलों पर दो महीने के अंदर फैसला करने का निर्देश भी दिया है। पेशावर हाई कोर्ट की दो सदस्यीय पीठ ने पूरी दलीलें सुनने के बाद मामले का निपटारा करते हुए सुरक्षा एजेंसियों को दो महीने के दौरान उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति वकार अहमद की अध्यक्षता वाली पीठ ने हशमतुल्ला द्वारा दायर याचिका की सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया। जिसने तर्क दिया कि वे अफगानिस्तान के थे, लेकिन तालिबान सरकार की स्थापना के बाद पाकिस्तान चले गए क्योंकि उनका जीवन खतरे में था। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि वे पहले ही अपनी आजीविका खो चुके हैं और पाकिस्तान में, उन्हें और अधिक उत्पीड़न और जबरन निर्वासन की धमकियों का सामना करना पड़ा।

## ऊर्जा का उद्गम और युवा ऊर्जा का प्रवाह है सूर्य नमस्कार : राकेश सिंह

**भोपाल। एजेंसी**

स्वामी विवेकानंद की जयंती 'युवा दिवस' पर रविवार को लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के मुख्य आतिथ्य में जबलपुर में पंडित लज्जा शंकर झा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मॉडल स्कूल में आयोजित सामूहिक सूर्य नमस्कार के जिला स्तरीय कार्यक्रम में लगभग एक हजार छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। लोक निर्माण मंत्री सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के व्यक्तित्व से कोई भी अनभिज्ञ नहीं है। उनका नाम सुनकर हृदय में श्रद्धा भाव की उत्पत्ति होती है। स्वामी विवेकानंद



जी युवाओं के आइकन हैं पर उन्हें सिर्फ आइकन के रूप में ही नहीं बल्कि कैरेक्टर के रूप में आत्मसात करने की आवश्यकता है। मंत्री सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी हमेशा कहा करते थे कि युवाओं को आगे बढ़ना है, ऊंचाइयों पर जाना है तो चरित्र निर्माण के साथ आगे बढ़ना होगा। युवा चरित्र और संस्कार से पूर्ण होंगे तो देश का भविष्य उज्ज्वल होगा। लोक निर्माण मंत्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्वगुरु के रूप में स्थापित होने की दिशा में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में भारत के युवाओं को ऊर्जावान, चरित्र संपन्न एवं एकजुट होकर भारत माता के लिए सर्वश्रेष्ठ योगदान देने की आवश्यकता है। मंत्री सिंह ने कहा कि सूर्य नमस्कार का अर्थ ऊर्जा का उद्गम है और युवाओं का अर्थ ऊर्जा का प्रवाह। इन दोनों के संगम से भारत अधिक ऊर्जावान होकर आगे बढ़ेगा। मंत्री सिंह ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव निरंतर प्रयासरत हैं।

**अध्यात्मिक** युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत आचार्य कैलाशानंद महाराज का जीवन संघर्ष


## मां के दिए संस्कारों ने आध्यात्मिक परंपरा के शिखर तक पहुंचाया : कैलाशानंद

**महाकुंभनगर। एजेंसी**

आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद महाराज का जीवन संघर्ष और दृढ़ संकल्प की एक अद्भुत मिसाल है। एक साधारण पृष्ठभूमि से शुरू हुआ उनका अध्यात्मिक सफर आज लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है। अपने शुरूआती जीवन में, उन्होंने न केवल आर्थिक तंगी का सामना किया बल्कि समाज और परिस्थितियों के अनेक उतार-चढ़ाव झेले। आचार्य कैलाशानंद से रमेश मिश्र ने उनकी आध्यात्मिक यात्रा के संबंध में बातचीत की। प्रस्तुत है साक्षात्कार के अंश। कैलाशानंद महाराज ने बताया कि मां के दिए संस्कारों और संतों की सेवा ने मुझे

- कई प्रकार के अभावों का सामना करना पड़ा, लेकिन साधुओं की संगति ने आगे बढ़ने का हौसला दिया
- साधुओं और संतों की संगत में रहकर हमने शास्त्रों का गहन अध्ययन किया

आध्यात्मिक परंपरा के शिखर तक पहुंचाया। मैं बचपन से ही पूजा-पाठ में रुचि रखता था, जो मेरी मां के दिए गए संस्कार हैं। साधुओं और संतों की संगत में रहकर हमने शास्त्रों का गहन अध्ययन किया । इस दौरान उन्हें कई प्रकार के अभावों का सामना करना पड़ा, लेकिन साधुओं की संगति ने आगे बढ़ने का हौसला दिया।



**साधारण परिवार में हुआ जन्म**

कैलाशानंद का जन्म एक साधारण परिवार में हुआ। बचपन से ही आध्यात्मिकता की ओर उनका झुकाव था, लेकिन उनके पास जीवन की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए भी संसाधन नहीं थे। कभी-कभी तो उनके पास खाने तक के पैसे नहीं होते थे, लेकिन उन्होंने अपने मन और आत्मा को कमजोर नहीं होने दिया। उन्होंने ठान लिया कि वे अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर कठिनाई का सामना करेंगे। अध्यात्मिक यात्रा का प्रारंभ अग्नि अखाड़े से हुआ। उन्होंने इस यात्रा में एक ऐसा मार्ग अपनाया, जो संघर्ष, समर्पण और सेवा से परिपूर्ण था। अग्नि अखाड़ा, जो कि सनातन परंपराओं और वैदिक संस्कृति का प्रतीक है, वहां कैलाशानंद ने सबसे छोटे पद से शुरूआत की। यह यात्रा उनकी सादगी और कर्मठता की मिसाल है।

कैलाशानंद ने अखाड़े में कोठारी, भंडारी और यहां तक कि रसोइए का दायित्व भी संभाला। उन्होंने कहा कि मैं छह वर्षों तक अग्नि अखाड़े का रसोइया रहा। दाल और चावल बनाना मेरा कार्य था। इसके बाद मैंने कोठारी का काम किया और तीन वर्षों तक अग्नि अखाड़े का कोतवाल रहा। इन वर्षों में मैंने अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाया।

उनकी यह सेवा और समर्पण सिर्फ बाहरी कार्यों तक सीमित नहीं रही। उन्होंने पूजा-अर्चना, नियमों और परंपराओं का पालन करते हुए अपने अराध्य के प्रति अपनी आस्था को अटूट बनाए रखा। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने अपनी पूजा और भजन का त्याग नहीं किया। लहसुन-प्याज जैसे खाद्य पदार्थों से परहेज करते हुए, उन्होंने अपनी आध्यात्मिक शुद्धता को बरकरार रखा। 14 फरवरी 2013 को तीर्थराज प्रयाग में गंगा मैया की अनुकंपा से कैलाशानंद को अग्नि अखाड़े का अध्यक्ष बनाए जाने का प्रस्ताव मिला। यह उनके लिए सम्मान की बात थी, लेकिन उन्होंने विनम्रता से इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। उनका झुकाव पूजा-पाठ और भजन में अधिक था। वे अपनी आध्यात्मिक साधना और भक्ति के मार्ग पर अडिग रहना चाहते थे। उन्होंने कहा अध्यक्ष की जिम्मेदारी बड़ी होती है। मैं बचपन से ही पूजा-पाठ में रुचि रखता था, जो मेरी मां के दिए गए संस्कार हैं। इस तरह उन्होंने अखाड़े के प्रति अपनी सेवा भावना को बनाए रखा।

## आईआईटी रुड़की और उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय का हुआ ऐतिहासिक समझौता

**हरिद्वार। एजेंसी**

संस्कृत भाषा के उन्नयन एवं प्रचार प्रसार में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) की भूमिका और उसके प्रयोग को लेकर उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय तथा आईआईटी रुड़की के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं। आईआईटी रुड़की में दीपक कुमार, सचिव संस्कृत शिक्षा की अध्यक्षता में आईआईटी रुड़की के प्रोफेसरों ,संस्कृत शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों की बैठक आहूत की गई। लिए गए निर्णयानुसार उत्तराखंड 'संस्कृत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अक के उपयोग' के सम्बन्ध में विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाएगी। आईआईटी परिसर में स्थापित होने वाली शोधपीठ में आईआईटी रुड़की तथा उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एवं उत्तराखंड संस्कृत अकादमी के प्रतिनिधि संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। प्रथम चरण में प्रदेश के विभिन्न संस्थाओं के पुस्तकालय में संस्कृत के उपलब्ध ग्रंथों की जानकारी एकत्रित कर उन्हें डिजिटल रूप दिया जाएगा। इस प्रक्रिया से अक हेतु संस्कृत का एक वृहद शब्दकोश तैयार होगा। संस्कृत के बाद भविष्य में संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता प्राप्त समस्त भाषाओं को इस परियोजना में समाहित कर संस्कृत के ग्रंथों को अक से जोड़कर उनका अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाएगा।

